CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

बरेली, रविवार 21 सितम्बर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 297 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 28 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सरकार की नीयत साफ हो, तो योजनाएं अपना रास्ता बना लेती हैं: योगी पेज 2



भारत को पाकिस्तान के 'पलटवार' से सतर्क रहना होगा खेल टाइम्स



सऊदी अरब को परमाणु हथियार देगा पाकिस्तान: रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ पेज 11



शाहरुख खान की 'किंग' पर सबकी नजर बॉलीवुड


## टैरिफ के नशे में चूर ट्रम्प को चढ़ा नया फितूर

# H-1B वीजा के लिए 88 लाख रुपये वसूलेगा अमेरिका, यात्री जहाज से उतरे

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका अब** एच-1बी वीजा के लिए हर साल एक लाख डॉलर (करीब 88 लाख रुपये) एप्लिकेशन फीस वसूलेगा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इस ऑर्डर पर साइन किए। नए चार्ज 21 सितम्बर से लागू होंगे। एच-1बी वीजा के लिए पहले औसतन 5 लाख रुपये लगते थे। यह 3 साल के लिए मान्य होता था। इसे 3 साल के लिए रिन्यू किया जा सकता था।

अब अमेरिका में एच-1बी वीजा के लिए 6 साल में 5.28 करोड़ लगेंगे, यानी खर्च करीब 50 गुना से ज्यादा बढ़ जाएगा। अमेरिकी सरकार हर साल लॉटरी से 85,000 एच-1बी वीजा जारी करती है, जिनका इस्तेमाल ज्यादातर तकनीकी नौकरियों में होता है। सबसे ज्यादा भारतीय (72 फीसदी) इसका इस्तेमाल करते हैं। अब वीजा फीस बढ़ने से 3 लाख से ज्यादा भारतीयों पर इसका सीधा असर पड़ेगा। ट्रम्प ने 19 सितम्बर को एच-1बी वीजा को लेकर नियमों में बदलाव से जुड़े ऑर्डर पर साइन किए। ट्रम्प ने एच-1बी में बदलाव के अलावा 3 नए तरह के वीजा कार्ड भी लॉन्च किए हैं। ट्रम्प गोल्ड कार्ड, ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड और कॉर्पोरेट गोल्ड कार्ड जैसी सुविधाएं भी शुरू की गई हैं। ट्रम्प गोल्ड कार्ड (8.8 करोड़ कीमत) व्यक्ति को अमेरिका में अनलिमिटेड रेसीडेंसी (हमेशा रहने) का अधिकार देगा। एच-1बी वीजा एक नॉन-इमिग्रेंट वीजा है। यह वीजा लॉटरी के जरिये दिए जाते रहे हैं, क्योंकि हर साल कई सारे लोग इसके लिए आवेदन करते हैं। यह वीजा स्पेशल टेक्निकल स्किल जैसे आईटी, आर्किटेक्चर -**शेष पृष्ठ दो पर**




**छह साल का खर्च 50 गुना बढ़ा, तीन लाख भारतीयों पर असर, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में ऑर्डर पर किए हस्ताक्षर**

**2023 में एच-1बी वीजा लेने वालों में से 1,91,000 लोग भारतीय थे, ये आंकड़ा 2024 में बढ़कर 2,07,000 हो गया**

### एच-1बी वीजा की फीस बढ़ने के बाद भारतीय यात्रियों में मचा हड़कंप

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एच-1बी वीजा की फीस बढ़ा दी है। इससे देश लौट रहे भारतीय यात्रियों में हड़कंप मच गया है। सैन फ्रांसिस्को से भारत आ रही फ्लाइट में कई भारतीय यात्रियों ने बैठने के बाद ही विमान से उतरने की मांग कर दी। इसके अलावा दुबई से अमेरिका जा रही फ्लाइट में बैठे कई यात्री भी एयरपोर्ट पर ही उतर गए। उन्हें डर था कि वे समय पर अमेरिका नहीं पहुंच पाएंगे और नए नियम लागू होने के बाद दोबारा एंट्री मुश्किल होगी। अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट और जेपी मार्गन जैसी कंपनियों ने भी अपने कर्मचारियों को अमेरिका से बाहर न जाने की सलाह दी है। वहीं, छुट्टियों या त्योहारों के लिए भारत आए कई भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स अब फंस गए हैं। ट्रम्प के ऐलान के तुरंत बाद भारत-अमेरिका फ्लाइट का किराया दोगुना हो गया। दिल्ली से न्यूयॉर्क के लिए एकतरफा टिकट जो 37 हजार रुपये में मिल रहा था, वह 70-80 हजार रुपये तक पहुंच गया।

### लुढ़के अमेरिका में सूचीबद्ध भारतीय आईटी कंपनियों के शेयर

**नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा एच-1बी वीजा की फीस में बेतहाशा बढ़ोतरी सेअमेरिका में भारतीय आईटी और बैंकिंग कंपनियों के शेयर गिर गए। अउस समय तक भारत में शेयर बाजार बंद हो चुके थे, लेकिन अमेरिका में भारतीय आईटी और बैंकिंग कंपनियों पर उसका असर देखा गया। नैसडेक में सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों कॉग्निजेंट का शेयर 4.73 प्रतिशत लुढ़क गया। इंफोसिस में 3.41 प्रतिशत और विप्रो में 2.10 प्रतिशत की गिरावट रही। सिफी टेक्नोलॉजीज का शेयर 0.17 प्रतिशत टूट गया। एचडीएफसी बैंक का शेयर 0.48 फीसद और आईसीआईसीआई बैंक का 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ।

## विकसित भारत में वर्तमान न्यायिक व्यवस्था बड़ी बाधा

शाह टाइम्स ब्यूरो



**पीएम के एडवाइजर बोले- माई लॉर्ड शब्द अंग्रेजों ने दिया, इसे बदलना चाहिए, कोर्ट में महीनों तक छुट्टी गलत**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री की इकोनॉमिक एडवाइजर काउंसिल (ईएसी) के सदस्य संजीव सान्याल ने शनिवार को कहा कि विकसित भारत के लिए हमारा ज्यूडिशियल सिस्टम सबसे बड़ी बाधा है। कई कानून ऐसे हैं, जो समस्या को आसान की बजाय जटिल बना देते हैं।

कोर्ट में माई लॉर्ड जैसे शब्दों से भी आपत्ति है, जो अंग्रेजों के जमाने के हैं। इन्हें बदलना चाहिए। इसके साथ ही सान्याल ने अदालतों में महीनों तक छुट्टी होने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका भी राज्य के किसी भी अन्य हिस्से की तरह एक सार्वजनिक सेवा है। क्या आप पुलिस विभाग या अस्पतालों को महीनों तक बंद रख सकते हैं। संजीव सान्याल ने ये बातें दिल्ली में भारतीय महाधिवक्ता के सम्मेलन में कहीं। इस सम्मेलन का विषय 2047 में विकसित भारत के लिए भारत के कानूनी आधार की पुनर्कल्पना था। सान्याल ने आगे कहा कि भारत की सबसे बड़ी दिक्कत कानून और न्याय को समय पर लागू न कर पाना है। हमारे देश में समझौते और न्याय समय पर पूरे नहीं होते। इस वजह से भले ही हम सड़कों, इमारतों या शहरों पर बहुत पैसा खर्च करें, असली विकास रुक जाता है। उन्होंने एक 99-1 समस्या का जिक्र किया। असल में सिर्फ 1 फीसदी लोग नियमों का गलत इस्तेमाल करते हैं, लेकिन क्योंकि हमें भरोसा नहीं है कि अदालतें ऐसे मामलों को जल्दी सुलझा देंगी, तो सरकार सारे नियम ऐसे बनाती है कि उस 1 फीसदी को भी रोका जा सके। नतीजा ये होता है कि बाकी 99 फीसदी ईमानदार लोग भी उन जटिल नियमों में फंस जाते हैं। सान्याल ने कहा कि मुकदमा दायर करने से पहले अनिवार्य मध्यस्थता का नियम सही सोच के साथ लाया गया था, लेकिन असल में उल्टा असर कर गया।

### वोट चोरी कर सत्ता में आए मोदी हमारे पास पक्के सबूत: राहुल गांधी

**वायनाड (केरल)।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को फिर से वोट चोरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनके पास एक हाइड्रोजन बम सबूत है, जो पूरी सच्चाई को सामने लाएगा और साबित करेगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वोट चोरी कर सत्ता हासिल की। उन्होंने वायनाड में कहा कि हम एक हाइड्रोजन बम लाने जा रहे हैं, जो स्थिति को पूरी तरह तहस-नहस कर देगा। हम जो कह रहे हैं, उसके हमारे पास स्पष्ट प्रमाण हैं। मैं बिना सबूत के कुछ नहीं कह रहा हूं।

### सिंगर जुबीन की मौत मामले में ऑर्गेनाइजर व मैनेजर पर FIR

**गुवाहाटी।** सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के आर्गेनाइजर श्यामकानु महंत और सिंगर के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा के खिलाफ असम के मोरीगांव पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। दोनों पर आरोप है कि जुबीन को इवेंट के बहाने विदेश ले जाया गया, लेकिन असली मकसद उनकी हत्या करना था। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को कहा कि सरकार जुबीन की मौत की जांच कराएगी। राज्य भर में कई एफआईआर दर्ज की गई हैं। इसलिए डीजीपी हरमीत सिंह को निर्देश दिया है कि सभी एफआईआर मिलाकर एक केस दर्ज करें और जांच सीआईडी को सौंपी जाए।

### बर्खास्त IAS पूजा खेडकर का फैमिली बॉडीगार्ड अरेस्ट

**पुणे।** बर्खास्त आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के परिवार के बॉडीगार्ड प्रफुल सालुंखे को नवी मुंबई पुलिस ने धुले से गिरफ्तार किया है। पूजा के पिता दिलीप और मां मनोरमा फरार हैं। इन तीनों पर एक ट्रक हेल्पर के अपहरण और मारपीट करने का आरोप है। इससे पहले 15 सितम्बर को जब पुलिस हेल्पर के अपहरण मामले में खेडकर के घर पहुंची थी, तो मनोरमा खेडकर ने पुलिस से बदसलूकी की और उन पर कुत्ता छोड़ दिया था। हालांकि, पुलिस ने हेल्पर को छुड़ा लिया था। इस दौरान दिलीप व मनोरमा ने अगले दिन थाने आने का वादा किया था, लेकिन दोनों एसयूवी समेत फरार हो गए थे। पुलिस ने मनोरमा पर सरकारी काम में बाधा डालने, सबूत नष्ट करने और आरोपी को बचाने का मामला दर्ज किया है।

### दिल्ली के कई स्कूलों को फिर बम की धमकी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार सुबह फिर एक बार फिर कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। धमकी सुबह करीब साढ़े नौ बजे फोन कॉल्स और संदेशों के माध्यम से मिली, जिसके तुरंत बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि धमकी पाने वाले स्कूलों में डीपीएस द्वारका, कृष्णा मॉडल पब्लिक स्कूल, सर्वोदय विद्यालय और सर्वोदय को-एड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कुतुब मीनार (महरौली) शामिल हैं।

## एच-1बी वीजा: राहुल व खड़गे ने मोदी को बताया कमजोर पीएम

**कहा: मोदी एक बार फिर अमेरिका के सामने कमजोर प्रधानमंत्री साबित हुए**

**नई दिल्ली।** पार्टी के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता ने श्री मोदी को फिर कमजोर प्रधानमंत्री बताया और कहा कि मैं दोहराता हूं, भारत के पास एक कमजोर प्रधानमंत्री है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने मोदी को कमजोर प्रधानमंत्री कहने वाले श्री गांधी के पांच जुलाई 2017 के ट्वीट का हवाला देते हुए कहा कि आठ साल बाद राहुल गांधी एक बार फिर सही साबित हुए हैं। उन्होंने 2017 में भी यही कहा था और कुछ नहीं बदला। भारत अभी भी एक कमज़ोर प्रधानमंत्री के साथ फंसा हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अमेरिका के एच-1-बी1 वीजा शुल्क में भारी वृद्धि करने के निर्णय को भारतीयों के लिए निराशाजनक बताते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक बार फिर अमेरिका के सामने कमजोर प्रधानमंत्री साबित हुए हैं। श्री खड़गे ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री जी जन्मदिन की फोन पर मिली बधाई के बाद आपको मिले रिटर्न गिफ्ट्स से देश के लोग दुखी हैं। ट्रम्प सरकार की ओर से आपके 'अबकी बार, ट्रम्प सरकार' जन्मदिन का रिटर्न गिफ्ट है, एच-1बी वीज़ा पर एक लाख डॉलर का वार्षिक शुल्क का सबसे ज्यादा असर भारतीय तकनीकी कर्मियों पर है, क्योंकि 70 प्रतिशत एच-1बी वीजा धारक भारतीय हैं।

### गैर न्यायिक ट्रिब्यूनल सदस्य नहीं पारित करते सरकार के खिलाफ आदेश: गवई

**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई ने न्यायाधिकरणों (ट्रिब्यूनल) के गैर न्यायिक सदस्यों को लेकर अहम टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि न्यायाधिकरणों के कुछ गैर-न्यायिक सदस्य सरकार के खिलाफ आदेश पारित करने से बचते हैं। इसमें से अधिकतर गैर न्यायिक सदस्य पूर्व नौकरशाह होते हैं। उनको इस पर विचार करना चाहिए। नई दिल्ली में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण 2025 के 10वें अखिल भारतीय सम्मेलन सीजेआई बीआर गवई ने ट्रिब्यूनल और न्याय प्रणाली से जुड़े मुद्दों को लेकर बात की। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह की मौजूदगी में हुए आयोजन में सीजेआई गवई ने कहा कि प्रशासनिक न्यायाधिकरण न्यायालयों से अलग हैं।

## चिप हो या शिप, हमें बनाने होंगे: पीएम मोदी



**कहा: इसी सोच के साथ आज भारत समुद्री क्षेत्र में भी नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म करने जा रहा है**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को गुजरात के भावनगर पहुंचे। यहां पीएम मोदी ने समुद्र से समृद्धि कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया और 34,200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके बाद पीएम मोदी ने एक जनसभा को संबोधित किया।

पीएम मोदी ने कहा कि ये कार्यक्रम तो भावनगर में हो रहा है, लेकिन ये कार्यक्रम पूरे हिंदुस्तान का है। पूरे भारत में समुद्र से समृद्धि से जाने की ओर हमारी दिशा क्या है, उसके लिए शनिवार को इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का केंद्र भावनगर को चुना गया है। गुजरात और भावनगर के लोगों को बहुत-बहुत बधाई। 17 सितम्बर को आप सबने अपने नरेन्द्र भाई को जो शुभकामनाएं भेजी हैं, देश और दुनिया से जो मुझे शुभकामनाएं मिली हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत आज विश्वबंधु की भावना से आगे बढ़ रहा है। दुनिया में हमारा कोई बड़ा दुश्मन नहीं है।

### उधमपुर में मुठभेड़, एक जवान शहीद, एसपीओ समेत दो पुलिसकर्मी घायल

**उधमपुर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में घायल हुआ जवान शनिवार सुबह शहीद हो गया। वहीं एसपीओ समेत दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। मुठभेड़ दूदू-बसंतगढ़ और डोडा के भद्रवाह में सोजधार के जंगलों में हो रही है। शुक्रवार रात करीब 8 बजे सेना की व्हाइट नाइट कॉर्प्स, जम्मू-कश्मीर पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की संयुक्त टीम ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान वहां छिपे जैश के 2-3 आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग कर दी। मुठभेड़ वाले इलाके में रातभर कड़ी घेराबंदी कर शनिवार सुबह फिर से सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। उधमपुर और डोडा दोनों तरफ से हवाई निगरानी के लिए ड्रोन, हेलीकॉप्टर और जमीन पर खोजी कुत्तों से लैस फोर्स आतंकियों की तलाश कर रही है।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फक्कीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
• आंखे पथराना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना
• मुंह से झाग निकलना
• मुंह एक तरफ हो जाना
• जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• मुट्ठियां कसना
• गर्दन टेढ़ी पड़ना
• अचानक झटका-सा लगना
• घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना

अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट
जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## इतिहास के पन्नों में दर्ज हो जाएगा MIG-21

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मिग-21 फाइटर जेट 26 सितम्बर को रिटायर हो जाएगा**

**62 साल पहले एयरफोर्स में शामिल हुआ था मिग-21, 3 जंग में शामिल रहा, अब तक 400 क्रैश**



**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना की रीढ़ कहे जाने वाला मिग-21 एयरक्राफ्ट 26 सितम्बर को रिटायर हो जाएगा। 62 साल की सर्विस के दौरान इसने 1971 युद्ध, कारगिल और कई मिशनों में अहम भूमिका निभाई। अब इसकी जगह तेजस एलसीए एमके1ए को शामिल किया जाएगा।

चंडीगढ़ एयरबेस में फाइटर जेट को विदाई दी जाएगी। इसके बाद विमान की सेवाएं आधिकारिक तौर पर खत्म हो जाएंगी। मिग-21 जेट 1963 में पहली बार भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया था। यह भारत का पहला सुपरसोनिक जेट था यानी ये आवाज की गति (332 मीटर प्रति सेकेंड) से तेज उड़ सकता है। फाइटर जेट की आखिरी 2 स्क्वाड्रन (36 मिग.21) राजस्थान के बीकानेर में नाल एयरबेस पर तैनात है। इन्हें नंबर 3 स्क्वाड्रन कोबरा और नंबर 23 स्क्वाड्रन पैंथर्स के नाम से जाना जाता है। मिग-21 जेट ने 1965 के भारत-पाक युद्ध, 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम और 1999 के कारगिल युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अब इसकी जगह तेजस एमके1ए फाइटर एयरक्राफ्ट लेंगे। रक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 400 से ज्यादा मिग-21 विमान क्रैश हुए हैं। इसमें 200 से ज्यादा पायलट मारे गए गए हैं। इसी वजह से फाइटर प्लेन को 'उड़ता ताबूत' और 'विडो मेकर' कहा जाता है। अक्टूबर 2023 में मिग-21 लड़ाकू विमान ने राजस्थान के बाड़मेर शहर के ऊपर से आखिरी बार उड़ान भरी थी। भारत ने 900 मिग-21 फाइटर जेट खरीदे थे। इनमें से 660 हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एलएएल) ने देश में ही बनाए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस समय भारतीय वायुसेना के बेड़े में सिर्फ 36 मिग-21 फाइटर जेट ही बचे हैं। इसने कई दशकों तक बेहतरीन सेवा दी। फरवरी 2019 पुलवामा अटैक में भारत के 40 जवान शहीद हुए थे। इसके 2 हफ्ते बाद 26 फरवरी को वायुसेना ने मिराज जेट्स से बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी कैंप पर एयर स्ट्राइक की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### आज अपराधियों में दिखता है कानून का खौफ: ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को कहा कि 2017 के बाद से मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में महिलाओं के लिए अभियान शुरू हुआ। आज आलम यह है कि अपराधी मुख्यमंत्री योगी का नाम सुनकर ही कांप जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 2017 से पहले क्या हालात थे किसी से छुपे नहीं। हमारी बहनें 2017 से पहले प्रदेश की स्थिति को एक बार याद करें। 2017 से पहले बेटी 5 बजे घर नहीं आती थी, तो परिवार घबराता था।नारा चलता था देख सपाई बिटिया घबराई। श्री पाठक ने कहा कि आज अपराधी गले में तख्ती लटका कर कह रहे हैं अपराध नहीं करना है।आज अपराधी अपराध से तौबा तौबा चिल्ला रहे हैं।

### इस्लाम में फिल्में देखना और दिखाना नाजायज: रजवी

**बरेली।** ऑल इंडिया जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने बरेली में एक बयान जारी कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बनी फिल्म को देखना और दिखाना दोनों को नाजायज बताया है। उन्होंने कहा कि इस्लाम में फिल्में देखना शरीयत के नजरिए से गलत है और जो भी इसे देखता है, उसे तौबा करनी चाहिए। मौलाना ने यह बयान पीएम मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जोड़ते हुए दिया, जहां उन्होंने फिल्म को लेकर सख्त रुख अपनाया। मौलाना शहाब. द्दीन ने कहा कि इस्लाम में फिल्में देखना नाजायज है। अगर कोई इसे देखता है, तो वह शरीयत के हिसाब से गलत है। उनका यह बयान सोशल मीडिया और स्थानीय समुदाय में चर्चा का विषय बन गया है।

# यूपी में नियुक्तियों में हुए घोटाले: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 9 साल में नियुक्तियों में बड़े पैमाने पर घोटाले हुए हैं, सरकार खुद शामिल है इन घोटालों में। बड़े पैमाने पर भेदभाव पीडीए परिवार के साथ हो रहा है।

समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में योगी सरकार पर हमला बोलते हुए अखिलेश ने कहा कि सरकार यह आंकड़े भी बताए कि सबसे ज्यादा असुरक्षित बेटियां कहां है? सबसे ज्यादा कस्टोडियल डेथ कहां हो रही है? उन्होंने कहा कि सरकार यह



■ योगी सरकार के नौ साल के कार्यकाल में पीडीए के साथ भेदभाव

आंकड़े भी बताए कि सबसे ज्यादा असुरक्षित बेटियां कहां है? सबसे ज्यादा कस्टोडियल डेथ कहां हो रही है? हिमालयों को बचाया नहीं जा रहा, उनमें डायनामाइट लगाकर सड़के बनाई जा रही है।

छुट्टा जानवर, अन्ना पशुओं की समस्या के समाधान के लिए उत्तर प्रदेश की सरकार ने देश के प्रधानमंत्री जी से भी आश्वासन दिलवा दिया था, सोचिए डबल इंजन क्या कर रहा है।

### हमारे देश की विदेश नीति फेल: सपा

**लखनऊ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एच-1बीजा आवेदकों को प्रायोजित करने वाली कंपनियों द्वारा दी जाने वाली फीस को बढ़ाकर 100,000 डॉलर करने के आदेश पर यूपी के पूर्व सीएम और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार को घेरा है।

सपा मुखिया ने कहा कि हमारी विदेश नीति कमजोर ही है। हमारी तैयारी क्या है? हमारे देश को आर्थिक रूप से जितना मजबूत दिखाई देना चाहिए था, हमें नहीं दिख रहे हैं। हम दूसरे देशों पर निर्भर होते जा रहे हैं।

# घरेलू हिंसा में अंतिम घटनास्थल की अदालत को सुनवाई का अधिकार: हाईकोर्ट

**प्रयागराज, वार्ता**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि घरेलू हिंसा में अंतिम बार जहां घटना होती है, वहां की अदालत को मामले की सुनवाई का अधिकार है। इस टिप्पणी संग कोर्ट ने बरेली की अपर सत्र अदालत के आदेश को रद्द कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह की एकल पीठ ने चरनजीत कौर की याचिका पर दिया है।

बरेली निवासी युवती की शादी उत्तराखंड में हुई थी, लेकिन वह राजस्थान में रह रही थी। घरेलू हिंसा की शिकायत के बाद वह बरेली आ गई और वहां पुलिस से शिकायत की। इस पर थाने में दोनों पक्ष एकत्र हुए तो ससुरालवालों ने उसे धमकी दी। इसी घटना के आधार पर उसने बरेली की अदालत में गुजारा भत्ता के लिए याचिका दायर की।

■ बरेली की महिला की याचिका पर निचली अदालत का आदेश रद्द

इस पर मजिस्ट्रेट ने पति को 9,000 रुपये मासिक गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था। इस आदेश को अपर सत्र अदालत ने यह कहते हुए रद्द कर दिया था कि बरेली की अदालत को इस मामले की सुनवाई का अधिकार नहीं है। इस आदेश को पीड़िता ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। कोर्ट ने कहा कि घरेलू हिंसा कानून के अनुसार जहां पीड़ित स्थायी या अस्थायी रूप से रहता है या जहां विपक्षी रहता है या जहां हिंसा की आखिरी घटना हुई हो, वहां की अदालत को मामले की सुनवाई का अधिकार है। बरेली में ही पीड़िता के साथ आखिरी बार घरेलू हिंसा की घटना हुई थी। इसलिए वहां की अदालत को उसकी याचिका पर सुनवाई का अधिकार है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुरादाबाद के सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी को सशर्त अग्रिम जमानत दे दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति चंद्रधारी सिंह ने आरोपी अनुज सिरोही की अर्जी पर दिया। अनुज के खिलाफ मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा थाने में अश्लील वीडियो बनाने, वायरल करने के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। उसने जमानत के लिए हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की। याची के वकील ने कोर्ट में दलील दी कि उसे झूठे आरोपों में फंसाया गया है। उसके खिलाफ लगाए गए आरोप सीधे तौर पर सही नहीं हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सह-अभियुक्त विजय की याचिका पर हाईकोर्ट ने पहले ही रोक लगा रखी है और शिकायतकर्ता के बयानों में विरोधाभास है। वहीं सरकारी वकील ने जमानत का विरोध किया।

### सीएम ने यूपी के थानों में लॉन्च किया मिशन शक्ति-5 अभियान

# यूपी की बेटियां खुद बना रहीं अपने रास्ते: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी 1,647 थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केंद्रों का बटन दबाकर उद्घाटन किया। साथ ही मिशन शक्ति केंद्रों की एसओपी पुस्तिकाओं, बुकलेट और सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश फोल्डर का विमोचन भी किया। सीएम ने कहा कि पहले बेटियां सुरक्षित नहीं थीं, लेकिन आज वे खुद अपने रास्ते बना रही हैं।

उन्होंने कहा कि नारी सम्मान उनकी प्राथमिकता है, यही वजह है कि 2017 के बाद से प्रदेश में महिलाओं की स्थिति में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। सरकार की नीयत साफ होती है, तो योजनाएं खुद अपना रास्ता बना लेती हैं। सीएम योगी ने कहा कि मिशन शक्ति के 5वें चरण का शुभारंभ करते हुए गर्व हो रहा



■ महिला पुलिस कर्मचारियों की संख्या बढ़कर 44 हजार हुई

है। उन्होंने कहा कि इस अभियान ने नारी को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का मार्ग दिखाया है, जिसे तेजी से आगे बढ़ाया गया। आजादी के बाद से 2017 तक पुलिस में महिला कर्मचारियों की संख्या महज 10,000 थी, लेकिन 2017 से अब तक यह संख्या 44,000 से अधिक हो गई है। हर भर्ती में 20 प्रतिशत महिलाओं को अनिवार्य रूप से शामिल किया जा रहा है। हाल ही में संपन्न 60,200 पुलिस कर्मचारियों की भर्ती में 12 हजार से अधिक महिलाएं शामिल हुई हैं, जो वर्तमान में ट्रेनिंग ले रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा और अन्य विभागों में भी महिला भर्ती को बढ़ावा दिया गया। 2017 से पहले ट्रेनिंग की कमी एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन अब उत्तर प्रदेश में ही 60,200 से अधिक पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग संभव हो रही है।

इसके अलावा, बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना पर कहा कि बेटी के जन्म से स्नातक तक 25,000 रुपये का पैकेज दिया जाता है। जन्म पर 5,000 रुपये, एक वर्ष पर 2,000 रुपये (टीकाकरण के बाद), पहली और छठी कक्षा में 3,000-3,000 रुपये, 9वीं में 5,000 रुपये और 12वीं पास करने पर 7,000 रुपये दिए जाते हैं।

### उप्र में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं

**लखनऊ।** फिल्म अभिनेत्री दिशा पाटनी के बरेली स्थित घर पर फायरिंग के मामले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में जो भी महिलाओं की सुरक्षा से खिलवाड़ करेगा और कानून व्यवस्था को तोड़ेगा उसका बुरा हश्र होगा। कहा कि यूपी में अपराधियों की कोई जगह नहीं है। एक अपराधी मारीच बनकर आया था। वो जब पुलिस की गोली से घायल हुआ तो कहने लगा कि मुझसे गलती हो गई, जो मैं उत्तर प्रदेश आ गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सजग है। इसमें खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि सरकार अपराधियों के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति पर काम कर रही है। बता दें कि दिशा पाटनी के बरेली स्थित पुश्तैनी आवास पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया था। घटना पर एसएसपी अनुराग आर्या ने कहा कि मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में आरोपी रामनिवास को गिरफ्तार कर लिया गया। वारदात में उसके साथ रहे अनिल नामक युवक को भी दबोच लिया गया है। बता दें कि मुठभेड़ का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दिखाया गया है कि घायल आरोपी जमीन पर गिरा हुआ है और पुलिस से हाथ जोड़कर कह रहा है, ष्बाबा के उत्तर प्रदेश में कभी नहीं आएंगे सर। पुलिस ने आरोपियों के पास से .32 बोर की पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और चार चले हुए खोखे बरामद किए गए हैं। पूछताछ में आरोपी रामनिवास ने घर में फायरिंग की बात कबूल की।

# गेस्ट हाउस में चल रहे सेक्स रैकेट का किया भंडाफोड़

**अयोध्या, वार्ता**

उत्तर प्रदेश में अयोध्या कैंट के फतेहगंज क्षेत्र में चल रहे सेक्स रैकेट का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। नगर कोतवाली पुलिस ने शनिवार रात छापेमारी करके सेक्स रैकेट सरगना, तीन पुरुष और ग्यारह महिलाओं को रंगेहाथ दबोच लिया और पूछताछ के लिए नगर कोतवाली ले गई।

क्षेत्राधिकारी नगर शैलेंद्र सिंह ने छापेमारी अभियान की कमान खुद संभाली। इस गेस्ट हाउस में पुलिस पहले भी छापेमारी कर चुकी है। पुलिस ने गेस्ट हाउस को सील कर दिया है। अयोध्या कैंट क्षेत्र के व्यापा. रिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माने जाने वाले फतेहगंज के खीर वाली गली स्थित एक गेस्ट हाउस में यह देह व्यापार संचालित हो रहा था। पुलिस को मौके पर तीन पुरुष व 11 महिलाएं मिली, जिन्हें हिरासत में लेकर पुलिस

■ अयोध्या कैंट में चल रहा था धंधा, सात पकड़े

पूछताछ कर रही है। इसमें गेस्ट हाउस संचालक गणेश अग्रवाल भी शामिल है। इस प्रकरण में कोतवाली नगर में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। फतेहगंज चौकी के ठीक सामने खीर वाली गली है। इस गली में कुछ दूरी पर राणी सती गेस्ट हाउस है। इस गेस्ट हाउस में स्थानीय लोगों के द्वारा काफी दिन से देह व्यापार संचालन की शिकायतें की जा रही थी। गेस्ट हाउस पर इसके पहले भी इस तरह के आरोप लगते रहे है। फतेहगंज चौकी क्षेत्र से कुछ दूरी पर स्थित यह गेस्ट हाउस चर्चा का विषय बना हुआ था। स्थानीय लोगों की शिकायत पर पुलिस की टीम सक्रिय हुई। जिसके बाद अचानक गेस्ट हाउस में छापेमारी की गई और यहां सेक्ट रैकेट के संचालित होने की बात सामने आई।



सेंसेक्स 81785.74
निफ्टी 25069.20



सोना रु. 114000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 130040
प्रति किलो



# उप्र में आउटसोर्स नौकरियों के ग्रेड बांटे

### चार श्रेणियों में किया विभाजित, आठ सेवाओं में मिलेगा 40000 मानदेय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विभिन्न विभागों में आउटसोर्स के जरिए भर्ती को लेकर यूपी आउटसोर्स सेवा निगम के गठन के आदेश जारी कर दिए गए हैं। जिसके बाद आउटसोर्स कर्मियों की भर्ती अब निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ हो सकेगी। सरकार ने आउटसोर्स की भर्तियों के लिए चार श्रेणियां बनाई हैं। जिनके लिए अलग-अलग वेतनमान निर्धारित किया गया है।

यूपी के सरकारी विभागों में आउटसोर्स कार्मिकों को श्रेणी एक, श्रेणी दो, श्रेणी तीन और श्रेणी चार में विभाजित किया गया है। इन कर्मचारियों ने न्यूनतम 20 हजार रुपये से 40 हज़ार रुपये तक का मानदेय मिलेगा। इसके साथ ही कर्मचारी भविष्य निधि और कर्मचारी राज्य बीमा आदि का लाभ दिया जाएगा। आउटसोर्स सेवा निगम के

■ सरकार ने सभी के लिए अलग-अलग वेतनमान रखे

गठन के बाद आउटसोर्स के कर्मचारियों के शोषण पर रोक लगेगी। कर्मचारियों की भर्ती लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के जरिए होगी।

**ग्रेड तीन और चार का नहीं होगा इंटरव्यू:** हालांकि ग्रेड 3 और ग्रेड चार के लिए भर्ती सिर्फ लिखित परीक्षा के आधार पर होगी, इसके लिए कोई इंटरव्यू नहीं होगा। पहली श्रेणी में डॉक्टर, इंजीनियर, लेक्चरर, प्रोजेक्ट आफिसर, एकाउंट आफिसर, असिस्टेंट आर्किटेक्ट और रिसर्च आफिसर जैसे पद है। इनके लिए शैक्षणिक योग्यताओं में डॉक्टर के लिए एमबीबीएस, असिस्टेंट इंजीनियर के लिए बी-टेक, लेक्चरर के लिए परास्नातक डिग्री निर्धारित की गई है। इनके लिए 40 हज़ार का वेतनमान तय किया गया है। श्रेणी दो में जूनियर इंजीनियर, स्टाफ नर्स समेत अन्य पदों को शामिल किया गया है। इसके लिए जरूरी शैक्षिक योग्यता निर्धारित की गई हैं। दो श्रेणी के कार्मिकों को 25 हजार रुपये वेतन दिया जाएगा। तीसरी श्रेणी में ऑपरेटर, पैरामेडिकल, जूनियर असिस्टेंट, जूनियर स्टेनोग्राफर, टाइपिस्ट, टेलीफोन आपरेटर, स्टोर कीपर, फोटोग्राफ़र, डाटा एंट्री आपरेटर, लाइब्रेरियन जैसे पद हैं। इनके लिए अधिकतम वेतनमान 22 हजार होगा। चौथी श्रेणी में कक्षा आठ से 10वीं पास अभ्यार्थियों को शामिल किया गया है। इनमें ऑफिस सहायक, लिफ्ट आपरेटर, लैब अटेंडेंट, रिकॉर्ड असिस्टेंट, अर्दली, अनुसेवक, स्टोर सहायक, नाई, मोची, राजमिस्त्री, मेट, निर्माण सहायक, लोहार, बढ़ई, क्रेन आपरेटर, पेंटर, धोबी, नाविक, क्लीनर, कुली, चौकीदार, माली जैसे पद हैं। इन्हें 20 हज़ार तक वेतन मिलेगा।

### सोने-चांदी के दाम ने फिर पकड़ी रफ्तार

**नई दिल्ली।** देशभर में पिछले कई दिनों से ऊपर चढ़ रहे सोने के भाव में एक बार फिर तेजी आई है। सोना 890 रुपए महंगा हुआ है, वहीं चांदी 1880 रुपए महंगी हुई है। भारत में 24 कैरेट गोल्ड का रेट 114,000 रुपए प्रति 10 ग्राम है। जबकि बीते दिन यह 109,530 रुपए प्रति 10 ग्राम था। देश में चांदी भी 130,040 रुपए प्रति 1 किलो बिक रही है, जो बीते दिन 128,160 रुपए/किलो थी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने का भाव 890 रुपये बढ़कर 114,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। बढ़ते वैश्विक तनाव और अमेरिका-चीन के बीच नए व्यापारिक तनाव के बीच मजबूत वैश्विक संकेतों से सोने की कीमतों में तेजी आई। अगर आप सोने के गहने खरीदने जा रहे हैं, तो कभी भी क्वालिटी से समझौता न करें। हॉलमार्क देखकर ही गहने खरीदें, क्योंकि यही सोने की सरकारी गारंटी है। भारत में ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड्स हॉलमार्क का निर्धारण करता है। हर कैरेट के हॉलमार्क अंक अलग होते हैं, जिसे ध्यान से रखकर ही सोना खरीदें। अगर आप ऐसा नही करते हैं, तो आपके सोने में मिलावट भी हो सकती है।

# उत्तर प्रदेश के 11 संस्थानों में मुफ्त होगी कीमोथेरेपी, मेरठ में भी सेंटर

**लखनऊ।** कैंसर से पीड़ित मरीजों की बढ़ोतरी होने से चिंतित उत्तर प्रदेश सरकार ने इससे निपटने के लिए समाधान निकाला है। राज्य के 11 प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में निशुल्क कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे पहले यह सुविधा नहीं थी। इसके लिए चिकित्सा संस्थानों में डे केयर कैंसर सेंटर खोले जा रहे हैं। इसमें स्क्रीनिंग के साथ ही 24 घंटे कीमोथेरेपी की सुविधा मिलेगी। एक लाख से पांच लाख तक की दवाएं (कीमो) भी निशुल्क मिलेंगी। पूर्वांचल में वाराणसी के साथ ही गोरखपुर में भी सेंटर बनेगा। आगरा, प्रयागराज, मेरठ, अलीगढ़ में भी सेंटर बनाया जा रहा है।

यूपी सरकार ने नेशनल हेल्थ मिशन के तहत मेडिकल यूनिवर्सिटी, रिसर्च इंस्टीट्यूट और मेडिकल कॉलेजों में डे केयर कैंसर सेंटर खोलने का निर्णय लिया है। इस सेंटर की खासियत यह है कि यहां ओरल, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर पीड़ितों की फ्री जांच की जाएगी, उनका इलाज भी किया जाएगा। एम्स बीएचयू को नोडल सेंटर भी बनाया गया है। इससे वाराणसी के आस-पास के जिलों को जोड़ा गया है। स्वास्थ्य महानिदेशक डा. रतन पाल



सिंह सुमन ने बताया कि लखनऊ में 4 सेंटर खुलेंगे। 24 घंटे मरीजों को सेवा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार चिकित्सा के क्षेत्र में काम कर रही है। बहुत सारी सुविधाएं और स्कीम सरकार के तहत चलाई जा रही हैं। मरीजों को इलाज मिल पा रहा है, लेकिन फिर भी कीमोथेरेपी सरकारी मेडिकल संस्थान में निशुल्क होना जरूरी है। जिनके पास कमाने के साधन नहीं हैं, उन मरीजों को इसकी बहुत जरूरत है। अभी तक मेडिकल संस्थान में कीमोथेरेपी के लिए कुछ शुल्क निर्धारित किए गए थे, लेकिन अब यह बिल्कुल फ्री होगा तो इससे मरीजों को राहत मिलेगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**एच-1बी...**

और हेल्थ जैसे प्रोफेशन वाले लोगों के लिए जारी होता है। अमेरिकी सरकार हर साल 85,000 एच-1बी वीजा जारी करती है, जिनका इस्तेमाल ज्यादातर तकनीकी नौकरियों में होता है। इस साल के लिए आवे. दन पहले ही पूरे हो चुके हैं। आंकड़ों के अनुसार, केवल अमेजन को ही इस साल 10,000 से ज्यादा वीजा मिले हैं, जबकि माइक्रोसॉफ्ट और मेटा जैसी कंपनियों को 5,000 से अधिक वीजा स्वीकृत हुए हैं। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि पिछले साल एच-1बी वीजा का सबसे ज्यादा फायदा भारत को मिला। हालांकि इस वीजा कार्यक्रम की आलोचना भी होती है। कई अमे. रिकी तकनीकी कर्मचारियों का कहना है कि कंपनियां एच-1बी वीजा का इस्तेमाल वेतन घटाने और अमेरिकी कर्मचारियों की नौकरियां छीनने के लिए करती हैं। एच-1बी वीजा के नियमों में बदलाव से 3,00,000 से ज्यादा भारतीय प्रभावित होंगे।

साल 2023 में एच-1बी वीजा लेने वालों में 1,91,000 लोग भारतीय थे। ये आंकड़ा 2024 में बढ़कर 2,07,000 हो गई। भारत की आईटी/टेक कंपनियां हर साल हजारों कर्मचारियों को एच-1बी पर अमेरिका भेजती हैं। हालांकि, अब इतनी ऊंची फीस पर लोगों को अमेरिका भेजना कंपनियों के लिए कम फायदेमंद होगा। 71 फीसदी भारतीय एच-1बी वीजा धारक हैं और यह नई फीस उनके लिए बड़ा आर्थिक बोझ बन सकती है। खासकर मिड-लेवल और एंट्री-लेवल कर्मचारियों को वीजा मिलना मुश्किल होगा। कंपनियां नौकरियां आउटसोर्स कर सकती हैं, जिससे अमेरिका में भारतीय पेशेवरों के अवसर कम होंगे। नए नियम के अनुसार, एच-1बी वीजा के लिए +100,000 (लगभग 88 लाख रुपये) की फीस हर साल देनी होगी। यह फीस नए आवेदनों और मौजूदा वीजा धारकों के नवीनीकरण दोनों पर लागू होगी। यह फीस 21 सितम्बर 2025 से लागू होगी और 12 महीनों के लिए प्रभावी रहेगी, जब तक कि इसे बढ़ाया न जाए। कंपनियों को इस भुगतान का प्रमाण रखना होगा। यदि भुगतान नहीं किया गया, तो याचिका को अमेरिकी राज्य विभाग या होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) रद्द कर देगा। अगर कोई एच-1बी कर्मचारी 21 सितम्बर के बाद देश छोड़ता है, तो वापस अमेरिका आने के लिए उसकी कंपनी को 88 लाख का भुगतान करना होगा। यही कारण है कि इस फैसले के बाद माइक्रोसॉफ्ट, जेपी मार्गन और अमेजन जैसी कंपनियों ने एच-1बी वीजा होल्डर कर्मचारियों को अमेरिका में ही रहने की सलाह दी है। रायटर्स के मुताबिक बाहर रहने वाले कर्मचारियों को सलाह दी कि वे शनिवार रात से पहले वापस आ जाएं। भारत हर साल लाखों इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस के ग्रेजुएट तैयार करता है, जो अमेरिका की टेक इंडस्ट्री में बड़ी भूमिका निभाते हैं। इंफोसिस, टीसीएस, विप्रो, काग्निजेंट और एचसीएल जैसी कंपनियां सबसे ज्यादा अपने कर्मचारियों को एच-1बी वीजा स्पॉन्सर करती हैं। कहा जाता है कि भारत अमे. रिका को सामान से ज्यादा लोग यानी इंजीनियर, कोडर और छात्र एक्सपोर्ट करता है। अब फीस महंगी होने से भारतीय टैलेंट यूरोप, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, मिडिल ईस्ट के देशों की ओर रुख करेगा।

# मुरादाबाद में बन रहे भारतीय रक्षा संग्रहालय का नाम होगा त्रिशूल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने शनिवार को कहा कि यहां नवनिर्मित भारतीय रक्षा संग्रहालय का नाम 'त्रिशूल' होगा और संग्रहालय में सेना के प्रोटोकॉल के अनुसार उपकरण स्थापित किए जा रहे हैं।

नगर आयुक्त ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में नवनिर्मित रक्षा संग्रहालय को अब 'त्रिशूल भारतीय रक्षा संग्रहालय' के नाम से जाना जाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह के निर्देश अनुसार संग्रहालय का निर्माण पूरी सुरक्षा और नियमों के आधार पर किया जा रहा है। सेवा के प्रोटोकॉल के मुताबिक मिलने वाले यंत्रों को



स्थापित किया जा रहा है, जिसके लिए सेवा के अधिकारियों की ड्यूटी भी यहां लगाई गई है। नगर आयुक्त ने बताया कि जो रक्षा संग्रहालय नगर निगम मुरादाबाद के द्वारा बनाया जा रहा है इसका औपचारिक नामकरण कर दिया गया है। अब इस संग्रहालय को त्रिशूल भारतीय रक्षा संग्रहालय के नाम से जाना जाएगा। त्रिशूल भारतीय सेना की तीनों विंग्स को प्रदर्शित करता है। त्रिशूल भारतीय रक्षा संग्रहालय को कुल 25 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है जिसमें प्रथम तल का निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है। भारतीय सेना के अधिकारियों की यहां पर डेपुटेशन के रूप में एक महीने के लिए तैनाती भी कर दी गई है ताकि जो सेना के उपकरण रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सहयोग से मिले हैं उनको ठीक तरीके से सेना के प्रोटोकॉल अनुसार लगाया जा सके। उन्होंने बताया कि डीआरडीओ और भारतीय सेना शीर्ष अधिकारियों द्वारा जो सामान मुहैया कराया गया है, उसके इंस्टॉलेशन का काम शुरू हो गया है। पटेल ने बताया कि 15 नवंबर के आसपास इसके उद्घाटन की योजना बनाई जा रही है। औपचारिक रूप से इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा किए जाने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए तैयारी की जा रही हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# लेखपाल, राजस्व निरीक्षक व रजिस्ट्रार पर रिपोर्ट

## राजस्व अभिलेखों में छेड़छाड़ के मामले में कारोबारी पिता-पुत्र पर भी मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। राजस्व अभिलेखों में छेड़छाड़ कर जमीन खतौनी में संशोधन करने में लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, तत्कालीन रजिस्ट्रार व कारोबारी पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। डीएम के द्वारा करायी गयी जांच में सभी आरोपी दोषी पाये गये।

जानकारी के मुताबिक मुरादाबाद निवासी अब्दुल वासित, अब्दुल अजीम और अब्दुल वसीम तीनों सगे भाई हैं। तीनों भाइयों का चौधरपुर में मकान है जो 25 साल पहले बनाया था। वहीं बराबर में एक फैक्ट्री भी बनी है, जिसमें तीनों बराबर के हिस्सेदार हैं। आरोप है कि 2 दिसंबर 2019 को अब्दुल अजीम ने फर्जी हस्ताक्षर के जरिए कूटरचित दस्तावेज तैयार कर लिए। इसके बाद बीते साल 22 दिसंबर अब्दुल अजीम ने एक मुकदमा अब्दुल वसीम, उनकी पत्नी आलिया वसीम, अब्दुल बासित और उनकी पत्नी समीरा बासित के खिलाफ दर्ज करा दिया लेकिन आरोप साबित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य नहीं होने पर होने की वजह से यह मुकदमा खत्म हो गया। अब्दुल बासित और अब्दुल वसीम की दो फर्म और भी हैं। एक फर्म में अब्दुल बासित व आलिया वसीम निदेशक हैं तथा बराबर की हिस्सेदार हैं जबकि दूसरी फर्म में अब्दुल अजीम और अब्दुल बासित दोनों बराबर के हिस्सेदार हैं। लिहाजा, तीनों भाई मिलकर जमीनों की खरीद-फरोख्त फर्मों के नाम से करते रहे। आरोप है कि मई 2025 में अब्दुल अजीम और उनके बेटे अब्दुल हई की नीयत खराब हो गई और षड्यंत्र के तहत उबैद

### डीएम द्वारा कराई गई जांच में सामने आया फर्जीवाड़ा

इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अब्दुल बासित और आलिया वसीम के फर्जी त्यागपत्र तैयार कर उनपर उनके फर्जी हस्ताक्षर कर लिए। दोनों ने इसी तरह हमजा ट्रेडिंग एंड इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड में हिस्सेदार अब्दुल वसीम का फर्जी त्यागपत्र बना लिया। उस पर भी उनके फर्जी हस्ताक्षर कर लिए। इसके बाद अमरोहा सदर तहसील के अधिकारी-कर्मचारियों की सांठगांठ से राजस्व अभिलेखों में दोनों फर्मों में अब्दुल वसीम व अब्दुल बासित और आलिया वसीम का नाम कटवा दिया। इसके बाद 25 मई 2025 को अब्दुल अजीम व अब्दुल हई ने जालसाजी कर दोनों फर्मों में अपने नाम दर्ज करा लिए। इन दोनों फर्म की जमीन करीब 95 बीघा है। सभी का अलग-अलग गाटा संख्या हैं। फर्जीवाड़ा खुलने पर अब्दुल वसीम और अब्दुल बासित के होश उड़ गए। उन्होंने इस मामले की शिकायत डीएम निधि गुप्ता वत्स से की थी। डीएम ने अमरो. हा एसडीएम को जांच के आदेश दिए थे। तहसीलदार की जांच में सामने आया कि लेखपाल अमन कुमार, राजस्व निरीक्षक रो. हताश राणा, तत्कालीन रजिस्ट्रार विक्रम सिंह त्यागी ने अब्दुल अजीम और अब्दुल हई के प्रार्थना पत्र के आधार पर खतौनी असली वर्ष 1429 में अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर संशोधन किया। इतना ही नहीं इसके लिए राजस्व अभिलेखों के साथ भी छेड़छाड़ की गई। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में लेखपाल अमन कुमार, राजस्व निरीक्षक रोहतास राणा, तत्कालीन रजिस्ट्रार विक्रम सिंह त्यागी और कारोबारी अब्दुल अजीम और उसके बेटे अब्दुल हई के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है, तथ्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

# ट्रेन की चपेट में आकर तेंदुए की मौत

## वन विभाग ने शव को कब्जे में लिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जंगल में घूम रहा तेंदुआ ट्रेन की चपेट में आकर मर गया। पिछले कई दिनों से उसे क्षेत्र में देखा जा रहा था। सूचना पर पहुंचे डीएफओ समेत वन विभाग के अधिकारी शव कार्यालय ले आये।

शनिवार सुबह क्षेत्र के गांव हुसैनपुरा गांव के लोग रोजाना की तरह खेतों पर जा रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर जंगल के बीचो-बीच गुजर रही रेलवे लाइन के पास पड़े तेंदुए पर पड़ी। उसके मुंह से खून निकल रहा था। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। तेंदुए को बीते काफी दिन से गांव के आसपास जंगल में घूमते हुए देखा जा रहा था। जिसके चलते लोगों में दहशत थी। उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग को दी थी। सूचना मिलते ही डीएफओ विनीता सिंह के निर्देश पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, ग्रामीणों से जानकारी लेते हुए जांच-पड़ताल की। इसके बाद तेंदुए को डीएफओ कार्यालय लाया गया। जहां तीन डॉक्टरों के पैनल पोस्टमार्टम किया। डीएफओ के मुताबिक मृतक तेंदुए की उम्र करीब तीन साल के आसपास है, वह नर है। ट्रेन की छूट तेंदुए की मौत हुई है, रात में किसी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है। सिर पर गंभीर चोट लगना इसका कारण रहा। नियमानुसार तेंदुए का दाह संस्कार करा दिया गया है।



गजरौला। पितृ ( श्राद्ध ) अमावस्या को लेकर तिगरी में मार्ग आदि को सही कराती पुलिस।

# पितृ अमावस्या आज, स्नान को उमड़ेंगे श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। आज रविवार को होने वाली श्राद्ध अमावस्या पर तिगरी एवं ब्रजघाट में लाखों श्रद्धालुओं के उमड़ने का अनुमान है। पुलिस ने श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या देखते हुए सुरक्षा व यातायात व्यवस्था का खाका तैयार कर लिया है। इस दिन को हिन्दु धर्म में बहुत महत्तवपूर्ण माना जाता है क्योंकि इस दिन पितृों का तर्पण किया जाता है। शास्त्रों के मुताबिक विधि विधान के साथ पितृों का तर्पण करने से घर में सुख, स्मृद्धि आती है।

हिन्दू धर्म में तीन प्रकार के ऋण के बारे में बताया गया है, देव ऋण, ऋषि ऋण और पितृ ऋण। इन तीनों ऋण में पितृ पक्ष या श्राद्ध का महत्व इसलिए है क्यों की पितृ ऋण सबसे बड़ा ऋण माना गया है। शास्त्रों में पितृ ऋण से मुक्ति के लिए अर्थात श्राद्ध कर्म का वर्णन किया गया है। हर साल भाद्रपद शुक्लपक्ष पूर्णिमा से लेकर अश्विन कृष्णपक्ष अमावस्या तक के काल को पितृपक्ष या श्राद्ध पक्ष कहा जाता है। पितृपक्ष या श्राद्ध के अंतिम दिन को सर्वपितृ अमावस्या या महालया अमावस्या के रूप में जाना जाता है। जिन लोगों को अपने पूर्वजों का सही पुण्य तिथि पता नहीं रहता है। वो इस दिन उन्हें श्रद्धांजलि और पिंडदान करते हैं। पितरों की तृप्ति के लिए श्राद्ध से किया गया तर्पण या पिंडदान यानि पिंड के रूप में पितरों को दिया गया भोजन और जल आदि को ही श्राद्ध कहा जाता है। शास्त्रों के अनुसार पितृपक्ष या श्राद्ध में तर्पण और श्राद्ध करने से व्यक्ति को अपने पूर्वजों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। जिससे घर में सुख शांति और समृद्धि बनी रहती है। इन्हीं सब मान्यताओं को लेकर आज ब्रजघाट एवं तिगरी में तड़के से ही स्नान शुरू हो जाएगा। शनिवार की शाम से ही श्रद्धालुओं ने गंगा तटों की ओर कूच कर दिया था, उधर तिगरी में पितृ अमावस्या के स्नान को लेकर बिजली की व्यवस्था कराई गई जिससे तड़के के समय में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को असुविधाओं का सामना न करने पड़े।

# दुकान से चार लाख की शराब चोरी

## नकब लगाकर दिया वारदात को अंजाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। दुकान में नकब लगाकर चोर चार लाख रूपये कीमत की शराब चोरी कर ले गये। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक अतरासी से अमरोहा से जोड़ने वाली सड़क पर शराब की कंपोजिट दुकान है। जिसका आवंटन बुलंदशहर निवासी शकीला बेगम के नाम से है। चौकी से दुकान का फासला लगभग 200 मीटर का है। रोजाना की तरह शुक्रवार रात सेल्समेन दुकान बंद करके चले गए थे। शनिवार सुबह जब वह लौटे तो दुकान के पीछे की दीवार में नकब लगा हुआ मिला। वहीं, दीवार से सटी बेंच भी लगी हुई थीं। घबराए सेल्समैन ने अंदर जाकर देखा तो वहां से शराब की 65 पेटियां गयाब थीं वहीं पुलिस इन 52 पेटियां चोरी होने की बात कह रही है। उधर, चोरी की घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। दबी जुबान में लोग पुलिस की सक्रियता को लेकर सवाल खड़े करने लगे। उसी बीच मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। चोरी की गई शराब की पेटियों की कीमत करीब चार लाख रुपये आंकी जा रही है। थानाध्यक्ष कोमल तोमर ने बताया कि शराब की दुकान में चोरी हुई है। स्टॉक का मिलान करने पर 52 पेटी चोरी होने की बात समाने आई है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए जल्दी घटना का खुलासा किया जाएगा।

# युवक ने कमेटी के अध्यक्ष से की गाली गलौच

## रामलीला मैदान की सफाई के दौरान की घटना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। रामलीला मैदान की साफ-सफाई के दौरान युवक ने अध्यक्ष से की गाली-गलौज। अध्यक्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी है।

डिडौली थाना क्षेत्र के पतेई खालसा गांव में रविवार से रामलीला मंचन का शुभारंभ होना है। इसी तैयारी के तहत शनिवार को निवर्तमान समिति अध्यक्ष ब्रिजेन्द्र सिंह चौहान समिति सदस्यों के साथ दशहरा मैदान की साफ-सफाई करा रहे थे।इसी दौरान मैदान के पास रहने वाला अरमान नामक युवक वहां पहुंचा और ट्रैक्टर रुकवाने का प्रयास किया। युवक ने समिति अध्यक्ष ब्रिजेन्द्र सिंह चौहान के साथ गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार करते हुए उन्हें अपमानित किया। नोकझोंक होते देख जैसे ही समिति के अन्य सदस्य वहां पहुंचेद्य युवक गाली-गलौज करता हुआ मौके से फरार हो गया।घटना के बाद समिति अध्यक्ष ब्रिजेन्द्र सिंह चौहान सदस्यों को साथ लेकर जिवाई चौकी पहुंचे और आरोपी अरमान के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# वार्डेन के डर से हॉस्टल से भागी दो छात्राएं

## सफाई न करने पर वार्डेन पर पिटाई का आरोप, बीईओ व सीओ जांच को पहुंचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा**। जानकारी के मुताबिक, 19 सितंबर की रात को विद्यालय की दो नाबालिग छात्रा की वार्डन से कहासुनी हो गई थी। गुस्से में दोनों छात्रा हॉस्टल से कूद कर भाग निकली। क्षेत्र के हसनपुर मार्ग पर पहुंचने पर कस्बा रहने वाले युवक ने रात्रि 11 .30 बजे दो छात्राओं के घूमने को संदिग्ध मानते हुए थाना रहरा पुलिस को सूचित किया । थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छात्रों के परिजनों को जानकारी दी। विद्यालय की छात्राओं ने वार्डन पर आरोप लगाया कि उनके द्वारा कस्तूरबा



विद्यालय की साफ सफाई कराई जाती है। सफाई से मना करने पर छात्राओं की वार्डन के द्वारा उन्हें पीटा गया। जिसकी वजह से वह विद्यालय की दीवार कूदकर अपने घर जा रही थी। इस मामले की जानकारी जब आला अधिकारियो को लगी तो हड़कंप मच गया। आनन फानन में खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और बच्चियों एवं अभिभावकों से पूछताछ की। इसके कुछ देर बाद ही क्षेत्राधिकारी हसनपुर दीप कुमार पंत एवं थाना अध्यक्ष रहरा अतवीर सिंह चौहान मौके पर पहुंचे और बच्चियों से एवं उनके अभिभावको से पूछताछ की। इस मामले में खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के उपरांत रिपोर्ट आला अधिकारियों को भेज दी जाएगी।

### राम का बनवास आज भी रहस्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। महामंडलेश्वर स्वामी यतिनानन्द गिरि ने कहा कि प्रभु का नाम अनंत होते हुए भी वह एक है। जीवन दीप सत्संग मंडल के तत्वावधान में चल रहे सत्संग में महामंडलेश्वर स्वामी यतिदानन्द गिरि प्रवचन कर रहे थे। उन्होंने श्रीराम कथा के बारे में बताते कहा कि रामायण का दिव्य महाकाव्य है। जिसे खुद भगवान विष्णु ने रचाा तथा इस धरती पर भेजा। उन्होंने यह वचन दिया था कि जब तक धरती पर धर्म होगा तब तक ही अवतार होंगे। उन्होने कहा कि रामायण में कैकई का चरित्र एक ऐसे मोड़ पर आता है जो इतिहास में आज भी दर्ज है।

### पेंशनर्स की समस्याओं का हो समाधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में समस्या के समाधान की मांग की गयी। बैठक को संबोधित करते अध्यक्ष अनूप सिंह पैसल ने कहा कि पिछले काफी समय से वह अपनी समस्याओं के निस्तारण की मांग करते आ रहे हैं। जिसमें से कुछ का ही समाधान हो सका है। उन्होंने कहा कि कई बार इसे लेकर अधिकारियों से वार्ता की गयी परन्तु हालात नहीं सुधरे हैं। जल्द से जल्द उनकी समस्याओं का समाधान किया जाये। बैठक में शिवेन्द्र सिंह चिकारा, राजेन्द्र सिंह, जयपाल सिंह, श्यौनाथ प्रजापति, सुनील त्यागी, कुंवर सिंह पाल, मायाराम, खुर्शीद हैदर जैदी आदि मौजूद रहे।

# एक दर्जन किसानों के मोटर व स्टार्टर चोरी

## किसानों में मचा हड़कम्प, दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। शनिवार की रात थाना सैदनगली के भटोला शर्की गाँव में चोरों ने एक दर्जन से अधिक किसानों के ट्यूबवेलों को निशाना बनाया। चोरों ने कोठरियों के ताले तोड़कर स्टार्टर और ऑपरेटर चुरा लिए गये। जिससे किसानों में हड़कंप मच गया है।

इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।और किसान अपनी फसलों की सिंचाई को लेकर चिंतित हैं। चोरी की इस घटना में प्रभावित किसानों में प्रेम सिंह, लाला, रामोतार सिंह, नितपाल सिंह, कल्लन सिंह, देवराज सिंह, हेमराज सिंह, नन्हे सिंह, सुभाष सिंह, श्याम सिंह, खेमराज सिंह और लखपत सिंह समेत अन्य किसान



शामिल हैं। इन किसानों के अनुसार, चोरों ने सुनियोजित तरीके से एक ही रात में इतनी बड़ी वारदात को अंजाम दिया। यह चोरी उस समय हुई जब किसान अपने खेतों में नहीं थे। घ्सुबह जब किसान अपने खेतों पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि उनके ट्यूबवेलों की कोठरियों के ताले टूटे हुए हैं। और कीमती स्टार्टर और ऑपरेटर गायब हैं। इस घटना के बाद, किसानों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया और मामले की जांच शुरू कर दी है। किसानों ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने और चोरी हुए सामान को बरामद करने की मांग की है। उनका कहना है कि इस चोरी से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है और अगर जल्द ही ये उपकरण नहीं मिले तो उनकी फसलें सूख सकती हैं। किसानों ने पुलिस से रात के समय क्षेत्र में गश्त बढ़ाने का भी अनुरोध किया है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। इस घटना ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिये हैं।

# कोतवाली गेट पर हाई प्रोफाइल ड्रामा

## पुलिस बनी रही मूकदर्शक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। कोतवाली के भीतर व बाहर गेट पर हाई प्रोफाइल ड्रामा होता रहा। महिला की हालत को देखकर पुलिस हलकान बनी रही। पुलिस ने महिला को मेडिकल कराने के लिए भेज दिया। पति का शांति भंग में चालान कर दिया है।

नगर के मोहल्ला होली वाला हिरन वाला निवासी शमशेर अली की शादी 2 साल पहले दिल्ली के थाना खजूरी निवासी फोजिया के साथ हुई थी। शनिवार को फोजिया आधा दर्जन महिलाओं के साथ कोतवाली पहुंच गई तथा पति पर मारपीट किये जाने का आरोप लगाने लगी। उसके बाद महिलाओं ने कोतवाली में हंगामा काटना शुरु कर दिया। इस दौरान



महिलाओं की पुलिस से नोकझोंक होने लगी। महिलाये पुलिस पर आरोप लगाने लगी कि वह कार्रवाई नहीं कर रही है। उसके बाद महिलाये कोतवाली के गेट पर पहुंच गई। फोजिया बेहोश होकर कोतवाली के गेट पर गिर पड़ी। यह नजारा देखकर पुलिस के हाथ पैर फूल गये। उसके बाद फोजिया के साथ आई महिलाये कोतवाली गेट पर एक बार फिर हंगामा काटने लगी। फोजिया का कहना था कि उसका पति अवैध कार्य करता है। उस पर गलत काम करने के लिए दबाव बनाता है। वह उसे मुंबई ले गया था वहां पर उससे गलत काम करवाया गया है। जब के शमशेर का कहना था कि उसकी फोजिया के साथ दूसरी शादी है उसकी पत्नी फोजिया के पास पहले पति से एक बेटी है अब वह उसका मकान नाम करवाने के लिए दबाव बना रहा है साथ ही पहले पति की बेटी को भी अपने साथ रखने का दबाव बना रही है। उसके घर में घुसकर उसके परिवार के लोगों के साथ फोजिया वह उसके साथ आई महिलाओं ने मारपीट की है। पुलिस ने पति शमशेर का शांति भंग में चालान कर दिया। जबके फोजिया को मेडिकल कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भेजा गया है। इस दौरान सड़क के दोनों और जाम की स्थिति बनी रही।

# स्विफ्ट कार न मिलने पर पत्नी को निकाला

## पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। दहेज में स्विफ्टस कार व प्लांट के लिए 5 लाख रूपये न लाने से नाराज पति ने पत्नी को मारपीट कर घर से निकाल दिया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव तिगरिया नादिर शाह निवासी शीला पुत्री कृपाल की शादी के थाना गजरौला क्षेत्र के गांव कांकाठेर निवासी जुगलू के साथ हुई थी। शीला के मुताबिक उसके पिता कृपाल ने स्प्लेंडर बाइक दी थी तथा कुल मिलाकर 7 लाख रुपये शादी में खर्च किये थे। इस दौरान उसके तीन बेटियां पैदा हो गई। तीन बेटियां होने के कारण पति उसके साथ मारपीट करने लगा। 10 जुलाई को वह पति के साथ मायके आई थी। पति ने मायके में ही उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। मायके में ही पति दहेज में स्विफ्ट कार व प्लांट के लिए 500000 की डिमांड करने लगा। उसने अपने मायके वालों की हैसियत का वास्ता देकर पति को समझाना चाहा। लेकिन वह उसके साथ मारपीट कर उसे धक्का देकर वहां से निकल गया। महिला थाना आदमपुर रिपोर्ट कराने के लिए गई थी। लेकिन पुलिस ने उसकी फरियाद को नहीं सुना। उसके बाद पीड़ित शीला न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने जुगलू पुत्र जयलाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सुन्दर रंगोली बनाकर दी स्वच्छता की सीख

## शहर को साफ सुथरा रखें: ब्रजेश कुमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। नगर पालिका परिषद एवं आइटीसी मिशन सुनहरा कल सयुंक्त तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत चल रहे स्वच्छता पखवाड़े में शर्मा देवी कन्या इण्टर कॉलेज में स्वच्छता में जन भागीदारी को लेकर एक जन जागरूकता कार्यक्रम कराया गया।

शनिवार को अधिशासी अधिकारी डॉ बृजेश कुमार द्वारा छात्राओं को कचरे के प्रकार व उसके निस्तारण की जानकारी देते हुए गीला कचरा हर रंग के कूड़ेदान में ओर सूखा कचरा नीले रंग के कूड़ेदान में रखकर उसको रिक्शा व डोर टू डोर गाड़ी वाले को देने के स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। सभी छात्राओ ने सुंदर रंगोली बनाकर स्वच्छता ही सेवा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करायी। साथ ही साथ कॉलेज प्रिंसिपल चारु शर्मा



द्वारा सभी को स्वच्छता शपथ करायी गयी। उसके बाद आईटीसी मिशन सुनहरा कल टीम द्वारा सभी छात्राओ से मानव श्रंखला बनवाकर स्वच्छता ही सेवा का संदेश भी दिलाया। इस मौके पर कॉलेज प्रिंसिपल श्रीमती चारू शर्मा समस्त कॉलेज स्टाफ, छवि शर्मा, सफाई निरीक्षक मोहम्मद इल्तजा, जगत सिंह, सहायक सफाई निरीक्षक साजिद जिया, वार्ड सफाई नायक, निरलेश कुमारी रजनीश आईटीसी मिशन सुनहरा कल से अर्बन कॉर्डिनेटर शाहबाज अहमद आदि मौजूद रहे।

# टायर फटने से ट्रक में घुसी डीसीएम, लगा जाम

## चालक व क्लीनर घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। हाइवे पर टायर फटने से डीसीएम अनियंत्रित होकर ट्रक में घुस गयी। दुर्घटना में चालक व क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गये।

रात करीब दो बजे हादसा थाना क्षेत्र में हाईवे स्थित गांव अतरासी में डीवीआर के सामने हुआ। दिल्ली से मुरादाबाद की ओर जा रही डीसीएम का अचानक टायर फट गया। रफ्तार तेज होने के कारण चालक जब तक कुछ समझ पाता डीसीएम लहराते हुए आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डीसीएम का अगला और ट्रक का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। धमाके की आवाज सुनकर गांव के लोग भी बाहर निकल आए। वहीं, हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। अफरातफरी के माहौल में पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से डीसीएम के केबिन में फंसे चालक अरमान निवासी गांव गंगवार थाना गजरौला तथा परिचालक अली निवासी गांव दरियागढ़ थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद को बमुश्किल खींचते हुए बाहर निकाला। तुरंत दोनों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, हादसे के बाद हाईवे पर वाहनों की रफ्तार थम गई। पुलिस ने क्रेन मांगकर क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को सड़क से हटवाते हुए बिगड़ी यातायात व्यवस्था को बहाल कराया। थानाध्यक्ष कोमल तोमर ने बताया कि हादसा भीषण था। चालक-परिचालक के बच्चे की कोई उम्मीद नहीं दिख रही थी। समय पर उपचार मिलने से दोनों खतरे से बाहर हैं। हादसे की वजह डीसीएम का अगला टायर बना जो घिसा हुआ था। क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। मामले में तहरीर के आधार पर कार्रवाई जाएगी।

# संचारी रोगों को गंभीरता से लें

### डीएम निधि गुप्ता वत्स ने दिए विशेष दिशा निर्देश

**शाह टाइम्सब्यूरो, अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों एवं अन्य सम्बंधित विभागों ने प्रतिभाग किया।

डीएम ने 05 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष संच. ारी रोग नियंत्रण एवं 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले दस्तक अभियान के तहत व्यापक जनजागरूकता के लिए के लिए निर्देश दिए कि विभिन्न माध्यम से संचारी रोगों से बचाव के उपाय, स्वच्छता के महत्व एवं दस्तक अभियान की जानकारी आमजन तक पहुँचाई जाए। डीएम ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि अभियान के दौरान जनसहभागिता के माध्यम से संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए ताकि जिले को संचारी रोगों से मुक्त बनाया जा सके। जल भराव को जल्द से जल्द समाप्त किया जाए। स्थानीय निकायों पर संवेदीकरण एवं शहरी टास्क फोर्स बैठकें और ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत सहायकों के संवेदीकरण हेतु ब्लॉक स्तरीय बैठकें निर्धारित समय पर कर ली जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रशिक्षण को प्रभावी बनाया जाए, जिसमें ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सहायकों की अनिवार्य सहभागिता सुनिश्चित हो। उन्होंने ग्राम पंचायतों, शहरी वार्डों, आंगनवाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में साफ-सफाई, जलभराव की रोकथाम, एंटी लार्वा स्प्रे, गड्ढों की भराई, मच्छरजनित रोगों की रोकथाम कार्यों को प्राथमिकता के आधार करने के निर्देश दिए। बैठक में सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह, सीवीओ डॉ. आभा दत्त, डीपीओ ज्ञान प्रकाश तिवारी, समस्त सीएचसी एवं पीएचसी से चिकित्सक और एडीओ पंचायत सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



अमरोहा। कलेक्ट्रेट में संचारी रोग संबंधी बैठक लेतीं जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स।

# शिव बारात से रामलीला महोत्सव शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** नवयुवक रामलीला संघ के तत्वाधान में श्री रामलीला महोत्सव-2025 के शुभारंभ का आगाज आज शिव बारात से शुरू हुआ जिसमें सैंकडों की संख्या में राम भक्त झूमते गाते चल रहे थे।

जानकारी के अनुसार रामलीला मंचन के निमंत्रण हेतु पूरे कस्बे में शिव बारात निकाली गई शिव बारात पाधा जी के मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग ,अंबेडकर मूर्ति ,सैनी बाली पुलिया, बस स्टैंड ,घंटाघर , संतौषी माता मंदिर पर होते हुए रामलीला मंच पर समाप्त हुई। भव्य शिव बारात का जगह जगह फूल मालाओं से स्वागत किया गया साथ ही भगवान शिव के गण एवम सैंकड़ो श्रद्धालु डी-जे की धुनों पर नाचते गाते चल रहे थे। शिव बारात का विधिवत शुभारंभ भाजपा नेता कुँवरपाल खड़गवंशी वा भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने फीता काटकर किया। भव्य शिव बारात में भोलेनाथ की भव्य झांकी सभी का आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर अभिनव कौशिक, कोषाध्यक्ष अतुल गुप्ता, पद्मेश चंद्र ,अमन गुप्ता, अनिल गुप्ता, प्रदीप गुप्ता ,डा0 राजू, उमाशंकर गर्ग,कमल वर्मा ,कपिल गुप्ता,शरद गुप्ता, करुण गुप्ता, अंशुल आदि मौजूद रहे।

# रूकमणि एकेडमी ने जीता फाइनल मुकाबला

### वहाब तुर्क बने मैन आफ द सीरीज



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** रूकमणि क्रिकेट एकेडमी ब्लू ने दुर्गा क्रिकेट एकेडमी को हराकर फाइनल पर कब्जा कर लिया। उत्कृष्ठ मैमोरियल अंडर 13 का फाइनल मैच रूकमणि क्रिकेट एकेडमी व दुर्गा कमेटी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दुर्गा क्रिकेट एकेडमी ने 118 रन बनाये। जिसमें मोहम्मद रहमत ने 29, अक्षय प्रताप ने 20 रन बनाये। ब्लू की ओर से गेंदबाजी करते अंश गौतम ने तीन, मोहम्मद सैरान व वहाब तुर्क ने दो-दो विकेट हासिल कये। जबकि आबिक खान व अंकित को एक-एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करते रूकमणि क्लब ने 29.3 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। अंश गौतम ने 41, वहाब तुर्क ने नाबाद 30, हस्सान तुर्क ने 28 रन बनाकर जीत में अहम योगदान दिया। मैन आफ दि मैच का पुरस्कार अंश गौतम व वहाब तुर्क को संयुक्त रूप से दिया गया। जबकि मैन आफ दि सीरिज वहाब तुर्क को मिली। जिन्होंने पांच मौके पर नौ विकेट के साथ 99 रन भी बनाये। एम्पायर मोहम्मद शायम, शहजाद अहमद रहे। जबकि स्कोरिंग मौहम्मद अलीम ने की। इस मौके पर मोहम्मद हसीन, सोनू कुमार, ओमदत्त शर्मा, तरूण चीमा, मोहम्मद नदीम, रोहित कुमार, मोहम्मद अहमद, मोहम्मद उसमान आदि मौजूद रहे।

# रामलीला के लिए किया भूमि पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** श्रीरामलीला प्रबंध समिति के तत्वाधान में नगर के बस्ती में आयोजित होने वाले श्री रामलीला महोत्सव के लिए शनिवार को झंडा पूजन किया गया। सभी पदाधिकारियों ने स्व.रमाशंकर कौशिक स्मृति पार्क में एकत्रित होकर बैंड बाजे के साथ मां चामुण्डा देवी मंदिर पर जाकर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम सकुशल संपन्न होने की कामना की, उसके बाद वापिस ग्राउंड में आकर रामलीला के मंच पर झंडा बांधा। इस अवसर पर अध्यक्ष रामप्रकाश गर्ग, डॉ.आशुतोष भूषण शर्मा, विपिन कौशिक, सोनू गर्ग, कपिल सिंघल, डॉ.निरंजन प्रसाद गर्ग, जनार्दन कौशिक, सुबोध कुमार सिंघल, संजीव सिंघल, गौरव गोयल, पंकज कौशिक, यश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



# किसानों की समस्याओं की अनदेखी कर रही सरकार



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की जिलास्तरीय बैठक ग्राम नारंगपुर में हुई। पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष चौ. उपेन्द्र सिंह ने कहा कि सरकारें किसानों के उत्पाद का दाम महंगाई के अनुपात में नहीं बढ़ातीं। उन्होंने गन्ना मूल्य 500 रु. प्रति क्विंटल घोषित करने की मांग की। मंडल प्रभारी राजवीर सिंह ने गजरौला महापंचायत को सफल बनाने पर किसानों का धन्यवाद किया। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष लकी गौसल ने बताया कि 28 सितम्बर को सिम्भावली (हापुड़) में विशाल किसान महापंचायत होगी। बैठक में अंकित चौधरी समेत कई पदाधिकारियों ने विचार रखे। अध्यक्षता सावेन्द्र सिंह व संचालन लकी गौसल ने किया

# चकबंदी प्रक्रिया में भ्रष्टाचार का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** ग्राम आजमपुर की चकबंदी प्रक्रिया पिछले दो दशकों से अधर में लटकी हुई है। वर्ष 2004 से चल रही इस प्रक्रिया में अब तक कोई ठोस प्रगति न होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि चकबंदी कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है और जिम्मेदार अधिकारी जानबूझकर काम में टालमटोल कर रहे हैं। ग्राम आजमपुर राजस्व ग्राम होने के साथ-साथ बड़ा गांव है, जिसमें कुल 12 मजरे शामिल हैं। ग्रामीणों का कहना है कि 20 साल से चकबंदी अधूरी है, अधिकारी सिर्फ समय निकाल रहे हैं। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# भक्ति व उल्लास से रामलीला महोत्सव का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** शुक्रवार की रात नगर का वातावरण भक्ति रस और उल्लास से सराबोर हो उठा। नगर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक परंपरा को जीवित रखने वाले रामलीला महोत्सव का आगाज बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक माहौल में हुआ।

महोत्सव का शुभारंभ थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार और नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर किया। इस दौरान मंच पर उपस्थित लोगों ने पुष्पवर्षा और तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया। थाना प्रभारी ने अपने संबोधन में कहा कि रामलीला केवल मंचन मात्र नहीं, बल्कि यह समाज को मर्यादा, आदर्श और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। वहीं पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने इसे भारतीय संस्कृति और परंपराओं की धरोहर बताया। शुभारंभ के बाद रामलीला मंचन का आरंभ हुआ। कलाकारों ने भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों का ऐसा अद्भुत अभिनय प्रस्तुत किया कि पूरा पंडाल भावविभोर हो उठा। हर दृश्य पर दर्शकों ने जयघोष किया और जय श्रीराम के नारे गूंजने लगे। मंचन के दौरान माहौल पूरी तरह धार्मिक आस्था में रंग गया। महोत्सव के शुभारंभ पर नगरवासी भारी संख्या में पहुंचे। मंच पर रामलीला कमेटी के पदाधिकारी और नगर के गणमान्य मौजूद रहे। इस मौके पर अवनीश अग्रवाल, पवन गुप्ता, अक्षय अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, बिंदु शर्मा, नवनीत वर्मा, गौरव अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, शरद गर्ग, सुमित अग्रवाल, सुनील प्रजापति, श्याम गर्ग, गीतेश अग्रवाल मौजूद रहे।

# स्काउट-गाइड को बताया समाजसेवा का महत्व

### एडब्ल्यू फैजेआम कालेज में कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** एडब्ल्यू फैजे आम इंटर कॉलेज में स्काउट गाइड का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शनिवार को विद्यालय के प्रांगण में स्काउट गाइड जिला प्रशिक्षक मंजीता सिंह के नेतृत्व व विद्यालय कोऑर्डिनेटर मोहम्मद फहीम व फरहत अली के मार्गदर्शन में चल रहा था। उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जेवएसव हिंदू इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डा0 जीवपीव सिंह के द्वारा बच्चों के कैंपों का निरीक्षण करके किया गया। श्री सिंह ने स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का जीवन में कितना महत्व है और उसका क्या



उद्देश्य वास्तविक जीवन में होता है इस पर प्रकाश डाला। श्री सिंह ने अच्छा शिविर बनाने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया तथा जीवन में इस प्रशिक्षण का महत्व स्काउट और गाइड को बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य खुर्शीद अनवर खान ने स्काउट और गाइड को बताया की आपदा के समय किस तरह से निश्चित संसाधनों में मनुष्य को अपना जीवन यापन करना चाहिये। उन्होंने यह भी बताया कि शिविर व प्रशिक्षण के दौरान स्काउट और गाइड को वास्तविक जीवन की तैयारी करने का अवसर प्रदान होता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रधानाचार्य खुर्शीद अनवर खान, दानिश हबीब खान, डॉ अहमद उरूज, यकीनुर रहमान खान, जकरिया खान , मोहम्मद शाहिद खान, मोहम्मद शाकिर, फरहत अली, मोहम्मद फहीम, अल अराफ मशहूद, राहुल कुमार ,कुलसुम, रियाबुद्दीन, मोहम्मद अतहर खान, सतीश , शादाब आलम, तस्कीन अंसार आदि मौजूद थे।

# कृषि विज्ञान केन्द्र पर प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र वितरित

### विशेषज्ञ डॉ.प्राची पटेल ने किया प्रशिक्षित

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** किसानों की मांग और मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने, स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर बल देने और किसानो की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र गजरौला के प्रभारी अधिकारी डॉ.एके मिश्र के निर्देशानुसार 15 से 19 सितंबर तक 18 पुरुष एवं 2 महिला किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र की विषय वस्तु विशेषज्ञ (ग्रह विज्ञान) डॉ.प्राची पटेल द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान डॉ.



प्राची ने सोप बेस, नीम पाउडर, ऑरेंज पील पाउडर, रोज पेटल पाउडर , एसेंशियल ऑयल आदि से साबुन बनाना, सोया वेक्स एवं जल वैक्स द्वारा मोमबत्ती बनाना भी सिखाया। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. अमित तोमर और डॉ.सतपाल सिंह भी मौजूद रहे। प्रमाण पत्र प्राप्त करने वालों में मुख्य रूप से भूपेंद्र सिंह, महिपाल सिंह, कृष्ण कुमार शर्मा,धर्मपाल सिंह, अमित कुमार, गंगाशरन, बबीता, जय कुमार एवं जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# राजीव बने प्रदेश संगठन मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** समाज कल्याण विकास संघ उत्तर प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी में मंडी धनौरा ब्लॉक में कार्यरत एडीओ समाज कल्याण राजीव कुमार को संगठन मंत्री नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष एसएन यादव ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी। पदभार ग्रहण करते हुए राजीव कुमार ने कहा कि वे साथीअधिकारियों-कर्मचारियों की समस्याओं को संगठन के माध्यम से गंभीरता से उठाएंगे और समाधान के प्रयास करेंगे।

# गंदे पानी से निजात की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नगर पालिका की लापरवाही से त्रस्त कटरा मोहल्ला इन दिनों गंदा पानी पीने को मजबूर है। बार-बार शिकायतों के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई, तो परेशान मोहल्ले वाले संपूर्ण समाधान दिवस पहुंचे और अधिकारियों के सामने गुहार लगाई। कटरा मोहल्ला निवासी लोगों ने बताया कि नगर पालिका की पानी की टंकी की पाइप लाइन कुछ दिन पहले फट गई थी, जिससे पानी सड़क पर बहने लगा। यही गंदगी अब पानी की पाइपलाइन के जरिए घरों की टंकियों तक पहुंच रही है। हालात ऐसे हैं कि लोग नाली का पानी पीने को मजबूर हैं। शिकायत करने वालों में रशिद, उमर, आरिफ, जलालुद्दीन सेफ, समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।।

# स्वच्छता ही सेवा की दिलाई शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर में शनिवार को स्वच्छता का संदेश गूंजा। नगर पालिका परिषद एवं स्वच्छ भारत मिशन के तत्वावधान में आयोजित विशेष कार्यक्रम में बच्चों ने न केवल स्वच्छता का महत्व जाना, बल्कि स्वयं भी इसमें योगदान देने की शपथ ली। कार्यक्रम का आयोजन कन्या जूनियर प्राइमरी स्कूल में किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, अध्यापिका, सफाई प्रभारी विशाल शर्मा, महेन्द्र कुमार, मनोज कुमार, कृष्ण कुमार और निशांत कुमार सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे। सभी ने मिलकर बच्चों को स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया।

# शिक्षकों के हित में पुरानी पेंशन बहाल करे सरकार: शर्मा

### ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज में हुई चेतनारायण गुट की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (चेतनारायण गुट) ने सरकार से पुरानी पेंशन की बहाली की मांग की, साथ ही आगामी वर्ष में होने वाले शिक्षक विधायक के चुनाव के लिये शिक्षकों से अपने अपने वोट बनवाने का भी आह्वान किया।

शनिवार को नगर के ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज में आयोजित बैठक में प्रांतीय कोषाध्यक्ष महेश चन्द्र शर्मा ने कहा कि, सरकार शिक्षकों की पुरानी पेंशन को बहाल करे, क्योंकि न्यू पेंशन स्कीम को सभी संगठन और कर्मचारी नकार चुके हैं। पुरानी पेंशन रिटायरमेंट होने के बाद कर्मचारी के जीवना. `पयोगी व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि समर कैंप के दौरान काम करने वाले शिक्षकों को ईएल देने की बात कही गई थी मगर उसे भी सरकार ने नहीं दिया है। कहा कि आगामी वर्ष 2026 में शिक्षक विधायक के चुनाव होने हैं, सभी शिक्षक अपने अपने वोट बनवाएं। उन्होंने संगठन की मजबूती का आह्वान किया। जिला मंत्री सुधीर अग्रवाल ने कहा कि कोरोना काल में रोका गया डीए जिसे बाद में देने का वादा सरकार द्वारा किया गया था, उसे भी पूरा नहीं किया गया है। इसलिए रोका गया डीए अब दिलाया जाए। बैठक में प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य विमलेन्द्र विमल, मंडल मंत्री अरूण शर्मा, इमरान अहमद, सुमित वर्मा, लोकेन्द्र सिंह, करन सिंह, उमेश कुमार, हरीश कुमार वर्मा, सोमपाल सिंह, पूजा देवी समेत ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य पीजी गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# पुल, सड़कों की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मिले विधायक



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** विधायक राजीव तरारा ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ से हुए नुकसान एवं क्षेत्र की विकास आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चा की। विधायक ने मुख्यमंत्री से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र खादर क्षेत्र में बाढ़ से टूटी सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराने का अनुरोध किया तो वहीं दरबड़ ठेठ से शेरपुर के मध्य अवशेष तटबंध अतिशीघ्र पूर्ण करने हेतु आग्रह किया। बताया कि इसके निर्माण से लगभग 2 दर्जन गाँवों को लाभ होगा। इसी के साथ ही उन्होंने पप्सरी खादर और पहाड़पुर के मध्य, खावड़ी एवं आजमपुर के मध्य, जयथल व चंद्रा फार्म के मध्य नए पुल की माँग की, साथ ही जाजरू के निकट राम गंगा पोषक नहर पर क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण की मांग की। चकनवाला से बछरायूं तक सड़क चौड़ीकरण की मांग की। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री आश्वस्त किया कि जनता की समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कदम प्राथमिकता से उठाए जाएंगे। इस दौरान विधायक राजीव तरारा ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य, एके शर्मा जी से भी शिष्टाचार भेंट कर एवं क्षेत्रीय विकास से संबंधित विषयों पर चर्चा की।

# पुलिस ने की अवैध शराब बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** आबकारी विभाग ने मुखबिर कि सूचना पर शराब तस्कर से 21 फ्रूटी मार्का टॉप बास देसी शराब मसाला को बरामद किया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। बीते दिन आबकारी विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के गांव चकफेरी के करीब एक व्यक्ति अवैध शराब के साथ मौजूद है। आबकारी विभाग की टीम ने आरोपी रामपाल सिंह पुत्र हरपाल ग्राम सांथलपुर को पड़कर तलाशी ली तो उसके थैले में अवैध 21फ्रूटी मार्का टॉप बास देसी शराब मौजूद थी। पुलिस ने संबंधित धाराओं में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# 12 को रजबपुर में जनसभा करेंगे जयंत

**शाह टाइम्स संवाददाता गजरौला।** रजबपुर में 12 अक्टूबर को होने वाली रालोद मुखिया एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की जनसभा को सफल बनाने के लिए पार्टी की बैठक का आयोजन किया। जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी ने तैयारी बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि, जनपद अमरोहा की धरती ने हमेशा किसान, नौजवान और आम जनता की आवाज को मजबूती दी है। 12 अक्टूबर को रजबपुर में होने वाली यह सभा केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि किसानों, मजदूरों, नौजवानों और मातृशक्ति की सामूहिक ताकत का ऐतिहासिक प्रदर्शन होगी। अपील है कि वे भारी संख्या में पहुँचकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी की जनसभा को सफल बनाएं। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष मनवीर सिंह चिकारा, सरजीत सिंह, योगेंद्र सिंह, सुमित शिवाच, नमित चौधरी, सुरेंद्र गंदर्भ, नईम अहमद, गुफरान, बोबिन सिंह,मास्टर महेश सिंह, संजीव सिंह आदि मौजूद रहे।

**खोया-पाया**

मेरी भूमि का मूल बैनामा संख्या 2747 दिनांक 9 मार्च 2010 जोकि श्रीमती पिंकी के नाम है तथा दूसरा मूल बैनामा संख्या 1625 दिनांक 6 फरवरी 2023 जो कि ज्योति पत्नी श्री पुष्पेंद्र सिंह के नाम है, कहीं खो गए हैं।

मयंक जैन पुत्र श्री अनिल कुमार जैन निवासी कस्बा हसनपुर मोहल्ला कायस्थान निकट छोटा बिजलीघर, हसनपुर, अमरोहा

# किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने में रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** बहन के घर पर रह रही एक 16 वर्षीय किशोरी को एक युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। किशोरी के पिता ने आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस से अपनी पुत्री को बरामद कराने की मांग की है। जानकारी के अनुसार बिजनौर जनपद के एक गांव निवासी व्यक्ति की पुत्री नगर के हाइवे स्थित एक मौहल्ले में बहन के पास रहती थी। दो माह पूर्व वह अचानक चली गई, तब से परिजन उसकी तलाश कर रहे थे, अब पता चला कि उसे अशोक यादव नामक युवक लेकर फरार हुआ है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** अलीगढ़ से बरेली रेल मार्ग पर आसफपुर रेलवे स्टेशन की पश्चिमी दिशा में चंद कदमों की दूरी पर एक शव मिलने पर आसफपुर क्षेत्र में सनसनी फैल गई । इस दौरान आसफपुर क्षेत्र के आस पास इलाके के लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई । ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी अली मियां जैदी , उपनिरीक्षक चंद्र शेखर सिंह , कांस्टेबल प्यारे खां , अंशुल कुमार ने मौके पर घटना स्थल का जायजा लिया । प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक अज्ञात व्यक्ति की उम्र करीब 55 वर्ष बताई जा रही है । फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है व रेलवे पुलिस ने शव को मोर्चरी में भिजवाया है । यह घटना शनिवार की बताई जा रही है।

# आसफपुर में मासूम से दरिंदगी, पुलिस पर लगे पक्षपात के आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** थाना फैजगंज बेहटा की आसफपुर चौकी क्षेत्र में सोमवार को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। गाँव के एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय परिसर में चार वर्षीय मासूम छात्रा को दरिंदे ने हवस का शिकार बना डाला। घटना के वक्त स्कूल में सहायक अध्यापक मौजूद था, जिसकी भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।



**छुट्टी के वक्त हुई वारदात**

जानकारी के मुताबिक स्कूल की छुट्टी के समय एक युवक छात्रा को खींचकर परिसर में ले गया और दुष्कर्म किया। उस दौरान सहायक अध्यापक सलीम मौजूद था। परिजनों का आरोप है कि उसने आरोपी को बचाने और फरार कराने का काम किया। वहीं प्रधानाध्यापक सरकारी कार्य से बीआरसी केंद्र गए थे। बच्ची की हालत नाजुक घर लौटकर मासूम ने आपबीती सुनाई तो परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। बच्ची के निजी अंगों पर गम्भीर चोटें साफ इशारा कर रही थीं कि उसके साथ जघन्य अपराध हुआ है। पुलिस पर लापरवाही का आरोप परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि आसफपुर चौकी प्रभारी अली मियां जैदी ने शिकायत पर कार्रवाई नहीं की और परिजनों को फटकार कर घर भेज दिया। थाना पुलिस ने भी कई बार तहरीर बदलवाने की कोशिश की। पुलिस की इस लापरवाही से गुस्साए ग्रामीणों और हिंदूवादी संगठनों ने थाने का घेराव कर हंगामा किया।

**दबाव में दर्ज हुई तहरीर:** हंगामे और दबाव के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर आरोपी की गिरफ्तारी और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई जल्द न हुई तो आंदोलन और तेज होगा।ढफिलहाल बच्ची का इलाज कराया जा रहा है और पुलिस जांच कर रही है, लेकिन इलाके में आक्रोश और दहशत का माहौल है।

**'हिंदूवादी संगठनों के धरना प्रदर्शन और आंदोलन की चेतावनी के बाद दर्ज हुई रिपोर्ट'** इस घटना पर थाना पुलिस किस तरह पर्दा डालने में जुटी थी यह इसी से पता चलता है कि परिजनों ने जब सुनवाई न होते देख विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं से संपर्क किया तो दवाब में तहरीर तो ले ली गयी लेकिन उसको दुष्कर्म मानने से पुलिस इनकार करती रही। बाद में विहिप की ओर से आंदोलन की चेतावनी के बाद रिपोर्ट दर्ज की गई।

'प्राथमिक विद्यालय में हुई घटना के बाद बीएसए वीरेंद्र सिंह ने दिया बयान' इस शर्मशार कर देने वाली घटना का घटनास्थल चूंकि प्राथमिक विद्यालय था इसलिए बेसिक शिक्षा विभाग भी हरकत में आ गया है। मीडिया को दिए बयान में बीएसए ने सहायक अध्यापक मो0 सलीम की भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही शुरू करने की बात कही है। बीएसए का कहना है कि यदि उनके विभाग के किसी अध्यापक की इस मामले में संलिप्तता पाई जाती है।

तो उसपर कठोर विभागीय कार्यवाही की जाएगी। 'चौकी प्रभारी आसफपुर अली मियां जैदी की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवालिया निशान' पिछले 6 महीनों की बात की जाए तो आसफपुर चौकी इंचार्ज अली मियां जैदी का कार्यकाल विवादित ही ज्यादा रहा है। पिछले एक पखबाड़े मे ताबड़तोड़ चोरियों और जुए के अड्डों के संचालन को लेकर उनकी कानून व्यवस्था सवालों के घेरे में आई है। अब स्कूली छात्रा के साथ हुई इस शर्मनाक घटना ने हर किसी को हिलाकर रख दिया है। परिजनों का सीधा आरोप है कि जब वे बच्ची को लेकर चौकी पहुँचे तो चौकी प्रभारी ने घटना की संवेदनशीलता को दरकिनार कर उनको फटकार कर भगा दिया। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

# चोरी की मोटरसाइकिल संग दो शातिर चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत सहसवान पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है।



पुलिस ने दो अभियुक्तों को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दबोच लिया, जबकि उनके दो साथी मौके से फरार हो गए घटना का विवरण 20.09.2025 को उ0नि0 विनोद कुमार मय पुलिस टीम (हे0का0 हिटलर खान, का0 मनीष कुमार, का0 आलोक कुमार कस्बा सहसवान क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली कि कुछ युवक चोरी की मोटरसाइकिल लेकर संघटक महाविद्यालय की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर मौजूद हैं सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घेराबंदी कर ग्राम काशीपुर, थाना जुनावई जनपद सम्भल निवासी अवधेश पुत्र राकेश (28 वर्ष) व रिंकू पुत्र इतवारी (22 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर (नंबर UP24X6181) बरामद हुई पूछताछ में खुलासा गिरफ्तार अभियुक्तों ने कबूल किया कि वे अपने दो अन्य साथियों ललतेश पुत्र कुंवरपाल उर्फ बंटी और सहदेव पुत्र हरी सिंह (दोनों निवासी ग्राम काशीपुर,थाना जुनावईके साथ मिलकर मोटरसाइकिल चोरी की वारदातें अंजाम देते हैं। दोनों फरार अभियुक्तों की तलाश जारी है अवधेश: मु0अ0सं0 393/25 धारा 303(2)/317(2) BNS थाना सहसवान रिंकू मु0अ0सं0 393/25 धारा 303(2)/317(2) B N थाना सहसवान मु0अ0सं0 382/17 धारा 147/341 IPC थाना गुन्नौर मु0अ0सं0 266/18 धारा थाना गुन्नौर मु0अ0सं0 822/18 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना गुन्नौर मु0अ0सं0 631/20 धारा 3/25 । A C T थाना गुन्नौर मु0अ0सं0 97/20 धारा 3/25 । IC T थाना गुन्नौर मु0अ0सं0 323/19 धारा 60 EX ACT थाना सहसवान बरामदगी एक अदद हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (U P 24X6181)।

# प्रकाश पर्व दीपावली पर मिलेगी निर्बाध बिजली : ई. राघवेंद्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** त्योहारों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बिजली विभाग ने विशेष विद्युत अनुरक्षण अभियान शुरू किया है। यह अभियान 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। मुख्य अभियंता इंजीनियर राघवेंद्र ने एक वार्ता में बताया कि आने वाले महीने में दशहरा और दीपावली जैसे प्रमुख पर्व हैं। इन अवसरों पर उपभोक्ताओं को बिना बाधा बिजली मिले इसलिए विस्तृत कार्य योजना बनाई गई है। अभियान के तहत सब स्टेशन, पोल, लाइनें और ट्रांसफार्मरों की गहन जांच की जा रही है। साथ ही उनके प्रोटेक्शन सिस्टम को भी रखा जा रहा है, ताकि किसी भी तरह की खराबी से बचा जा सके। शनिवार को मुख्य अभियंता इंजीनियर राघवेंद्र ने विद्युत वितरण खंड तृतीय के दो बिजली घरों का निरीक्षण किया। उन्होंने लोड, सप्लाई, पावर ट्रांसफार्मर के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह ट्रांसफार्मर का स्थलीय निरीक्षण ट्रांसफार्मर की प्रीवेंटिव मेंटेनेंस जैसे अर्थिंग, लोड बैलेंसिंग, ओवरलोडिंग आदि की जांच करा कर ट्रांसफार्मर की कमियों को दूर कराएं।श्री राघवेंद्र ने अधिकारियों को तकनीकी कमियों को दूर करने और उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति से संबंधित कोई परेशानी न हो इसके लिए निर्देशित किया।

## क्यूआर कोड को करे स्कैन,सुझाव व फीडबैक साझा करें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के सपने को साकार करने में हम सभी का योगदान अमूल्य है। कृपया दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके अपने विचार, सुझाव व फीडबैक साझा करें। आपका एक सुझाव हमारे प्रदेश व देश के उज्ज्वल भविष्य की दिशा तय कर सकता है। आइए, मिलकर एक समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित उत्तर प्रदेश की ओर कदम बढ़ाएँ।

## महिला समृद्धि द्वारा अंबेडकर स्कूल में चित्रकला का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** जायंट्स ग्रुप ऑफ बिसौली महिला समृद्धि के द्वारा जायंट्स सेवा सप्ताह के अंतर्गत अंबेडकर स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई।जिसमें सभी कक्षाओं के बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कक्षा प्रथम की प्रज्ञा प्रथम रही, कक्षा चतुर्थ की प्रियांशी द्वितीय, कक्षा पांच की स्वेता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इस दौरान महिला समृद्धि द्वारा स्कूल के बच्चों को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर ग्रुप की अध्यक्ष अंजलि अग्रवाल, सचिव आंचल वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष ऋतु साहनी, पारुल अग्रवाल, रूपम गुप्ता, कंचन सक्सेना, डॉक्टर स्वाति रंजन, सरिता वार्ष्णेय, रोजी अग्रवाल, मानसी गर्ग, राखी वार्ष्णेय, शिवानी अग्रवाल, रूबी अग्रवाल, अंशिका गर्ग, ममता यादव, स्मिता यादव, रुचि वार्ष्णेय, सपना वार्ष्णेय, प्रीति वार्ष्णेय, रोचन अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, सिम्मी साहनी, राधिका अग्रवाल, पिंकी वार्ष्णेय, स्मिता यादव आदि सदस्य उपस्थित रही।

# गंगा एक्सप्रेस वे पर हादसे में दो सर्राफा व्यापारियों की मौत, नगर में पसरा सन्नाटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस – वे पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में नगर के दो सर्राफा व्यापारियों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को बाहर निकाला और परिजनों को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना वजीरगंज क्षेत्र अंतर्गत गांव जुलहपुरा भमोरी गंगा एक्सप्रेस वे पर शुक्रवार रात को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो जिंदगियां असमय काल के गाल में समा गई। कार अनियंत्रित होकर जुलहपुरा के पास भमोरी गांव के समीप पलट गई, जिससे कार में सवार दो सर्राफा व्यापारी मौके पर ही दम तोड़ बैठे मृतकों की पहचान स्पर्श गर्ग (30) निवासी डाकखाना रोड बिसौली और अंशुल गुप्ता (29)



निवासी कटरा मोहल्ला बिसौली के रूप में हुई है। दोनों व्यापारी बरेली से अपने घर लौट रहे थे। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के समय आसपास कोई मौजूद नहीं था, सुबह ग्रामीणों ने एक्सप्रेस वे पर दुर्घटनाग्रस्त कार को देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही वजीरगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार में फंसे दोनों युवकों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। हादसे की सूचना मिलते ही फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। दुर्घटनाग्रस्त कार के पास चांदी के आभूषणों से भरे बैग, नकदी और अन्य सर्राफा सामान बिखरा पडा था। पुलिस ने तुरंत सभी सामान को अपनी कब्जे में ले लिया और मृतकों की पहचान सुनिश्चित करने के बाद परिजनों को इसकी सूचना दी। जब यह खबर स्पर्श गर्ग और अंशुल गुप्ता के परिजनों को मिली तो परिवार के साथ नगर में कोहराम मच गया।

दोनों ही युवक सर्राफा व्यापारी थे और सामाजिक रूप से भी सक्रिय थे। उनके असमय निधन से न केवल परिवार बल्कि बिसौली कस्बे के व्यापारी वर्ग में शोक की लहर है। वजी. रगंज थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मृतकों के पास से मिले आभूषण और दस्तावेज को सुरक्षित रख लिया गया है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने शनिवार को तहसील बिल्सी में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कुल 33 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया, शेष के गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए। डीएम ने कहा कि आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण मा0 मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकताओं में है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वह फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुने तथा उसका गुणवत्ताप. रक निस्तारण सुनिश्चित कराए। उन्होंने बताया कि शासन स्तर से निस्तारण का फीडबैक भी शिकायतकर्ता के मोबाइल पर कॉल करके लिया जाता है, इसलिए शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर चकरोड पर से अवैध कब्जा हटवाने, भूमि पर से अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाइश करवाने, बिजली के बिल सही कराने, बिजली का बिल उपलब्ध कराने, पेंशन व आवास की मांग सहित विभिन्न विभागों की कुल 33 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी बिल्सी प्रेमपाल सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज में प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** शनिवार को क्षेत्र के सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज शरह बरौलिया में माध्यमिक विद्यालयों की बालक वर्ग की कबड्डी की जनपदीय प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता में अंडर-19 विजेता एनए इंटर कालेज बिल्सी व उपविजेता मुन्ना लाल इंटर कालेज वजीरगंज, अंडर 17 विजेता भूदेवी इंटर कॉलेज बिल्सी विजेता व उपविजेता माधव राम इंटर कालेज उघैती,अंडर 14 में विजेता आर वीएस इंटर कालेज वुटला तथा उपविजेता भूदेवी वाष्णेय इंटर कालेज बिल्सी की टीम रही।प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय के प्रबन्धक अमित पाठक ने किया,उद्धघाटन करते हुए अमित पाठक ने कहा खिलाड़ियो को सम्बोधित करते हुए कहा कि छात्र पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी अपना व कालेज का नाम रोशन करें। प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने सभी आगुन्तको का आभार व्यक्त किया।प्रतियोगिता को संपन्न कराने में प्रतियोगिता के जिला क्रीड़ा सचिव अजय कुमार पटेल,जिला क्रीड़ा सहसचिव व अटेवा अध्यक्ष ओमवीर सिंह यादव का विशेष सहयोग रहा।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री आलोक पाठक,पूर्व प्रधानाचार्य राकेश कुमार शर्मा ,उप प्रबन्धक श्याम पाल पाठक,प्रदीप चौधरी पूर्व जिला पंचायत सदस्य,चौधरी सुभाष सिंह,दया राम सिंह,अभय कुमार,वरुण प्रताप,सुरेंद्र पाल ,हेमेंद्र सिंह,हरदेश भारद्वाज सुधीर यादव के साथ कालेज के शिक्षक नीरज चौहान,विपलव भारती, रामौतार मौर्य, डॉ प्रमोद शर्मा,प्रवीण मिश्रा, अनमोल उपाध्याय,विपुल प्रताप सिंह, अश्वनी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# आपदा अनुकूलन विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ संपन्न

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**आसफपुर।** स्थानीय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव व प्रशिक्षण अधिकारी पंकज कुमार के निर्देशन चलाया जा रहा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम्य पंचायत विकास योजना में आपदा जोखिम , न्यूनीकरण एवं जलवायु जनित आपदाओं के अनुकूलन का समावेशीकरण विषयक तीन दिवसीय जनपद स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार , विनय कुमार सिंह , रूपेंद्र कुमार पटेल ने सभी प्रतिभागियों को ग्राम पंचायत योजना में आपदा जोखिम ,न्यूनीकरण एवं जलवायु परिवर्तन



आपदाओं का समावेशीकरण से संबंधित आवश्यक जानकारी जुटाई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना विभाग , राजस्व विभाग , पंचायती राज विभाग , शिक्षा विभाग ,ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रतिभाग लिया जिसमें जनपद बदायूं क्षेत्र के 34 व संभल क्षेत्र से 23 प्रतिभागी शामिल रहे। कार्यक्रम समापन के अवसर पर प्रशिक्षण अधिकारी पंकज कुमार व प्रशिक्षक विनय कुमार सिंह व रूपेंद्र कुमार पटेल ने सभी प्रतिभागियों को एक एक बैग , प्रशिक्षण विषयक साहित्य सहित प्रमाण - पत्र भेंट कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की और आशीष वचन देकर विदा किया । इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव , प्रशिक्षण अधिकारी पंकज कुमार , कुशल प्रशिक्षक विनय कुमार सिंह सहित संस्थान के परिवार की कार्यशैली को सराहा । कार्यक्रम समापन के अवसर पर राजस्व विभाग से लेखपाल राहुल सिंह , बाल विभाग परियोजना विभाग से मुख्य सेविका विमला देवी , मिथिलेश , कन्यावती , शोभा शर्मा , सरिता यादव , शिक्षा विभाग से मनोज कुमार गंगवार , शिव कुमार , अमित कुमार शंखधार , रत्नेश यादव , कनिष्का कौर , प्रभात कुमार , पंकज कुमार , कमल कुमार , जितेंद्र कुमार , गुड़िया गौतम , शारदा कुमारी , विमला शर्मा , विपिन कुमार , ममता गौतम आदि प्रतिभागी मौजूद रहे । इस कार्यक्रम में संस्थान के प्रेम सागर यादव , आकाश कुमार , अमित कुमार , बीरेंद्र कुमार कश्यप , राम गोपाल कश्यप आदि का सहयोग अपेक्षित रहा । यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 18 सितंबर से 20 सितंबर 2025 तक अनवरत रूप से चलाया गया । यह जानकारी संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव ने दी ।

## रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** सेवा पखवाड़ा के उपलक्ष्य में आज राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूँ में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के नर्सिंग छात्रों ने ओपीडी हॉल में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को रक्तदान के महत्व और इसकी आवश्यकता के प्रति जागरूक किया। शिविर में कॉलेज के सोशल मीडिया प्रभारी डा. लालेन्द्र यादव ने भी स्वेच्छा से रक्तदान कर इस अभियान में सहयोग दिया। उन्होंने कहा कि "रक्तदान केवल एक नेक कार्य ही नहीं बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। कार्यक्रम में विशेष सहयोग गिरधारी सिंह राठौर (भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति, बदायूँ) का रहा। उनके मार्गदर्शन से राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान के छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। शिविर में कुल 25 पंजीकरण और 12 रक्तदान संपन्न हुए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रितुज अग्रवाल, पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डा. सुचेता यादव, ब्लड बैंक प्रभारी डा. वैशाली सिंह, फार्माकोलॉजी विभागाध्यक्ष डा. रश्मि सिंह, दंत विभाग से डा. नेहा सिंह, पैथोलॉजी विभाग से डा. श्वेता कन्नौजिया तथा अन्य संकाय सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट भी वितरित किए गए। शिविर में पैथोलॉजी विभाग से डा. ममता कन्नौजिया, डा. अनुभव, डा. मयंक, डा. सुदीप, डा. वर्निता, डा. ललित, लैब टेक्नीशियन रजनीश कुमार पटेल, अमर सिंह, तथा नर्सिंग स्टाफ कलपा यादव और सालवी राठौर उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य विभाग दर्ज कराएगा नर्सिंग होम के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंवर गांव ।** बुखार से किशोर की मौत के बाद सील हुए गुरुनानक हास्पिटल के खिलाफ अब स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मुकदमा दर्ज कराया जाएग ।वहीं सरकारी अस्पताल के पास दूसरे नर्सिंग होम के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी । बीते मंगलवार को कुंवर गांव थाना क्षेत्र के गांव हरनाथपुर निवासी निरंजन के पुत्र विक्रम की बुखार से मौत हो गई थी । विक्रम का झबरा पुलिया के पास स्थित गुरुनानक हास्पिटल में दो दिन इलाज हुआ था हालत खराब होने पर उसको रैफर कर दिया गया जहां उसकी मंगलवार रात में मौत हो गई परिजनों ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी और परिजनों बुधवार को अस्पताल पर हंगामा काटा था जिसके बाद बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पहुंचकर अस्पताल को सील कर दिया ।वहीं कस्बे में सरकारी अस्पताल के पास बने नर्सिंग होम में एक रात इलाज होने का आरोप लगा था लेकिन उसपर स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कोई कार्यवाही नहीं की गई । अब स्वास्थ्य विभाग ने दोनों अस्पताल संचालकों के खिलाफ कार्यवाही के लिए तैयारी कर ली है घटपुरी सीएचसी प्रभारी नरेंद्र पटेल ने अधिकारियों को एफआईआर दर्ज कराने के लिए मेल भेजा है वहीं नरेंद्र पटेल शनिवार को कुंवर गांव थाने दोनों अस्पतालों के खिलाफ कार्यवाही कराने के लिए तहरीर लेकर पहुंचे थे लेकिन उस समय थाना प्रभारी नहीं मिल सके जिसके बाद वह लौट आए अब वह दुबारा सोमवार को कुंवर गांव थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराएंगे । इस संबंध में घटपुरी सीएचसी प्रभारी नरेंद्र पटेल का कहना है कि आज एफआईआर दर्ज कराने थाने गए थे लेकिन थाना प्रभारी नहीं मिल सके अब सोमवार को दुबारा थाने पहुंचकर दोनों अस्पताल संचालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी ।

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आरंभ किया गया है, जिसका उद्देश्य महिला स्वास्थ्य को प्राथमिकता देकर सशक्त परिवार एवं समाज की नींव को मजबूत करना है। स्वास्थ्य शिविर की प्रमुख गतिविधियां इस निःशुल्क स्वास्थ्य शि. विर में विभिन्न विभागों द्वारा कुल 296 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं और परामर्श प्रदान किया गया। विवरण इस प्रकार है: स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग: 55 महिलाओं की जांच (एनीमिया, हाईपरटेन्शन, जीडीएम, सर्वाइकल स्क्रीनिंग, एंटेनेटल केयर व परिवार नियोजन परामर्श)सर्जरी विभाग: 30 महिलाओं की स्तन कैंसर जांच,टीबी एवं चेस्ट विभाग: 30 रोगियों की टीबी जांच,मेडिसिन विभाग: 27 उच्च रक्तचाप एवं 09 मधुमेह रोगियों की जांच, दंत विभाग: 17 ओरल कैंसर स्क्रीनिंग, नेत्र विभाग: 75 नेत्र संबंधी जांच एवं परामर्श,बाल रोग विभाग: 08 बच्चों का टीकाकरण,रक्तदान केंद्र: 3 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान,माइक्रोबायोलॉजी विभाग: 30 लोगों की हेपाटाइटिस जांच,म्युनिटी मेडिसिन विभाग: 12 लोगों को पोषण एवं दैनिक आहार के प्रति जागरूक किया गया। प्रमुख वक्तव्य इस अवसर पर राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूँ के प्रधानाचार्य डा. अरुण कुमार ने कहा: "स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और सशक्त समाज की नींव है। इस अभियान के माध्यम से हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि जिले की प्रत्येक किशोरी और महिला को समय पर उचित स्वास्थ्य सेवाएं व परामर्श प्राप्त हो सके।

# भमोरा पुलिस ने तीन तस्करों को दबोचा, 235 ग्राम अफीम बरामद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिले में मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में भमोरा थाना पुलिस ने अफीम तस्करी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो आरोपी बदायूं जनपद के रहने वाले हैं।

भमोरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों से 235 ग्राम अफीम बरामद हुई है। अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत ढाई लाख रुपये बताई गई। तीनों आरोपियों को शनिवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। भमोरा थानाध्यक्ष सनी चौधरी ने बताया कि वह और दरोगा हरीशचंद्र शर्मा 20 सितंबर की रात क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने यूपीटेक इंस्टीट्यूट के पास रम्पुरा मोड़ से तीन युवकों को पकड़ा। पुलिस ने जब तीनों की तलाशी ली तो उनके पास से 235 ग्राम अफीम बरामद हुई। पूछताछ में तीनों ने अपने पते बताए।

**■ पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल**

गिरफ्तार आरोपियों में केंद्रपाल और सुरेश बदायूं जिला के थाना दातागंज के ग्राम बराई के निवासी हैं। तीसरा आरोपी मोहम्मद हसन बरेली के थाना विशारतगंज के गांव एबिया का है। आरोपियों से एक बाइक भी बरामद की गई है। तीनों के खिलाफ भमोरा थाने में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है।

पुलिस इनके अन्य साथियों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर रही है।

## विवाहिता को जलाकर मारने का प्रयास ,भागकर बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** पति की गैर मौजूदगी में ससुर व देवर ने विवाहिता का जीना दुश्वार कर दिया मामूली सी बात पर मारपीट करते हद तो तब हो गई जब देवर ने पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास किया।पीड़िता ने भागकर अपनी जान बचाई। बताते चलें कि गांव मानपुर निवासी विवाहिता ने पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार उसका पति पिछले तीन साल से वाहर रहकर काम करता हैं। घर में ससुर देवर तथा ननद ने जीना दुश्वार कर दिया है।आरोप है कि मामूली से बात पर उसके साथ मारपीट कर प्रताड़ित करते है। यह भी आरोप है कि शुक्रवार को सुवह देवर ने मारपीट की तथा पेट्रोल डालकर जलाकर मारने का असफल प्रयास किया। उसने भागकर अपनी जान बचाई।पीड़िता की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बेटे की हत्या के गम में पिता की मौत, घर में मचा कोहराम

**■ शादी समारोह में चाकू घोंपकर की थी शोएब की हत्या**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर के मोहल्ला नूरी नगर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां शादी समारोह में जवान बेटे की हत्या के एक हफ्ते बाद उसके पिता की मौत हो गई। शोएब पुत्र मेंहदी हसन की हत्या 10-11 सितंबर को उसके भाई शादाब के साले की शादी के कार्यक्रम में मामूली सी बात को लेकर हुई थी।

शोएब की हत्या में जुनैद पुत्र कदीर अहमद और उसके दो भाईयों शकील अहमद व सगीर अहमद का हाथ था। पुलिस ने जुनैद और शकील अहमद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, लेकिन तीसरे आरोपी सगीर की तलाश अभी भी जारी है। शोएब के पिता मेंहदी हसन उम्र 62 साल की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जवान बेटे की मौत से मेंहदी हसन टूट गये थे और वह गुमसुम रहने लगा थे। मेंहदी हसन की मौत के बाद शोएब के घर में कोहराम मच गया है। पुलिस ने इस मामले में तेजी से कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस तीसरे आरोपी सगीर की तलाश में जुटी हुई है। इस घटना ने पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ा दी है।

दरअसल, बीती 11 सितंबर को मधुर मिलन बैंकट हाल में शादी समारोह में शानू उर्फ शोएब पुत्र मेंहदी हसन निवासी मोहल्ला नूरीनगर कस्बा व थाना बहेड़ी, बरेली का मोहल्ले के ही जुनैद पुत्र कदीर अहमद के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसी विवाद के चलते जुनैद ने अपने भाईयों शकील अहमद व सगीर अहमद के साथ मिलकर मधुर मिलन बैंकट हाल के निकट शानू उर्फ शोएब के चाकू मार दिया था, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक के भाई की ओर से धारा 103 बीएनएस के तहत जुनैद, शकील अहमद व सगीर अहमद पुत्रगण कदीर अहमद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने बीती 12 तारीख को जुनैद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, और बुधवार को शकील अहमद को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। अब पुलिस सगीर की तलाश में जुटी हुई है।

## एक नजर

### युवक की ट्रेन की चपेट में आने से हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**फतेहगंज पश्चिमी।** रेलवे लाइन के पास मौजूद तालाब में सिंगाड़े की फसल को देखने लाइन पार जा रहे युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।कान में मोबाइल की लीड लगे होने के कारण युवक हादसे का शिकार हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार गांव रूकुमपुर निवासी मदन लाल ने गांव के पास मौजूद रेलवे लाइन के पार तालाब में सिंगाड़े की फसल लगाई है।शनिवार को उनका 19 वर्षीय बेटा सिंघम तालाब में मौजूद सिंगाड़े की फसल को देखने जा रहा था। पिता मदन लाल के मुताबिक करीब सुबह आठ बजे एक रेलवे लाइन के अप ट्रैक पर आ रही ट्रेन को तो उसने देख लिया। लेकिन डाउन ट्रैक पर आ रही ट्रेन को नहीं देख पाने और कान में मोबा. इल की लीड लगे होने के कारण हॉर्न की आवाज नहीं सुनने के कारण वह ट्रेन की चपेट में आ गया।ट्रेन की जोरदार टक्कर से सिर और शरीर में चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर घर में कोहराम मच गया।परिजन घटना स्थल पर पहुंच गए।सूचना पर स्थानीय पुलिस और रेलवे पुलिस भी पहुंच गई। स्थानीय पुलिस ने शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। युवक अगर कान में मोबाइल की लीड लगाकर गाने नहीं सुनता होता तो ट्रेन के हॉर्न की आवाज सुनकर हादसे का शिकार होने से बच जाता। मृतक सिंघम की अभी शादी भी नहीं हुई थी।

### तहसील दिवस में आई 125 शिकायतें 37 शिकायतों का हुआ निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** आज का तहसील दिवस एडीएम (एफआर) और एसडीएम के नेतृव में तहसील सभागार में सम्पन हुआ। तहसील सभागार में तहसील दिवस एडीएम (एफआर) सन्तोष कुमार सिंह और एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव की देख रेख में सम्पन्न हुआ। जिसमें आज कुल 125 शिकायतें दर्ज की गईं, जिसमें से एडीएम (एफआर) और एसडीएम ने 30 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया, सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व विभाग एवं जमीन सम्बन्धी आईं। आज के तहसील समाधान दिवस मे मुख्य रूप से तहसीलदार भानू प्रताप, एआरओ, नायव तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी शशि प्रभा चौधरी, रेन्जर एसएस चौहान, ईओ नगर पंचायत देवरनियां अकिंत गंगवार सहित दर्जन विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। आज के तहसील समाधान दिवस मे वैसे तो डीएम और एसएसपी को भी आना था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बरेली दौरे को लेकर बरेली मुख्यालय में मिटिंग होना है। इसी कारण वह नहीं आ सके।



### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती पश्चिम बिजौरिया रोड के रहने वाले राजीव कुमार की बाइक 17 सितम्बर की शाम उनके घर के बाहर खड़ी हुई थी कि कोई चोर उनकी बाइक को चोर चुरा कर ले गया। उन्होंने अपनी बाइक काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कहीं कोई सुराग नहीं लगा। घटना की रिपोर्ट राजीव कुमार की ओर से थाना नवाबगंज में अज्ञात चोर के खिलाफ दर्ज करायी गयी है।

### विभिन्न थानों पर पंजीकृत अभियुक्तों को किया गया जिला बदर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** अपर जिलाधिकारी (प्र0) पूर्णिमा सिंह द्वारा उ0प्र0 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 की धारा 3(1) के तहत जनपद के विभिन्न थानों पर पंजीकृत अभियुक्तों को जिला बदर किया गया।

माह सितम्बर 2025 में अभियुक्त शिवम पंडित पुत्र प्रेमशंकर उपाध्याय निवासी ग्राम औरंगाबाद थाना हाफिजगंज जनपद बरेली को जिले की सीमा से 03 माह की अवधि के लिये निष्कासित किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध विभिन्न थानों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (4) / 336/ 338/ 340 (2)/317(2) एवं अन्य धाराओं के अंतर्गत गंभीर अपराध के कुल 05 मुकदमें पंजीकृत हैं। अभियुक्त दिनेश पुत्र अन्तराम निवासी ग्राम भण्डसर थाना हाफिजगंज जनपद बरेली को जिले की सीमा से 03 माह की अवधि के लिये निष्कासित किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध जनपद बरेली के विभिन्न थानों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 305/ 331 (4)/ 317(2) एवं अन्य धाराओं के अन्तर्गत गम्भीर अपराध के कुल 09 मुकदमे पंजीकृत हैं। इसके अतिरिक्त आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु थाना नवाबगंज के सत्यपाल पुत्र चौखे लाल, थाना क्योलड़िया के हरेन्द्र यादव उर्फ हरनन्दन पुत्र वेदपाल, थाना फतहेगंज पूर्वी के मोहनलाल पुत्र हरद्वारी लाल एवं थाना हाफिजगंज के गौरव गंगवार पुत्र त्रिलोकचन्द्र को व्यक्तिगत बंधपत्र पर पाबंद किया गया, और सम्बन्धित थानाध्यक्ष को अभियुक्तों की गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया।

# बायोमेडिकल वेस्ट के धंधे पर नगर पालिका ने कसा शिकंजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर पालिका परिषद बहेड़ी ने बायोमेडिकल वेस्ट के अनुचित निस्तारण के खिलाफ अपनी मुहिम को और तेज कर दिया है। तीसरे दिन भी सख्त कार्रवाई करते हुए सम्राट रोड स्थित प्रवेश हॉस्पिटल पर बायोमेडिकल वेस्ट खुले में फेंकने के लिए पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। यह कार्रवाई नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी शशि प्रभा चौधरी के निर्देशन में की गई।

नगर पालिका परिषद बहेड़ी के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अहमद हसन ने मौके पर पहुंचकर हॉस्पिटल प्रशासन की लापरवाही पकड़ी और तत्काल जुर्माना वसूला। यह कदम पर्यावरण संरक्षण और जनस्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए बायोमेडिकल वेस्ट के उचित प्रबंधन के नियमों को लागू करने के उद्देश्य से उठाया गया। अधिशासी

**■ प्रवेश हॉस्पिटल पर ठोंका पांच हजार का जुर्माना, शहर में मचा हड़कंप**

अधिकारी शशि प्रभा चौधरी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि बायोमेडिकल वेस्ट के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वाले अस्पतालों और संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई और सख्त की जाएगी। उन्होंने कहा कि नागरिकों के स्वास्थ्य और पर्यावरण की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर पालिका की इस लगातार कार्रवाई से शहर में स्वच्छता और नियमों के पालन को लेकर जागरूकता बढ़ रही है। स्थानीय निवासियों ने इस कदम की सराहना करते हुए प्रशासन से अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह की सख्ती बरतने की मांग की है।

# सीएम ने मिशन शक्ति फेज-5.0 का लखनऊ स्थित लोकभवन से दीप प्रज्वलित कर किया शुभारम्भ

## प्रदेश के 1647 थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों का किया गया उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शनिवार को लोकभवन सभागार लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति 5.0 का दीप प्रज्वलित कर भव्य शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के 1647 थानों में नव स्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों का उद्घाटन व मिशन शक्ति केन्द्रों से सम्बंधित एसओपी की पुस्तिकाओं का विमोचन किया गया।



मुख्यमंत्री द्वारा मिशन शक्ति-5.0 के शुभारंभ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विकास भवन स्थित सभागार में किया गया, जिसे मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास धर्मपाल सिंह, मंत्री वन एवं पर्यावरण अरुण कुमार, सांसद बरेली छत्रपाल गंग. वार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधान परिषद सदस्य बहोरन लाल मौर्य, विधायक कैंट संजीव अग्रवाल, विधायक मीरगंज डॉ0 डीसी वर्मा, विधायक फरीदपुर डॉ0 श्याम बिहारी लाल, राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय, अधिकारियों में अपर पुलिस महा. निदेशक परिक्षेत्र बरेली रमित शर्मा, पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बरेली अजय कुमार साहनी, मण्डलायुक्त भूपेंद्र एस. चौधरी, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, मुख्य चिकित्साधिकारी, पुलिस अधीक्षक साउथ, आरएसओ सहित उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों व महिलाओं द्वारा देखा और सुना गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर मिशन शक्ति फेज 5.0 का शुभारम्भ करते हुए प्रदेश की समस्त माताओं, बहनों व बेटियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं, तथा कहा कि जब हमारे प्रदेश की महिलाओं व बेटियों को भयमुक्त एवं सुरक्षित वातावरण में कार्य करने का अवसर मिलेगा और उनके अन्दर सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के साथ-साथ नारी होने पर गरिमा की अनुभूति होगी तो निश्चित रूप से हमारा प्रदेश एवं देश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगा।

मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास ने कहा कि महिला सुरक्षा, सम्मान एवं महिलाओं तथा बेटियों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से सम्बंधित योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मातृ वन्दना योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं, उज्जवला योजना सहित अनेकों कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं उन्हें आर्थिक आजादी देने की दिशा में बाधा डालने वाले लोगों के विरूद्ध जीरो टॉलरेन्स की नीति से कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर इस मिशन में बाधा उत्पन्न करने वालों अथवा मिशन नारी सशक्तिकरण की मंशा को धूमिल करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

इस अवसर पर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के विजेता बेटियों अंजली सिंह व दीपू कश्यप को प्रोत्साहन स्वरूप ई-स्कूटी प्रदान की गयी। अण्डर फुटबाल प्रतियोगिता के समस्त खिलाड़ियों प्रांजल कुमार, आर्यन यादव, अंकित यादव, लव सोनकर, पवन चौहान, आदित्य कुमार, आर्पित कुमार, मो. आदिल, फैजान, आनन्द राज सोनी, अभिषेक कुमार, कुनाल भारती, मो. यासीन, शौर्य प्रताप यादव, किशन यादव, शिवांश शाही, आदित्य कनौजिया, विनय कुमार सिंह, कोच आशू भारती, टीम मैनेजर आदेश सिंह को पांच-पांच हजार रुपए का नगद पुरुस्कार प्रदान किया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत लाभार्थी रूकसाना बी, रहीसन, शमीम को चाबी प्रदान की गयी। उज्जवला योजनान्तर्गत लाभार्थी राजकुमारी, शीतल, प्रियंका को गैस चूल्हा प्रदान किया गया। उद्योग विभाग की योजनान्तर्गत अनीता, स्वाति देवी, मनोरमा, प्रियंका भारती, शीतल को सिलाई मशीन वितरण की गयी। मुख्यमंत्री उद्यमी युवा योजनान्तर्गत शिवी चौधरी व अंकिता को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु ऋण का चेक प्रदान किया गया

# बुनियादी शिक्षा में मिल का पत्थर साबित होगी कार्यशाला: बीईओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** ब्लॉक संसाधन केन्द्र रिछा पर ब्लॉक रिछा के परिषदीय विघालयों के अध्यापकों की निपुण भारत मिशन अंर्तगत बुनियादी शिक्षा और गणित पर आधारित कार्यशाला के सातवें बैच के समापन पर खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार ने कहा कि यह कार्यशाला पढ़ाई के क्षेत्र मेंघ्घ मिल का पत्थर साबित होगी, गुरुजन इसे अपने-अपबे विद्यालय में उतारें।

कार्यशाला का आयोजन बीईओ जगदीश कुमार के निर्देशन में हो रहा है। इसमेंघ् प्रशिक्षक बलवीर सिंह, हरीश गंगवार, उवैस खान, एआरपी महेन्द्र पाल गंगवार और हेमराज बुनियादी शिक्षा की मजबूती, निपुण लक्ष्य एप, कक्षा एक से पांच तक के बच्चों को पढ़ाई में निपुण आदि पर प्रशिक्षित किया गया। शनिवार को प्रशिक्षण कार्यशाला के सातवें बैच के समापन पर खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार ने कहा कि यहां जो सिखाया गया, उसे अपने-अपने विद्यालय में लागू करें। उन्होंने समयबद्ध अवधि में सभी कार्य पूरे न करने वालों पर नराजगी जताते हुए हिदायत दी कि जो भी पैन्डिंग कार्य हैं, उसे समय पर पूरा करें। इसके अलावा उन्होंने अन्य बिन्दुओं पर भी बताया। इस अवसर लेखाकार मोहम्मद इमरान खान, मोहम्मद आकिल आदि रहे।

**■ ब्लॉक संसाधन केन्द्र रिछा पर परिषदीय शिक्षकों की कार्यशाला समापन पर समझाई बारिकियां**



# दरगाह आलाहजरत की तरु से जरूरतमन्दों को फ्री कराए जाएंगे मोतियाबिंद के ऑपरेशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** शनिवार को धौरा टांडा मेला रोड स्थित फेम पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय नेत्र शिविर दरगाह आला हजरत की ओर से मरकज ऐड सेल के तत्वाधान में लगाया गया।

सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर चला। शिविर का उद्घघाटन उत्तर प्रदेश हज कमेटी के सदस्य व धौरा टांडा के चेयरमैन नदीम उल हसन व अल्हाज मोहसिन हसन खान ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर चेयरमैन नदीम उल हसन ने कहा कि सभी लोगों को सामा. जिक कार्यों में लोगों को बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। मानव सेवा ही बड़ी इंसानियत है।

अल्हाज मोहसिन हसन खान ने कहा कि समाज से जुड़े कार्य आगे भी जारी रहेंगे। जिले के अन्य स्थानों पर भी स्वास्थ्य शि. विर लगाए जाएंगे। शिविर में 434 लोगों की आंखों से संबंधित जांच की गई। जिसमें 32 जरूरतमंदों के मोतियाबिंद ऑपरेशन निशुल्क राजेंद्र नगर के कैलाश आई लेजर सेंटर में अलग-अलग तिथियों में कराए जायेंगे। शिविर में डॉक्टर अक्षत बॉस, नेत्र परीक्षक जितेंद्र सिंह, नेत्र परीक्षक मुनीश शर्मा, दरगाह आला हजरत के नासिर कुरैशी, संस्था प्रबंधक व पत्रकार मोहम्मद इरशाद रजवी, चांद बाबू, अनिल बाबू ने अपनी सेवाएं दीं। समाजसेवी नासिर कुरैशी व इरशाद रजवी ने सभी को मुफ्त दवाईयां वितरित कीं। अंत में शिविर में सहयोग करने वाले सभी लोगों का शुक्रिया अल्हाज मोहसिन हसन खान ने किया।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, बरेली

अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 05/अ0अ0/सिंखब/2025-26

अधोहस्ताक्षरी द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से ऑनलाइन के माध्यम से निम्न कार्यों हेतु अति अल्पकालीन ई-निविदा, सिंचाई विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 29.09.2025 को दोपहर 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिनकी टेक्निकल बिड ऑनलाइन दिनांक 29.09.2025 को अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, बरेली के कार्यालय कक्ष में उपस्थित फर्मो/ठकेदारो अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष दोपहर 03:30 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाई होने वाले निविदादाताओं की फाइनेंशियल बिड ऑनलाइन खोली जायेगी। ई-निविदा प्रपत्र दिनांकः 22.09.2025 प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 29.09.2025 दोपहर 3:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकेंगे। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में उक्त बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

| लॉट नं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) जी0एस0टी0 सहित | धरोहर धनराशि 2% (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0 टी0 सहित (रू0 में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | बैगुल स्कोप के किमी0 0.00 से किमी0 5.400 के मध्य विभिन्न स्थानो पर ठेक हटाने का कार्य। | 8.00 | 16,00.00 | 30 दिवस | 225+41+500= 766.00 | सी अथवा उच्च |
| 2. | नानकसागर बांध के पूर्वी पार्श्व में किमी0 0.350 से किमी0 2.000 के मध्य सीपेज नालियो की मरम्मत का कार्य। | 8.18 | 16.360 | 30 दिवस | 225+41+500= 766.00 | सी अथवा उच्च |
| 3. | नानकसागर बांध के पूर्वी पार्श्व मे किमी0 2.900, 3.100 व 5.700 पर बने रैम्पो की मरम्मत का कार्य। | 6.96 | 13,920 | 30 दिवस | 225+41+500= 766.00 | सी अथवा उच्च |

यह ई-निविदा/बिड सूचना एवं प्रपत्र उ0प्र0 सरकार की बेबसाईट http://etender.up.nic.in/ व http://idup.gov.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड.बरेली

UPID-237964, DATE-19/09/2025
WEBSITE-www.up.gov.in


### पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद को कस्बे के लोगों ने बढ़ाए हाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** पंजाब प्रदेश में आई बाढ़ से हुई तबाही को लेकर कस्बे के लोगों ने भी उनकी मदद को अपने हाथ आगे बढ़ाए हैं। नगर की प्रमुख शिक्षण संस्था एमसीए ग्रुप द्वारा मदद को लेकर चलाई गई मुहिम में कस्बे के लोगों ने दिल खोलकर इसमें अपना सहयोग दिया। एमसीए ग्रुप के एमडी आनंद सैमसन द्वारा पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद को चलाई गई इस मुहिम में जनप्रतिनिधियों के साथ ही अधिवक्ताओं, डॉक्टरों, धार्मिक और व्यापारिक संगठनों ने इसमें बढ़ चढ़कर भाग लिया। शनिवार को ग्रुप के एमडी आनंद सैमसन ने नगर के गुरुद्वारा हर गोविन्द साहिब जाकर गुरुद्वारे के प्रधान सुरेंद्र सिंह, सचिव रघुवीर सिंह वीरे, खजांची करनैल सिंह, उपाध्यक्ष सर्वजीत सिंह को कस्बे के लोगों से एकत्र किए गए एक लाख एक सौ पचास हजार भेंट किए। इस दौरान गुरुद्वारा कमेटी ने एमसीए ग्रुप के एमडी आनंद सैमसन को शॉल ओढ़कर सम्मानित किया, और उनकी इस मुहिम की सराहना की। दूसरी ओर एमसीए ग्रुप के एमडी आनंद सैमसन ने उनके द्वारा पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए चलाई गई इस मुहिम में सहयोग करने वालों का दिल से आभार जताया है। गौरतलब हो इससे पहले कस्बे की धार्मिक संस्था अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन भी पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए मस्जिदों में चंदा एकत्र कर गुरुद्वारा कमेटी को भेंट कर चुकी है।



### मीलादख्वान हबीब पेंटर का आकस्मिक निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** मीलादख्वान जनाब हबीब पेंटर का आज अचानक निधन हो गया, वह पचास साल के थे। श्री पेंटर अपने पीछे पत्नी चार बेटी और तीन बेटों सहित भरे पूरे परिवार को बिलखता छोड़ गए हैं। उनके निधन की खबर सुनते ही लोगों का उनके घर पर देर तक तांता लगा रहा। बताते हैं कि आज सुबह वह किसी काम के सिलसिले में करीब के एक गांव गए थे। वापसी में वह सेंथल रेलवे स्टेशन के करीब करबला के सामने लगे हैंडपंप से पानी पीकर लेट गए, इसी बीच उनका इंतकाल हो गया। किसी व्यक्ति ने फोन से उनके घर खबर की तो उनके बेटे उन्हें लेकर एक निजी अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। श्री पेंटर बेहद हंसमुख मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। उन्हें आज ही सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। पत्रकार सरफराज खान, हनीफ सलमानी, बुंदन खां नूर, हाफिज नूरी जमील सलमानी, फारूक सलमानी, शाकिर अल्वी, वसीम अल्वी, जलील अहमद आदि सहित अनेक लोगों ने उन्हें खिराज ए अकीदत पेश की है।


समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# मुकदमे के विरोध में टनकपुर हाईवे किया जाम



**पीलीभीत।** विश्व हिंदू रक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष यशवंत सिंह, गोपाल शर्मा, शैली उर्फ जौली गुप्ता, गौरव राणा आदि के खिलाफ गंभीर धाराओं में कुछ दिनों पूर्व रंगदारी व जान से मारने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी जिसके विरोध में शनिवार को आरोपियों सहित कई कार्यकर्ताओं ने नेहरू पार्क में धरना दिया शहर के टनकपुर रोड पर जुलूस निकालकर जोरदार प्रदर्शन करते हुए जाम लगा दिया जिससे यातायात बाधित हो गया। जाम खुलवाने पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर और सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी सहित कई अन्य अधिकारियों से अभद्रता पर उतारू जिलाध्यक्ष यशवंत सिंह, रविन्द्र सिंह, धर्मेंद्र चौहान समेत एक महिला को पुलिस ने हिरासत में ले लिया और उन्हें कोतवाली ले गए। जहां उप निरीक्षक प्रीतम सिंह की तहरीर पर 8 नामजद और कई अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया है। इनमें गोपाल शर्मा, सहित कई अन्य लोग मौके से फरार हो गए जिनकी तलाश की जा रही है पुलिस का कहना है जल्द सभी को गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस पूरे घटनाक्रम से हाईवे पर भगदड़ मच गई तमाम कार्यकर्ता भाग गए। गत 13 सितंबर को न्यूरिया थाना क्षेत्र में गौशाला प्रकरण में विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष यशवंत सिंह, गोपाल शर्मा, शैली उर्फ जौली गुप्ता, गौरव राणा आदि के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, इस रिपोर्ट को खारिज करने की मांग को लेकर पिछले दिनों विश्व हिंदू रक्षा परिषद के कार्यकर्ताओं ने जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया था लेकिन एफआईआर को खारिज नहीं किया गया।

# जिलाधिकारी ने जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र का औचक निरीक्षण



**पीलीभीत।** डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह ने जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र पीलीभीत का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया, अनुपस्थित पाए गए संजय कुमार उपायुक्त उद्योग, पंकज कुमार शर्मा सीएम युवा फेलो से स्पष्टीकरण तलब किया गया, सीमा शंकर प्रधान सहायक के सम्बद्धता निरस्तीकरण के आदेश दिए। उन्होंने दस्तावेजो के सही ढंग से रख–रखाव के निर्देश दिए। सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लक्ष्य के सापेक्ष लाभान्वित किये गए लाभार्थियों से सम्बन्धित दस्तावेजों का अवलोकन किया। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को अस्वीकृत आवेदनों के कारणों की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न टेंडर में प्रशिक्षण, मानदेय व टूलकिट वितरण की जानकारी प्राप्त करते हुये कहा कि प्रशिक्षण के पश्चात जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में टूलकिट वितरित कराएं। उन्होंने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति में उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उद्योग लगाने से सम्बन्धित लाभार्थियों का मार्गदर्शन करें, उद्योग लगाए जाने हेतु प्रोजेक्ट रिपोर्ट तथा अन्य दस्तावेज उद्योग केन्द्र में ही तैयार कराऐं व उद्योग केन्द्र में सीए की सेवाऐं लेने के निर्देश दिए।

## 35 रोटेरियन रक्त वीर हुए सम्मानित

**पीलीभीत।** रोटरी क्लब पीलीभीत ने जीवन रेखा डायग्नोसिस सेंटर पीलीभीत में अपने सामाजिक कार्यों के अंतर्गत ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया, ब्लड डोनेशन कैंप का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आलोक शर्मा ने किया। कार्यक्रम में जीवन रेखा चैरिटेबल ब्लड बैंक की डॉ.नीलम अग्रवाल, चंद्र मेडिकल सेंटर के डॉ. महेश चंद्र, डॉ. एसपीएस संधू, रोटरी क्लब पीलीभीत आदि रहे।

# 5 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बताया कि तृतीय चरण 5 अक्टूबर से 31अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा। मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि आमजन को पानी उबालकर पीने अथवा सरकारी नल से पानी पीने हेतु प्रेरित किया जाये। बैठक में पंचायतीराज द्वारा किये गये कार्य झाडी कटिंग, जल निकासी, साफ सफाई आदि, कम गहराई वाले हैण्डपम्प के पानी का प्रयोग करने वाले परिवारों की संख्या, शहरी विकास के अन्तर्गत फोगिंग, एंटी लार्वा का छिडकाव, कृषि विभाग द्वारा चूहों, छूछदरों से फैलने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक किए गए परिवारों की संख्या, शिक्षा विभाग द्वारा संचारी रोगों से बचाव हेतु चलाए गए जागरूकता अभियान, स्वच्छ भारत मिशन, सूअर पालकों को चिन्हित करते हुए उन्हें सूअर बाडों को आबादी क्षेत्र से बाहर बनाए जाने तथा सूअर बाडों की पर्याप्त सफाई रखने हेतु प्रेरित किये जाने आदि की समीक्षा की गई।

## सड़क हादसे में मजदूर की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** शनिवार की दोपहर एनएच–34 पर एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे पैदल चल रहे मजदूर को कुचल दिया। जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कार मजदूर को कुचलती हुई सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। जिसमें कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। ग्रामीणों ने करीब 20 मिनट हाईवे पर जाम लगा दिया। रघुपुरा क्षेत्र के गांव उटरावली निवासी सुकीम पुत्र हंसराज खुर्जा क्षेत्र के गांव मीरपुर में अपने मामा प्रेमवीर के साथ रहकर मजदूरी करता था। शनिवार की दोपहर हाईवे स्थित गांव मीरपुर के निकट मजदूरी कर रहा था। मजदूरी करने के बाद वह परचून की दुकान से बीड़ी का बंडल लेने गया था। उसके बाद बीड़ी का बंडल लेने के बाद वापस आते समय अलीगढ़ की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने पीछे से मजदूर को रौंद दिया। जिससे घटनास्थल पर ही मजदूर की मौत हो गई। कार मजदूर को रौंदने के बाद सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। कार के पेड़ से टकराने के बाद कार चालक हिमांशु निवासी सलेमपुर भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

## एटीएम बदल चोरी करने वाले 3 पकड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** गुलावठी पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर लोगो के रुपए चोरी करने वाले तीन अंतर्राज्जीय शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चोरो के पास से 37 एटीएम कार्ड, नगदी, मोबाइल, अवैध असलाह, वर्ना कार व एक बाइक बरामद हुई है। पुलिसिया पूछताछ में चोरों ने अपने नाम अमित, अनिल, श्रवण, मुजफ्फरनगर के चरथावल क्षेत्र निवासी होना बताया हैं। सीओ भास्कर मिश्रा ने बताया कि पकड़े गए शातिर चोरों ने करीब सौ से डेढ़ सौ चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात कुबूल की है। चोरों पर गुलावठी, बरेली, मेरठ, मुरादाबाद, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, आगरा, बिजनौर, हरियाणा आदि जिलों व राज्य में मुकदमे दर्ज हैं। गुलावठी में एटीएम कार्ड बदलकर चोरी की घटना को शातिर चोरों ने अंजाम दिया था। शातिर चोर वृद्ध व महिलओं की एटीएम में सहायता करने के बहाने सीधे लोगों के कार्ड बदलकर रुपए निकाल लेते थे।

## पत्नी का चाकू से काटा गला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** शनिवार को धमेड़ा अड्डा क्षेत्र में एक महिला पर उसके पति ने जानलेवा हमला किया। घटना नगर कोतवाली क्षेत्र में हुई। धमेड़ा अड्डा नई बस्ती निवासी मुस्कान अपने मायके में रह रही थी। उसकी छोटी बहन खुशबू को देखने के लिए घर में मेहमान आए थे। इसी दौरान मुस्कान ने पति को पानी दिया और वह अपने कमरे में चली गई। शबनम ने बताया कि जब वह कमरे में कुरान पड़ रही थी तो आरोपी जाहिद मुस्कान के कमरे में पहुंचा और उसने बैग से चाकू निकालकर मुस्कान पर हमला कर दिया। उसने पहले मुस्कान के सीने और हाथ पर वार कर घायल कर दिया। मुस्कान के चिल्लाने पर उसका गला भी काट दिया। मुस्कान की मां शबनम चीख सुनकर कमरे में पहुंचीं। उन्होंने जाहिद के हाथ में खून से सना चाकू देखा। आरोपी उन्हें धक्का देकर मौके से फरार हो गया। घायल मुस्कान को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया गया है।

## टावरों से चोरी करने वाला गैंग पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** शनिवार को पुलिस ने मोबाइल टावरों से उपकरण चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर दिया है। खुर्जा देहात पुलिस और स्वाट टीम ने मुखबिर की सूचना पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अलीगढ़ निवासी समीर, तहसीम और शाहरुख के रूप में हुई है। आरोपी लंबे समय से क्षेत्र में मोबाइल टावरों को निशाना बना रहे थे। पुलिस ने आरोपियों से दो टावर आरआरयू, दो मोबाइल टावर बैटरी और दो मोडल बरामद किए हैं। इसके अलावा 20 मीटर केबल तार, एक स्कॉर्पियो कार और 8 हजार रुपये नगद भी बरामद हुए हैं। खुर्जा के सीईओ पूर्णिमा सिंह के अनुसार, निजी कंपनियों ने भी इन चोरियों की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस जांच में पता चला है कि आरोपियों के खिलाफ पहले से भी कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## छठे दिन भी बंद रही पहासू गल्ला मंडी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** पहासू गल्ला मंडी में व्यापारियों की हड़ताल के चलते छठे दिन भी पहासू में अनाज मंडी में कारोबार ठप रहा। अपनी मांगों के समर्थन में गल्ला मंडी की सभी दुकाने बंद रहीं। मंडी की बंदी से गल्ला बेचने आये किसानों को बेरंग वापस लौटना पड़ा। मंडी के दुकानदारों तथा पक्के आढ़तियों में कमीशन बढ़ाने, समय पर भुगतान नहीं होने तथा पल्ले की तोल को लेकर कई दिनों से विवाद चल रहा है। गल्ला व्यापारी मंडी स्थल पर धरना देकर 14 सितंबर से हड़ताल पर हैं।

## तोताराम मंदिर से शनिवार को गाजे–बाजे के साथ निकाली गई भव्य गणेश शोभायात्रा

**कोसीकलां।** तोताराम मंदिर से शनिवार को गाजे–बाजे के साथ निकाली गई भव्य गणेश शोभयात्र के साथ ब्रजमंडल के ऐतिहासिक भरतमिलाप और रामलीला महोत्सव की शुरुआत हो गई। गणेश पूजन शोभायात्र में फूलों से सजे डोले में विराजमान भगवान के स्वरूपों को देख लोग मंत्रमुग्धा हो गए। गणेश जी का फूलों से सुसज्जित डोला, नारद जी, बाबा अमरनाथ की पूजा करते गणेशजी, मां सरस्वती आदि की विभिन्न झांकियों के साथ निकाली गई भव्य शोभयात्र तोताराम मंदिर से शुरू होकर बल्देवगंज, घंटाघर, पुरानी जीटी रोड, एएन "लैक्स के सामने होती हुई रामलीला मैदान पहुंची। डोले का शुभारम्भ अग्रवाल सभा के पूर्व अधयक्ष वेदप्रकाश गोयल, कमलेश गोयल, सुशील, सुनील आदि ने आरती उतारकर किया। रास्ते में शेरगढ तिरारा घ्घस्थित हनुमान मंदिर पर सेवायत नारायण पुजारी गणेश जी की आरती उतारकर भोग लगाया। नगर भ्रमण के दौरान शोभायात्र में चल रहे बैंड–बाजों की मधुर स्वर लहरियों ने वातावरण को भद्रिमय बना दिया। शोभायात्र के रामलीला मैदान में पहुंचने के बाद मेला आचार्य मोरमुकुट शास्त्री ने मंत्रेच्चारणों के मधय अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण सभा के जगदीश शर्मा सुपानिया, रामकुमार शर्मा, रामनारायण शर्मा ने पूजन किया। रामलीला मैदान में लीला निर्देशक सत्यनारायण शर्मा के निर्देशन में नारद मोह लीला का मंचन किया गया। जिसमे नारद जी विश्व मोहनी संवाद विष्णु जी से वरदान की लीला हुई अधयक्ष अजय मंगला, मंत्री अन्नू वैधा, कमल किशोर वाष्णेय सुभाषचंद्र बासईया अजय गोयंका, हरेंद्र ठाकुर, मोनू जैन,जय प्रकाश शर्मा, विवेक गोयल सत्तू ठाकुर, विवेक अग्रवाल, भगवत श्रृंगारी, हिमांशु अग्रवाल आदि रहे।

# महिला सुरक्षा केंद्र का किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** शनिवार को डीएम श्रुति व एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने कोतवाली नगर परिसर में विकसित किए गए महिला सुरक्षा केन्द्र का शुभारंभ किया। शासन के निर्देशानुसार महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत वर्ष 2020 में महिला सुरक्षा अभियान के प्रथम चरण में महिलाओं के लिए प्रत्येक थाने में महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गयी थी। सीएम द्वारा मिशन शक्ति–5.0 का शुभारंभ किया गया। सभी थानों पर आने वाली महिलाओं की सुनवाई के लिए बनाई गई महिला हेल्प डेस्क का दायरा बढ़ाते हुए थाने में महिला पीड़िता के आगमन से लेकर दोबारा मानसिक एवं शारीरिक रूप से पूरी तरह सशक्त होने तक उसकी काउंसलिंग, मार्गदर्शन, सहयोग और संरक्षण संबंधी सेवायें प्रदान करने के लिए एकल संपर्क बिन्दु की तरह कार्य करने के लिए महिलाओं के लिए समर्पित प्रदेश के प्रत्येक थाना परिसर के अन्दर एक महिला सुरक्षा केन्द्र स्थापित किया जा रहा है। इसी क्रम में डीएम श्रुति व एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने कोतवाली नगर परिसर में विकसित किए गए महिला सुरक्षा केन्द्र का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर एसपी सिटी शंकर प्रसाद, एएसपी ॠजुल, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर धर्मेंद्र राठौर एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## रामलीला महोत्सव का सांसद ने किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** शनिवार को श्री रामलीला मैदान श्री गणेश पूजन के साथ श्री रामलीला महोत्सव का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद चौधरी सुरेंद्र सिंह नागर ने श्री गणेश भगवान की आरती व फीता काटकर श्री रामलीला महोत्सव का शुभारंभ किया। समिति के अध्यक्ष शरद गर्ग, महामंत्री मयंक अग्रवाल व कोषाध्यक्ष हैप्पी वर्मा ने चौधरी सुरेंद्र सिंह नागर व पालिकाध्यक्ष शैलेश तेवतिया को सम्मानित किया। चौधरी सुरेंद्र सिंह नागर ने कहा कि हम सभी को भगवान श्री राम के आदर्शों का अनुकरण करना चाहिए और भगवान श्री राम के चरित्र को हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिए। रामलीला समिति के अध्यक्ष शरद गर्ग, महामंत्री मयंक अग्रवाल, कोषाधयक्ष हैप्पी वर्मा आदि मौजूद रहे।

# एनएमसी ने की तीन दिवसीय वर्कशॉप आयोजित



**मथुरा।** कृष्ण मोहन विश्वविद्यालय के मेडीकल कालेज एंड हॉस्पिटल में नेशनल मेडिकल कमीशन–(एनएमसी) के दिशा–निर्देशों के तहत बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन–(बीसीएमई) पर तीन दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन कान्फ्रेंस हॉल में आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी और एनएमसी एसआरएमएस आईएमएस बरेली के कन्वीनर डॉ. जसविंदर सिंह, कुलपति डा. एनसी प्रजापति, प्रति कुलपति डा. शरद अग्रवाल, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, अस्पताल एमएस डा. अभय सूद, एएमएस डा. आरपी गुप्ता, एमईयू कॉर्डीनेटर डॉ. तारिक वलि ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। वर्कशॉप के समापन अवसर पर विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने कहा तीन दिवसीय फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम–(बीसीएमई) में एमबीबीएम के नए करिकुलम के अनुसार मेडिकल की फैकल्टीज को प्रशिक्षित किया गया है। जिसमें बीसीएमई के तहत स्टुडेंट्स को कैसे पढ़ाएं? कैसे उनका मूल्यांकन करें ? कैसे स्टुडेंट्स को असिस्ट करें, किस टाइप के पेपर तैयार करें आदि को लेकर विस्तार से प्रकाश डाला गया है। इस वर्कशॉप के एनएमसी कन्वीनर डॉ. जसविंदर सिंह की अध्यक्षता में 30 प्रशिक्षु असिटेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसरों को विभिन्न टॉपिक्स के लिए प्रशिक्षित किया गया है, यह हमारे विश्वविद्यालय में पहली बार हुआ है, इस प्रकार की वर्कशॉप भविष्य में होती रहेंगी। चयनित 19 ट्रेनर्स ने आईस ब्रेकिंग एंड ग्रुप डायनामिक, लर्निंग प्रोसेस, लर्निंग डोमेन्स एंड प्रिंसिपल्स ऑफ लर्निंग, गोल, रोल्स एंड कांप्टिनीज, लर्निंग आब्जेक्टिब्स इन सीबीएमई, टीचिंग लर्निंग मेथड्स–टीएलएमः इंक्लूडिंग इंटरेक्टिव लार्ज ग्रुप, स्मॉल ग्रुप मेथ्ड्स, इंटरोडक्शन टू असेस्मेंट, इंटरनल असेस्मेंट एंड फॉर्मेटिव एसेस्मेंट, एईटीसीओएमः कंसेप्ट एंड कंडक्ट, एसडीएलः कंसेप्ट एंड कंडक्ट, इफेक्टिव क्लीनिकल एंड प्रैक्टिकल स्किल्स टीचिंग, एलाइजिनिंग टीएलमएस फॉर ऑब्जेक्टिब्स एंड कंप्टीनीज, असेस्मेंट प्लानिंग, राइटिंग द करेक्ट एस्से क्यूश्चन, शॉर्ट आंसर्स क्यूश्चन एंड एमसीक्यूज, राइटिंग ए लेसन प्लान, असेस्मेंट प्लानिंग एंड क्वालिटी एसयूरेंस, मैचिंग असेस्मेंट टू कॉम्पीटेंसी, ऑब्जेक्टिब्स एंड लर्निंग–वर्कशॉप, एकेडमिक ग्रोथ एंड नेटवर्किंग, मेंटरोरिंग, ड्राफ्टिंग शेड्यूल फोर ए फेज बेस्ड ऑन कॉम्पिटेंसीज आदि विषयों पर ट्रेनिंग प्रदान की। विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने वर्कशॉप के एनएमसी कन्वीनर सहित 30 प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित कर वर्कशॉप का समापन किया। इस दौरान विवि के कुलाधिपति, कुलसचिव ने सभी प्रशिक्षुओं एवं ट्रेनरों के साथ सेल्फी करवा कर उनका उत्साहवर्धन किया। वर्कशॉप का संचालन विवि के उपकुलसचिव सुनील अग्रवाल ने किया। वर्कशॉप में डॉ. एनसी प्रजापति, डॉ. शरद कुमार अग्रवाल, डॉ. पीएन भिसे, डॉ. तारिक वलि, डॉ. एमके तनेजा, डॉ. कुमार राजा, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. हर्षित जैन, डॉ. मनोज कुमार सिंह, डा. संतोष कुमार शाह, डॉ. विकास, डा. वंदीनी सिंह, डॉ. संकल्प श्रीवास्तव, डॉ. हरिनारायण यादव, डॉ. पी. भारती, डॉ. कवलजीत कौर, डॉ. जीवन प्रकाश उपाध्याय, डॉ. सफिया मकबूल, डॉ. सुनील कुमार सिंह आदि बतौर ट्रेनर शामिल रहे।

# टाटा के नाम पर बेच रहे नकली नमक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** शनिवार को गुलावठी नगर में खाद्य सुरक्षा विभाग और टाटा कंपनी के अधिकारियों ने मिलकर कार्रवाई की। टीम ने गुलावठी के मोहल्ला रामनगर स्थित दो दुकानों पर छापेमारी की। पवन सिंघल की दुकान से 9 क्विंटल नकली नमक बरामद किया गया। प्रेमचंद की दुकान से 35 किलो नकली नमक जब्त किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त विनीत कुमार ने बताया कि क्षेत्र में नकली नमक बेचने की शिकायत मिली थी। इस शिकायत के आधार पर कंपनी के अधिकारियों के साथ संयुक्त कार्रवाई की गई। अधिकारी अब नकली नमक की सप्लाई चेन की जांच कर रहे हैं। टाटा कंपनी ने दोनों दुकानदारों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

# मुख्यमंत्री को जान से मारने की धमकी



**मथुरा।** थाना मांट पुलिस ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर मुख्यमंत्री को जान से मारने की धमकी देने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से एक अवैध पिस्टल, दो जिंदा कारतूस एवं दो खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। अभियुक्त सुनीत उर्फ गटुआ पुत्र स्व. भगवान सिंह निवासी गांव नगला हरदयाल खण्ड जावरा थाना मांट जनपद मथुरा उम्र करीब 25 वर्ष को गांव नगला हरदयाल से गिरफ्तार किया। पुलिस ने अवैध पिस्टल के बारे में जानकारी की पता चला कि ये पिस्टल गूल्लू निवासी नगला बिन्दा से 50 हजार रूपये में खरीदी थी। युवक को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम पर युवक ने फायरिंग कर दी। तीन से चार आउंड फायर किये। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस युवक को गिरफ्तार कर सकी। प्रभारी निरीक्षक थाना मांट जसबीर सिंह ने बुलेट प्रूफ जैकेट पहनने के बाद युवक को पीछे से दबोच लिया। कार्यवाही के दौरान अतिरिक्ति निरीक्षक चेतराम शर्मा, एसआई मोहरपाल सिंह, एसआई अवधेश, एसआई अभिमन्यु मलिक थाना मांट आदि पुलिसकर्मी थे।

# बाढ़ प्रभावित परिवारों को राशन किट वितरण




**मथुरा।** अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा शनिवार को अक्रूर गांव स्थित हरिदास कृपा आश्रम में बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत स्वरूप राशन किट वितरित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक पं. श्रीकांत शर्मा ने कहा कि अक्षय पात्र फाउंडेशन सदैव आपदा की घड़ी में ब्रजवासियों के साथ खड़ा रहा है।

उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा जनपद में दी जा रही सेवाएं अद्वितीय और अनुकरणीय हैं। बाढ़ से प्रभावित परिवारों तक शीघ्र राहत पहुँचाना समाजसेवा की दृष्टि से सराहनीय पहल है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक पं. श्रीकांत शर्मा, अक्षय पात्र फाउंडेशन के प्रमुख श्री अनंतवीर्य दास प्रभु एवं आश्रम के श्रीमहंत हरिदास बाबा जी ने दीप प्रज्वलन कर किया। अक्षय पात्र फाउंडेशन के प्रमुख अनंतवीर्य दास प्रभु ने बताया कि हाल ही में बाढ़ की विभीषिका से जूझ रहे 25 हजार को संस्था की ओर से पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि संस्था का लक्ष्य केवल भोजन कराना ही नहीं, बल्कि आपदा से प्रभावित परिवारों के जीवन को राहत और संबल प्रदान करना है। अक्रूर गांव में सौ परिवारों को खाद्य सामग्री किट वितरित की जा रही है तथा कुल पाँच सौ परिवारों को इस राहत अभियान के अंतर्गत लाभान्वित किया जाएगा। राशन किट में आटा, चावल, दाल, तेल, मसाले एवं अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री शामिल की गई है, जिससे परिवारों को कुछ समय तक दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके। इस अवसर पर अक्षय पात्र से जुड़े जितेन्द्र शर्मा, विष्णु सिंह, शीतांश पाठक, अरविन्द तिवारी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# राज्यमंत्री ने डीएम, एसपी के साथ किया वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार में कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र और अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान के साथ वन स्टॉप सेन्टर पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान राज्यमंत्री ने केन्द्र की साफ-सफाई की प्रशंसा की। केन्द्र प्रबन्धक द्वारा समस्त कमरों का निरीक्षण कराया गया। राज्यमंत्री ने वहां उपस्थित पीड़ित महिलाओं से वार्ता भी की। केन्द्र की कार्यशैली एवं वातावरण अनुकूल पाया गया, जिसकी राज्यमंत्री एवं अन्य आधिकारियों द्वारा प्रशंसा की गयी।



निरीक्षण के दौरान वन स्टॉप सेन्टर के सभी कर्मचारी मौजूद रहे और अधिकारियों द्वारा प्रत्येक कर्मचारी से उसके कार्य के विवरण की जानकारी ली गयी।

इस दौरान राज्यमंत्री ने कहा कि जनपद में पीड़ित महिलाओं के उत्थान के लिए, महिला उत्पीड़न के मामलों पर प्रभावी रोकथाम और त्वरित कार्रवाई के लिए सरकार वन स्टॉप सेंटर का संचालन किया गया है।

उन्होंने कहा कि वन स्टॉप सेन्टर गरीब, परेशान और पीड़ित महिलाओं को अपनी बात कहने तथा महिलाओं को न्याय दिलाने एवं उन्हें समाज से जोड़ने में अहम भूमिका निभाने का कार्य कर रहा है।

केन्द्र प्रबन्धक चांद बी ने महिला कल्याण विभाग की ओर से चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में राज्य मंत्री को अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि वन स्टॉप सेंटर में आने वाली पीड़ित महिलाओं और उनके परिजनों की काउंसलिंग कराने के लिए काउंसलर की तैनात है, जो महिलाओं की समस्याओं और उत्पीड़न से जुड़े सभी पहलुओं के आधार पर काउंसलिंग की प्रक्रिया को प्रभावित बनती है। इसके अतिरिक्त गंभीर मामलों में विधिक सेवाएं भी इस वन स्टॉप केंद्र के माध्यम से महिलाओं को प्रदान की जाती हैं।

इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या मौजूद रहीं।

# मिलावट की जांच को विभिन्न खाद्य व पेय पदार्थों के आठ नमूने जांच को प्रयोगशाला भेजे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के पर आगामी नवरात्रि व दशहरा पर्व के दृष्टिगत मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम लगाने और आम जन मानस को सुरक्षित खाद्य व पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य)-।।/अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा व उनकी टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया गया।

इस विशेष छापामार अभियान में शहजादनगर स्थित एस.एस. जनरल स्टोर के सावेज पुत्र शुऐब अहमद से रिफाइन्ड सोयाबीन ऑयल का 01 नमूना लिया गया। रामपुर शहर स्थित दूधिया शरीफ अहमद, जहूल अली से दूध का 01नमूना लिया गया।

धमौरा स्थित सोमपाल किराना स्टोर से मखाना का 01 नमूना, गुईया तालाब स्थित नोमान पुत्र सादिक से हल्दी पाउडर का 01 नमूना लिया गया। इसी प्रकार चाह इन्छाराम स्थित महेश आटा चक्की से सेंधा नमक का 01 नमूना और नोवा रोड स्थित राजू जनरल स्टोर से साबूदाना पापड़, रामदाना लड्डू का 01-01 नमूना लिया गया। अभिहित अधिकारी ने बताया कि विभिन्न खाद्य पदार्थो के कुल 08 विधिक नमूनें संग्रहीत करके जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गये। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त मिलावट की प्रकृति के अनुरूप सुसंगत धाराओं में वाद योजित किये जायेंगे।



सचल दल में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण धर्मपाल सिंह, देवकान्त सिंह, राहुल शुक्ला, रामचन्द्र यादव उपस्थित रहे।

# निजी अस्पताल में डिलीवरी के दौरान नवजात की मौत परिजनों ने डॉक्टरों पर लगाया लापरवाही का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**शाहबाद/रामपुर।** शाहबाद क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही का एक और गंभीर मामला सामने आया है। शनिवार को डिलीवरी के दौरान एक नवजात शिशु की मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों ने निजी अस्पताल के डॉक्टरों पर लाप. रवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया और कोतवाली में तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

गांव हिम्मतपुर निवासी राजकुमार ने बताया कि शुक्रवार रात्रि को उसकी पत्नी स्वाति को प्रसव पीड़ा हुई। वह अपनी पत्नी को लेकर शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचे। वहां मौजूद डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

राजकुमार का आरोप है कि इसी बीच उनके गांव की आशा कार्यकर्ता ने उन्हें सलाह दी कि जिला अस्पताल ले जाने की बजाय शाहबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवा दें। आशा का कहना था कि वहां नॉर्मल डिलीवरी आसानी से कर दी जाएगी और ज्यादा परेशानी नहीं होगी। उसकी बातों पर भरोसा करते हुए राजकुमार अपनी पत्नी को उक्त निजी अस्पताल ले गया।



राजकुमार ने बताया कि शनिवार दोपहर करीब 1 बजे अस्पताल के डॉक्टरों ने उसकी पत्नी को ऑपरेशन थिएटर में ले जाकर ऑपरेशन किया। थोड़ी देर बाद अस्पताल स्टाफ ने मृत नवजात शिशु परिजनों को सौंप दिया। यह देखकर परिजनों में को. हराम मच गया। राजकुमार का आरोप है कि डॉक्टरों ने ऑपरेशन के दौरान गंभीर लापरवाही की, जिसकी वजह से उसके बच्चे की जान गई।

> "एक निजी अस्पताल में नवजात शिशु की मौत की तहरीर मिली हैं प्राथमिक जांच कराकर रिपोर्ट सीएमओ को भेजी जाएगी।
>
> **पंकज पंत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शाहबाद**

घटना के बाद परिजन मृत नवजात को लेकर अस्पताल परिसर में जमकर रोए-चीखे। परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल प्रबंधन की तरफ से मामले को दबाने की कोशिश की जा रही थी।

इसके बाद राजकुमार अपने परिवार के साथ कोतवाली शाहबाद पहुंचा और अस्पताल के खिलाफ लिखित तहरीर दी। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लोगों का कहना है कि आए दिन निजी अस्पतालों में इस तरह की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा।

# नवजात शिशु की मौत का आरोपी डॉक्टर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक /रामपुर।** गलत तरीके से डिलीवरी करते समय नवजात शिशु की मौत के आरोपी डॉक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दियाघ् पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियो के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण मे तथा क्षेत्राधिकारी मिलक के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व मे कोतवाली मिलक पुलिस द्वारा आज एक नफर वांछित अभियुक्त डा. उरमान अली पुत्र शब्बीर उर्फ बड्डे निवासी ग्राम मदारपुर थाना पटवाई जनपद रामपुर सम्बन्धित मु.अ.सं. 362/25 धारा 106(1)/92/131 बीएनएस व धारा 34 राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम 2019 को मुखबिर की सूचना पर ग्राम किरा तिराहा से गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय रामपुर भेजा जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि 15.08.2025 को वादी इकबाल हुसैन पुत्र इस्लाम हुसैन निवासी ग्राम पैगुपुरा थाना मिलक जनपद रामपुर बनाम डॉ. उरमान अली पुत्र बडडे निवासी ग्राम चण्डका थाना पटवाई जिला रामपुर, डॉ. मुबस्सरीन तुर्की पुत्री नामालूम, नाजिश तुर्की पुत्री नामालूम निवास. ीगण पुराने पैट्रोल पम्प के पास कस्वा व थाना पटवाई जिला रामपुर और दो अन्य बहने नाम पता अज्ञात के विरूद्ध प्रार्थी इकबाल हुसैन द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 173(4) बी.एन.एस.एस. के अनुपालन में वादी इकबाल हुसैन उपरोक्त की गर्भवती पत्नी शायमीन की अपने प्राईम हैल्थ केयर क्लीनिक ग्राम पैगुपुरा में लापरवाही पूर्वक गलत तरीके से डिलवरी करने का प्रयास करना जिसमें वादी के नवजात बच्चे की गर्भ में ही मृत्यु हो जाने तथा डॉ.उमरान से इसकी शिकायत करने पर आमदा फौजदारी होने के सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु.अ.स. 362/2025 धारा 106(1),92,3(5)/131 बीएनएस दिनाक घटना 05.06.2025 समय 10.00 बजे से 14.00 बजे तक घटनास्थल प्राईम हैल्थ केयर क्लीनिक ग्राम पैगुपुरा पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना उ.नि. विनोद कुमार के द्वारा सम्पादित की जा रही है। दौराने विवेचना मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्त डा. उरमान अली पुत्र शब्बीर उर्फ बड्डे निवासी ग्राम मदारपुर थाना पटवाई जनपद रामपुर वांछित था। जिसको थाना पुलिस द्वारा न्यायालय रामपुर भेजा गया।



# प्रतियोगिता में छात्रों ने वेस्ट अपशिष्ट पदार्थ से बनाई कलाकृतियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** शनिवार जावेद मांटेसरी जूनियर हाई स्कूल में नगर पालिका के तत्वावधान में स्वच्छ सर्वेक्षण कलाकृति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने अपशिष्ट पदार्थ से कलाकृतियां बनाई।

प्रतियोगिता में डीके कांन्वेंट स्कूल दिल्ली नगर निगम के टीचर्स शांतनु व अन्य टीचर्स के मार्गदर्शन में छात्रों ने वेस्ट से अनमोल कलाकृतियां बनाईं।

जैसे-अपशिष्ट पदार्थ से बोतल से ज्वालामुखी, फूलों का गमला,फूलझड़ी, टेबल लैंप, लिक्विड वॉश बोतल, बास्केट इत्यादि अनमोल कलाकृतियां बनाईं। प्रतियोगिता में कक्षा 3 जी से सोफिया को प्रथम स्थान, कक्षा-5 से वंशिका को द्वितीय और कक्षा-5 से बिलाल कुरैशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नगर निगम दिल्ली से आए विपुल पंवार ने सभी बच्चों और स्कूल स्टाफ को स्वच्छता के दो रंग हरा गीला, सूखा नीला के महत्व के बारे में बताया।




कार्यक्रम में नगर पालिका कार्यालय अधीक्षक जेगम हुसैन,परवेज अख्तर एडवोकेट, इल्मा अंसारी, इरशाद अंसारी, तूबा खान,लिपिक रविंद्र कुमार, आदेश,मोहम्मद सुफियान, राज सागर, ईशान मियां,मोहम्मद आसिफ, जुनेद अंसारी आदि मौजूद रहे।

# महिला की हत्या में पति गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मुरादाबाद जिले के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के भायपुर मेहंदी नगर निवासी शेर सिंह की बेटी ममता की शादी शहजादनगर थाना क्षेत्र के बकनौरी गांव निवासी राजू के साथ 2018 में हुई थी। जिसके कुछ दिनों बाद ही कम दहेज को लेकर ससुराल बाले आएदिन मारपीट करने लगे जिसके बाद चिर सितम्बर को मारपीट कर महिला को आग लगा दी। जिसके बाद महिला को गंभीर हालत में बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था बहां 7 सितम्बर को मौत हो गई। जिसके बाद मायके बालों ने पांच लोगो के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया गया था। शनिवार को पुलिस ने पति राजू को गिरफ्तार कर लिया।मिलक के डा.अमन पांडे की देहरादून में सड़क हादसे में मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

मिलक/रामपुर। तहसील क्षेत्र के एक डॉक्टर की देहरादून में ड्यूटी से वापस आते समय सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धनेली पूर्वी निवासी डॉक्टर अमन पांडे पुत्र राजेंद्र पांडे (27)डॉक्टर देहरादून उत्तराखंड के मैक्स हॉस्पिटल में नौकरी कर रहे थे। 19 सितंबर लगभग रात्रि के 9:00 अपने ड्यूटी पूरी कर कर मैक्स हॉस्पिटल से अपने रूम पर बाइक से जा रहे थे। मैक्स हॉस्पिटल से कुछ दूरी पर उनकी बाइक फिसल गई और बह रोड पर गिर गए इसकी सूचना अस्पताल के कर्मचारियों को दी गई। सूचना मिलने पर आनंन फानन में स्टाफ तथा राहगीरों की मदद से अस्पताल को ले गए जहां पर डॉक्टरो ने अमन पांडे को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मृतक अमन पांडे के परिजन रोने चिल्लाने लगे देहरादून पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामभर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अमन पांडे के परिजन भी देहरादून पहुंच गए और मृतक अमन पांडे का शव लेकर अपने गांव आ गए और अंतिम संस्कार कर दिया मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है।

# सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जिला महिला अस्पताल में किया गया कन्या जन्मोत्सव का कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सेवा पखवाडा 2025 ‟ स्वस्थ नारी सशक्त परिवार‟ के उपलक्ष में जिला प्रोबेशन अधिकारी की उपस्थिति में जिला महिला अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्य द्वारा नवजात बेटियों की माताओं को बेबी किट एवं फलों की टोकरी वितरित की गई।

साथ ही नवजात बेटियों की माताओं द्वारा केक कटवाकर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया।

इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी ने नवजात बेटियों के परिजनों को प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का फॉर्म भरने के लिए प्रेरित किया।



कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर रामपुर से केंद्र प्रबंधक चाँद बी, मनोसामा. जिक परामर्शदाता चारु चौधरी, पैरामेडिकल स्टाफ नर्स कश्मीरा रानी, चाइल्डलाइन कोऑर्डिनेटर निजामुद्दीन एवं जिला अस्पताल परिसर में डॉक्टर की टीम द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# कृषि राज्यमंत्री ने मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय मेले का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** अजीतपुर स्थित सांवरिया फार्म में उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत एक दिवसीय जनपद स्तरीय मेला सह प्रदर्शनी, प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ क्रॉप रेजीडयू योजना के अन्तर्गत जागरूकता गोष्ठी एवं नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल (ऑयल सीड्स) के अन्तर्गत तिलहन मेला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान बलदेव सिंह औलख ने फीता काटकर कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा दीप प्रज्वलित कर कृषक गोष्ठी का शुभारम्भ किया।

उन्होंने कृषकों से सम्बोधित करते हुए कहा कि पराली न जलायें। पराली जलाने से पर्यावरण तो प्रदूषित होता है, इससे भूमि में मौजूद सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है। साथ ही उन्होंने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं यथा-सोलर पम्प योजना, कृषि यंत्रीकरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्राकृतिक खेती, मिलेट्स की खेती आदि के बारे में विस्तार से बताया और बढ़ती कॉस्ट ऑफ कल्टीवेशन के दृष्टिगत कृषकों से प्राकृतिक खेती अपनाने पर जोर दिया।

मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल ने जनपद के कृषकों से पराली न जलाकर उसे प्रबन्धन कराने पर जोर दिया गया तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों से अपनी फार्मर रजिस्ट्री कराने हेतु आह्वान किया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि किसान सम्मान निधि योजना का लाभ ले रहे किसानों को फार्मर रजिस्ट्री न कराने पर आगामी किस्त नहीं मिलेगी।




जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मोहन लाल सैनी ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने तथा उन्हें लाभ दिलाने के लिए सरकार द्वारा निरंतर कार्य किये जा रहे हैं।

साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि सहकारिता विभाग में 12 सितम्बर से 12 अक्टूबर, 2025 के मध्य समितियों के सदस्य बनने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। उनके द्वारा अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बनने हेतु आह्वान किया गया।

पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी द्वारा कृषि वैज्ञानिकों की तकनीक से खेती करने का आह्वान किया गया। उप कृषि निदेशक रामकिशन द्वारा पराली को न जलाकर उसे प्रबन्धन करने के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि गत वर्षों में जनपद के कृषकों के सहयोग से कुल 41 घटनायें ही घटित हुई थीं, जिससे जनपद को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था और इस अवसर पर जनपद को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया था। उन्होंने गत वर्ष की भाँति ही इस वर्ष भी पराली न जलाने हेतु कृषकों से अपील की। उन्होंने बताया कि मिलेट्स अनाज की खेती करने तथा अपने दैनिक जीवन में अपनाने तथा तोरिया एवं सरसों के बीज मिनीकिट्स नि:शुल्क प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन बुकिंग कर सकते है। जनपद में पर्याप्त मात्रा में फॉस्फेटिक उर्वरक उपलब्ध है जिनको 01 अक्टूबर, 2025 से खुदरा बिक्री केन्द्रों पर उपलब्ध कराया जायेगा।

कृषि वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, धमोरा डा. अनुज बंशल द्वारा फसलों में लगने वाले रोग/कीट पतंगों तथा बुबाई से पूर्व बीज शोधन के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा हंसराज पप्पू, जिला महामंत्री भाजपा अशोक बिश्नोई, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा, भूमि संरक्षण अधिकारी भगवत सरन, वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र धमोरा डा.नरेन्द्र सिंह, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता डॉ. गणेश गुप्ता, अधीक्षक राजकीय उद्यान आदि अधिकारीगण/कर्मचारीगण, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों व कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# एसडीएम की अध्यक्षता में समाधान दिवस संपन्न



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**शाहबाद/रामपुर।** शनिवार को तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय की अध्यक्षता में किया गया। समाधान दिवस में क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर लोगों ने शिकायती पत्र प्रस्तुत किए। कुल 15 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस के दौरान राजस्व, पुलिस, बिजली, जल विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उपजिलाधिकारी ने शेष शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए और कहा कि प्रत्येक समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इस अवसर पर तहस. ीलदार अमित कुमार, नायब तहस. ीलदार हरीश जोशी, लेखपाल सहित कई विभागों के कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# ज्वाला नगर में आरंभ हुई रामलीला भगवान राम ने लिया जन्म

■ **बधाई गीत गए, लगे जय श्रीराम के जयकारे**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** श्री आदर्श रामलीला कमेटी ज्वाला नगर में शनिवार रात रावण दिग्विजय, पृथ्वी पुकार और राम जन्म का मनमोहक मंचन राधिका कृष्ण कला मंडल वृंदावन मथुरा के कलाकारों द्वारा किया गया। जहां कलाकारों ने रावण के अत्याचार, पृथ्वी की पुकार और श्रीराम के जन्म के दृश्यों का मंचन किया। राधिका कृष्ण कला मंडल वृंदावन मथुरा के कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों को अत्यंत भावुक कर दिया।

रामलीला मैदान में आरती के बाद मंचन शुरू हुआ। कलाकारों ने दिखाया कि रावण के अत्याचारों के कारण पृथ्वी दु:ख में पुकारती है, और पृथ्वीलोक के लोगों के साथ देवलोक में भी सभी भयभीत हो जाते हैं। सभी देवता - देवियां और यहां तक कि गाय के रूप में भी ब्रह्मा के पास पहुंचते हैं और उन्हें नमन करते हैं।



आकाशवाणी घोषित करती है कि भगवान राम अयोध्या में राजा दशरथ के घर जन्म लेंगे और आप सभी रावण के अत्याचारों से मुक्त हो जाएंगे। सभी प्रसन्न होकर अपने-अपने स्थानों पर लौट जाते हैं। इसी बीच, राजा दशरथ पुत्र न होने की चिंता में हैं। गुरु वशिष्ठ के मार्गदर्शन में, वह ऋषि श्रृंग के साथ पुत्रेष्टि यज्ञ करते हैं। समय आने पर राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म होता है, और अयोध्या में उत्सव मनाए जाते हैं। रामलीला स्थल में चारों ओर श्रीराम के जयकारों गूंज उठते हैं। इस अवसर पर सुरेश अग्रवाल, अवधेश शर्मा, डॉ तेजवीर यादव, त्रिभुवन पंडित, अनुज सक्सेना, आशु गुप्ता, डॉ. अनिल सक्सेना, मोहित मल्होत्रा, चितरंजन श्रीवास्तव, सुभाष सक्सेना, देवेश गुप्ता, पुनीत अग्रवाल, संजू प्रजापति, रामेंद्र गुप्ता, नवनीत सक्सेना, संजू बाबा, अन्नु गंगवार, अन्नु सक्सेना, पीयूष कुमार, दिनेश कश्यप, विनोद कश्यप, संजीव दयाल सक्सेना, प्रेमपाल यादव, अरुण कीर्ति सक्सेना, धर्मवीर यादव, विपिन सैनी, विक्की सक्सेना, राहुल शर्मा, सोनू शर्मा, सचिन सिंह, संतोष प्रसाद, राजीव लोचन, राजेश नायक, रवि रामपुरी, नंदकिशोर शर्मा, जागन लोधी, मिंटू गुप्ता आदि समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# शाहबाद-रामपुर मार्ग पर गहरे गड्ढे, अधिवक्ता ने की जल्द मरम्मत की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**शाहबाद/रामपुर।** शनिवार को आयोजित तहसील समाधान दिवस में अधिवक्ता रेहान खां ने प्रमुख समस्या उठाते हुए शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि शाहबाद से रामपुर को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग गहरे गड्ढों के कारण बेहद खराब स्थिति में है। बरसात के दिनों में इन गड्ढों में पानी भर जाने से आए दिन राहगीरों और वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटनाएं सामने आ रही हैं।

रेहान खां ने प्रशासन से इस सड़क की जल्द मरम्मत कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह मार्ग क्षेत्रवासियों और यात्रियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन खराब सड़क के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# दीक्षित कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च के छात्रा-छात्राओं ने रजा लाइब्रेरी का किया भ्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** दीक्षित कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च,रामपुर के प्रधानाचार्य दीपेश चौहान जी एवं विभागाध्यक्ष डॉ. विमल मोहन पांडे एवं समस्त फार्मेसी स्टाफ (विनोद, शिव कुमार, चंद्रशेखर, अरुण कुमार, नागेश, निशांत) की उपस्थिति में बी. फार्म एवं डी.फार्म के लगभग 60 छात्र-छात्राओं को रामपुर की प्रसिद्ध रजा पुस्तकालय का भ्रमण कराया गया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रसिद्ध पुरातत्वों को दिखाया एवं उनके बारे में बताया गया साथ ही साथ सभी छात्र-छात्राओं ने रजा पुस्तकालय में बैठकर पुस्तकों के माध्यम से ज्ञान अर्जित किया। सभी छात्र-छात्राओं को पौराणिक ग्रंथों के बारे में बताया और दिखाया गया, पौराणिक ग्रंथों में जैसे: रामायण,राज पत्रिका, कुरान शरीफ आदि को दिखाया गया और साथ में प्राचीन मूर्ति, प्राचीन हथियार को भी दिखाया गया। अत: रजा लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने रजा पुस्तकालय के बारे में समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार की जानकारी दी।



# अध्यक्ष यूपीसिडको/दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

**■ जिला संयुक्त चिकित्सालय में 18-30 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन 50 शैय्या क्रिटिकल केयर ब्लॉक का अध्यक्ष यूपीसिडको ने किया निरीक्षण**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** यूपीसिडको के अध्यक्ष/दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री वाई.पी. सिंह ने कार्यदायी संस्था यूपीसिडको द्वारा जनपद में निर्माणाधीन 03 कार्यों 50 शैय्या क्रिटिकल केयर ब्लॉक हॉस्पिटल के निर्माण व 02 अन्य कृषि कल्याण केंद्र के निर्माण कार्यों के संबंध में संत शिरोमणि रविदास सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि जनपद में निर्माणाधीन सभी कार्यों को मानक के अनुरूप, ससमय व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें और कार्य पूर्ण होने के साथ ही संबंधित विभाग को भवन हस्तगत करने की कार्रवाई भी यथाशीघ्र पूर्ण कर ली जाए।

तत्पश्चात उन्होंने जनपद में पहाड़ी गेट स्थित जिला संयुक्त चिकित्सालय में 1830.25 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन 50 शैय्या क्रिटिकल केयर ब्लाक हॉस्पिटल का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने अस्पताल के ले-आउट, लैबोट्ररी, वॉशरूम, विंडो सहित विभिन्न कक्षों का जायजा लिया।

उन्होंने मजदूरों द्वारा ड्रेस कोड न पहनने तथा ठेकेदार द्वारा पीएफ एवं ईएसआई का रिकार्ड प्रस्तुत न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और निर्देश दिए कि सभी मजदूरों को ड्रेस कोड अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए। साथ ही भवन में टाइल्स एवं रंग का उचित मिलान सुनिश्चित कराएं।

उन्होंने अस्पताल में लगाई जा रही टाइल्स की गुणवत्ता की जांच की तथा अधिशासी अभियन्ता सिडको



अवधेश वर्मा को ईंट एवं कंकरीट का सैम्पल जांच हेतु भेजने और छत की विद्युत ड्राइंग मुख्यालय प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

निर्माणाधीन भवन के बीम में असमानता पाए जाने पर उन्होंने जेई फजील उर्रहमान से नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य पर विशेष ध्यान देने के सख्त निर्देश दिए।

अध्यक्ष वाई.पी. सिंह ने स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और उच्चाधिकारियों द्वारा निर्माण की प्रगति की नियमित रूप से मॉनीटर की जायेगी।

रामपुर। उत्सव पैलेस रामलीला ग्राउंड में चल रहे श्रीराम लीला महोत्सव का पांचवा दिन श्रद्धा, संस्कृति और मनोरंजन की त्रिवेणी बन गया। सुबह से लेकर देर रात तक भक्ति की गूंज और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पंडाल जीवंत हो उठा।

सुबह 9 बजे रासलीला और श्रीकृष्ण की निकुंज लीलाओं से दिन की शुरुआत हुई। मंच पर जब नटखट कृष्ण की बाल लीलाओं और उनकी अद्भुत निकुंज लीलाओं का चित्रण हुआ, तो हर उम्र का दर्शक भाव-विभोर हो गया। बच्चों ने झूमकर तालियां बजाईं तो बुजुर्गों की आंखें आस्था से नम हो उठीं।

ज्यों-ज्यों शाम ढली, रंगीन रोशनियों और भक्तिमय संगीत ने महोत्सव का वातावरण और मनमोहक बना दिया। रात 8:30 बजे वृंदावन से पधारे कलाकारों ने मंच पर ऐसा प्रदर्शन किया कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। विश्वामित्र आगमन, ताड़का वध और मारीच-सुवाहु वध के प्रसंगों को जिस जीवंतता और भव्यता के साथ प्रस्तुत किया गया, उसने पूरा पंडाल तालियों और जयघोष से गुंजा दिया। हर दृश्य पर आस्था और भक्ति का सागर उमड़ पड़ा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीए आर.के. अग्रवाल, गिरीश सिंहल और उमेश कुमार सिंघल शामिल हुए। कमेटी ने उन्हें पुष्पगुच्छ, शॉल और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया।

पांचवें दिन की प्रस्तुतियां न केवल दर्शकों के दिलों को भक्ति रस से सराबोर कर गईं, बल्कि आने वाले दिनों की झलक के प्रति उनकी उत्सुकता भी और बढ़ा गईं। रामलीला महोत्सव की यह आध्यात्मिक और सांस्कृतिक यात्रा हर किसी के लिए अविस्मरणीय अनुभव साबित हो रही है। इस मौके पर अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र कुमार गर्ग, सह अध्यक्ष सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, उपाध्यक्ष हरीश चन्द्र अग्रवाल ठेकेदार, सुभाष चन्द्र अग्रवाल ठेकेदार, ईश्वर सरन अग्रवाल, विनोद कुमार गुप्ता ठेकेदार, वेद प्रकाश वर्मा, अरविन्द कुमार अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, निर्भय कुमार गर्ग, डॉ. सौरभ गुप्ता, जुगेश अरोड़ा कुक्कु भाई, कमलेश कुमार अग्रवाल (एड.), डॉ. अजय कुमार अग्रवाल, अनिल वशिष्ठ, इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार गोयल, अरुण कुमार अग्रवाल, राम प्रताप सर्राफ, अनिल कुमार चौरसिया, राजीव सरन गर्ग, विनीत कुमार अग्रवाल, शान्ति शरण राठौड़, नितिन कुमार सर्राफ, हरिओम गुप्ता, मनोज कुमार अग्रवाल, श्रीराम अग्रवाल, रविन्द्र कुमार मिश्रा, संजय अग्रवाल, डॉ. सुमित कुमार गोयल, पंकज गर्ग आदि मौजूद रहे।

## खान कप फुटबॉल टूर्नामेंट में न्यू स्टार क्लब ने जीता मैच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** नगर में मंसब अली स्पोर्ट स्टेडियम में चल रहे खान कप फुटबाल टूर्नामेंट के मैच में न्यू स्टार क्लब ने नेहरू क्लब को 2-1 के गोल के अंतर से मैच हराकर, अगले राउंड में प्रवेश कर लिया है।

मैच के पहले हाफ शुरू होते ही मैच के तीसरे मिनट में नेहरू क्लब के उजैर ने जैद के के पास द्वारा पहला गोल किया। पलटवार करते हुए न्यू स्टार क्लब के खिलाड़ी शहजाद ने गोल कर मैच बराबरी पर खड़ा कर दिया। दूसरे हाफ के अंतिम समय में न्यू स्टार क्लब के शहजाद ने गोल कर, अपनी टीम को दो गोल की बढ़त के साथ यह मैच न्यू स्टार क्लब ने 2-1 के गोल के अंतर से मैच जीतकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया है। मैच का श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार न्यू स्टार क्लब के खिलाड़ी शहजाद को, मुख्य अतिथि वसी टांडवी द्वारा पुरस्कार दिया गया।

मैच रेफरी राहत अली, लाइन मैन जुबैर आलम व ताहिर रहे। कमेंट्रेटर की भूमिका मुहम्मद सईद सागर, जहीर जिया व वसीम अकरम ने निभाई।

आयोजकों में दाऊद, सगीर गुड्डू, शहाबुद्दीन, राहत अली, जुबैर आलम, ताहिर बफन, महफूज मुन्ना, तस्लीम मिस्त्री, कारी रिजवान, जैद कुरैशी, मोइन अली, कारी जावेद और मकसूद आदि मौजूद रहे।

## हीरा इंटर कॉलेज ने राजकीय इंटर कॉलेज काशीपुर को हराया

**■ जनपद स्तरीय खो-खो खेल प्रतियोगिता समारोह का हुआ समापन**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से हीरा इंटर कॉलेज मेहंदीपुर में आयोजित खो-खो प्रतियोगिता में हीरा इंटर कॉलेज में फाइनल में राजकीय इंटर कॉलेज काशीपुर को हराया।

तहसील क्षेत्र के हीरा इंटर कॉलेज मेहंदीपुर के परिसर में माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से हीरा इंटर कॉलेज में खो-खो जनपदीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका आरंभ हीरा इंटर कॉलेज के प्रबंधक महेश बाबू राजपूत तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र पाल के द्वारा किया गया।

इस प्रतियोगिता में सभी माध्यमिक राजकीय तथा उच्च माध्यमिक विद्यालय ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता के अनुसार पहला मुकाबला अंडर 19 में राजकीय इंटर कॉलेज धमोरा तथा राजकीय इंटर कॉलेज काशीपुर में हुआ। जिसमें राजकीय इंटर कॉलेज काशीपुर ने राजकीय इंटर कॉलेज धमोरा को पराजित किया दूसरा मुकाबला अंडर 19 मे जूनियर हाई स्कूल नानकार तथा जवाहरलाल पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बीच हुआ। जिसमें जूनियर हाई स्कूल नानकार ने जवाहरलाल पूर्व माध्यमिक विद्यालय को पराजित किया।

फाइनल मुकाबला हीरा इंटर कॉलेज मेहंदीपुर तथा राजकीय इंटर कॉलेज काशीपुर के बीच खेला गया जिसमें हीरा इंटर कॉलेज विजय हुआ जीत हासिल करने वाले विद्यालय में ट्रॉफी अपने नाम की।

इस दौरान विद्यालय का प्रबंधक तथा प्रधानाचार्य ने सभी विजेता टीमों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मोहम्मद सलीम जैदी, संजीव कुमार रोहिल्ला, मनीष कुमार सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## स्थाई अतिक्रमण चिन्हित करने को लेकर काशीपुर मार्ग पर राजस्व प्रशासन ने की पैमाइश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर के काशीपुर मार्ग पर राजस्व प्रशासन और नगर पंचायत प्रशासन ने मिलकर मार्ग की दोनों साइडों की पैमाइश की। पैमाई होती देख दुकानदारों में हड़कंप मच गया। शनिवार की दोपहर मसवासी नगर के हल्का लेखपाल जसवंत सिंह कानूनगो सिपाही लाल नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक अमित चंद्रा नवनीत कुमार समेत कई कर्मचारियों की मौजूदगी में काशीपुर मार्ग पर दुकानों के सामने पटरी चिन्हित की गई नगर पंचायत कर्मचारी और राजस्व कर्मचारियों ने मिलकर पैमाइश की इस दौरान दुकानदारों में पैमाइश को लेकर हड़कंप मचा रहा। गौरतलब है कि मसवासी में काशीपुर मार्ग पर अस्थाई अतिक्रमण के चलते मार्ग संकरा हो गया है जिससे कभी भी जाम की स्थिति बन जाती है और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थाई अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर पंचायत प्रशासन के पास कोई विकल्प नहीं है अब तहसील प्रशासन ही स्थाई अतिक्रमण हटाए जाने को लेकर गंभीर नजर आ रहा है।

## भाजपा नेता हरिओम मौर्य ने भव्य रामबारात का फीता काटकर किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** स्वार में भव्य रामबारात का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान अध्यक्ष एवं भाजपा नेता हरिओम मौर्य ने श्री सनातन धर्म रामलीला कमेटी द्वारा प्रतिवर्ष निकाली जाने वाली भव्य रामबारात का फीता काटकर शुभारंभ किया एवं भगवान राम और लक्ष्मण एवं भरत शत्रुघ्न की दिव्य और मनोहर झांकी का तिलक करके भव्य रामबारात का शुभारंभ किया रामबारात में रामलला सीताराम, भरत शत्रुघ्न ,शिवपार्वती राधा कृष्ण की मनोहर झांकियां भारत माता तथा अनेक झांकियो ने लोगों का मन मोह लिया।

रामबारात मुख्य मार्ग स्थित रामलीला स्थल से प्रारंभ होकर रामपुर बाजपुर मार्ग से होती हुई नगर के मुख्य मार्गो से होकर गुजरी रामबारात का जगह-जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष शंकर लाल राठौर, उज्जवल गुप्ता, शिवअवतार मन्नू, प्रर्मेंद्र कालिया, अर्जुन शर्मा, अक्कू सक्सेना, धर्मेंद्र शर्मा, संजीव कुमार वर्मा, मयंक मौर्य, अतर सिंह, अविनाश मौर्य, दीपक मौर्य, अभिषेक मौर्य, जितेंद्र मौर्य आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस मौके पर स्वार कोतवाल सुरक्षा की दृष्टि से मय पुलिस फोर्स के राम बारात शोभा यात्रा में शामिल रहे।



# रामलीला महोत्सव: विश्वामित्र आगमन से ताड़का वध तक मंचन ने बांधा दर्शकों का मन

**■ श्रद्धा, संस्कृति और मनोरंजन का संगम बना रामलीला महोत्सव का पांचवा दिन**

**वृंदावन के कलाकारों ने किया मंत्रमुग्ध, तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजा उत्सव पैलेस**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्सव पैलेस रामलीला ग्राउंड में चल रहे श्रीराम लीला महोत्सव का पांचवा दिन श्रद्धा, संस्कृति और मनोरंजन की त्रिवेणी बन गया। सुबह से लेकर देर रात तक भक्ति की गूंज और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पंडाल जीवंत हो उठा।

सुबह 9 बजे रासलीला और श्रीकृष्ण की निकुंज लीलाओं से दिन की शुरुआत हुई। मंच पर जब नटखट कृष्ण की बाल लीलाओं और उनकी अद्भुत निकुंज लीलाओं का चित्रण हुआ, तो हर उम्र का दर्शक भाव-विभोर हो गया। बच्चों ने झूमकर तालियां बजाईं तो बुजुर्गों की आंखें आस्था से नम हो उठीं।

ज्यों-ज्यों शाम ढली, रंगीन रोशनियों और भक्तिमय संगीत ने महोत्सव का वातावरण और मनमोहक बना दिया। रात 8:30 बजे वृंदावन से पधारे कलाकारों ने मंच पर ऐसा प्रदर्शन किया कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। विश्वामित्र आगमन, ताड़का वध और मारीच-सुवाहु वध के प्रसंगों को जिस जीवंतता और भव्यता के साथ प्रस्तुत किया गया, उसने पूरा पंडाल तालियों और जयघोष से गुंजा दिया। हर दृश्य पर आस्था और भक्ति का सागर उमड़ पड़ा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीए आर.के. अग्रवाल, गिरीश सिंहल और उमेश कुमार सिंघल शामिल हुए। कमेटी ने उन्हें पुष्पगुच्छ, शॉल और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया।

पांचवें दिन की प्रस्तुतियां न केवल दर्शकों के दिलों को भक्ति रस से सराबोर कर गईं, बल्कि आने वाले दिनों की झलक के प्रति उनकी उत्सुकता भी और बढ़ा गईं। रामलीला महोत्सव की यह आध्यात्मिक और सांस्कृतिक यात्रा हर किसी के लिए अविस्मरणीय अनुभव साबित हो रही है। इस मौके पर अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र कुमार गर्ग, सह अध्यक्ष सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, उपाध्यक्ष हरीश चन्द्र अग्रवाल ठेकेदार, सुभाष चन्द्र अग्रवाल ठेकेदार, ईश्वर सरन अग्रवाल, विनोद कुमार गुप्ता ठेकेदार, वेद प्रकाश वर्मा, अरविन्द कुमार अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, निर्भय कुमार गर्ग, डॉ. सौरभ गुप्ता, जुगेश अरोड़ा कुक्कु भाई, कमलेश कुमार अग्रवाल (एड.), डॉ. अजय कुमार अग्रवाल, अनिल वशिष्ठ, इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार गोयल, अरुण कुमार अग्रवाल, राम प्रताप सर्राफ, अनिल कुमार चौरसिया, राजीव सरन गर्ग, विनीत कुमार अग्रवाल, शान्ति शरण राठौड़, नितिन कुमार सर्राफ, हरिओम गुप्ता, मनोज कुमार अग्रवाल, श्रीराम अग्रवाल, रविन्द्र कुमार मिश्रा, संजय अग्रवाल, डॉ. सुमित कुमार गोयल, पंकज गर्ग आदि मौजूद रहे।



## यूपी में मिशन शक्ति 5.0 की शुरुआत शाहबाद थाने में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**शाहबाद/रामपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल माध्यम से मिशन शक्ति 5.0 अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत प्रदेश के सभी 1647 थानों में महिला सुरक्षा केंद्रों की स्थापना की गई है।

कोतवाली शाहबाद में भी प्रोजेक्टर के माध्यम से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। कोतवाली में स्थापित महिला सुरक्षा केंद्र के उद्घाटन मंजू लता शर्मा ने फीता काटकर किया।

कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत,कांस्टेबल मुकुल चौधरी, कांस्टेबल अमित कुमार, सीओ ऑफिस से कांस्टेबल सुनील कुमार के साथ जीजीआईसी स्कूल की प्रधानाध्यापिका के साथ छात्राएं और कस्बे के लोगों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यह अभियान महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है।

हिंदी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए संपर्क करें।
**इमरान हुसैन: 9720093014**

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरा नाम शमशीर था जो कि आधार कार्ड, पैन कार्ड, खतौनी आदि में अंकित है जिसे मैंने संशोधित कराकर शमशीर अली रख लिया है। मेरा सही नाम शमशीर अली है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**शमशीर अली पुत्र कल्लन**
**निवासी ग्राम सरावा तहसील टाण्डा जिला रामपुर।**

**न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (जू.डि.), द्वितीय जिला रामपुर उ.प्र.**

मूल वाद संख्या-303 सन 2019

प्रीतम सिंह बनाम गुरपाल सिंह आदि

नोटिस बनाम

गुरपाल सिंह रन्धावा पुत्र गुरदेव सिंह रन्धावा निवासी ग्राम पिपलिया अहला तहसील-बिलासपुर, जिला रामपुर

2. श्रीमती हरेन्द्र कौर पत्नी स्व. यादविन्दर सिंह निवासी ग्राम पिपलिया अहला, तहसील- बिलासपुर, जिला रामपुर

3. अमरीक सिंह पुत्र श्री बलवीर सिंह चौहान, तहसील न्यायालय परिसर एस.डी.एम. कोर्ट, तहसील- बिलासुर जिला रामपुर।

......प्रतिवादीगण संख्या-1, 2 व 5

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत निरस्ती बयनामा एवं स्थायी निषेधाज्ञा की बिक्री हेतु दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि वे बतारीख हस्वजैल का असालतन या मार्फत के जो हालात मुकदमा से करार वाकई वाकिफ किया गया है और जो कुल अहम मुताल्लिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिनके पास कोई शख्स हो जो जवाब ऐसे हवालात दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा भी करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हो।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैर हाजिरी आपका मसमुआ फैसला होगा।

दस्तखत मेरे और मोहर के आज बतारीख 17/09/2025 ई. जारी किया गया।

तारीख वास्ते दाखिल करने जवाब-03-10-2025

तारीख वास्ते मुकर्ररी तनकीह-03/10/2020

**मुन्सरिम**
**न्यायालय अपर सिविल जज (क.ख.) द्वितीय रामपुर।**

## हम सभी का सौभाग्य जो मोदी जैसे प्रधानमंत्री का नेतृत्व देश को मिला: वाइ पी सिंह


**■ हम सभी का सौभाग्य जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे प्रधानमंत्री का नेतृत्व देश को मिला: वाइ पी सिंह**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी, कार्यालय पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वे जन्म दिवस के अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत प्रबुद्ध सम्मेलन आयोजित किया गया, सम्मेलन को संबोधित करने पहुंचे उत्तर प्रदेश सिडको के अध्यक्ष वाइ पी सिंह।

वाइ पी सिंह प्ले प्रबुद्ध जल को संबोधित करते हुए कहा, यह हम सभी का सौभाग्य है कि हमारे देश को नरेंद्र मोदी जैसा यशस्वी प्रधानमंत्री मिला, यह हम सब जानते हैं पिछले कुछ वर्षों में भारत की साग पूरे विश्व पटल पर बढ़ती चली जा रही है आप सबको जानकर खुशी होगी माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 27 देशों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है जो कि हमारे देश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

आज अगर सर्जिकल स्ट्राइक के माध्यम से पाकिस्तान को अगर किसी ने जवाब दिया है तो वह नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुआ है। आप सभी जानते हैं आज भारत के बढ़ते कदम और अर्थव्यवस्था को देखकर विश्व का सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका भी भारत से लोहा लेने में सक्षम नहीं रहा। भारत की कूटनीति के सामने बड़े से बड़े देश की धराशाही होते दिखे हैं। आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, और मोदी जी के नेतृत्व हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं, मेरा आप सभी से एक ही आग्रह है कि हम भी प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व के साथ चले और उनके कहे मेक इन इंडिया प्रोडक्ट को प्राथमिकता दें जिससे हमारा देश और आगे बढ़ सके।



सम्मेलन में पिछड़ा राज आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पल, बैंक चेयरमैन मोहन लाल सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू, अशोक बिश्नोई, रविंद्र सिंह रवि, संजय पाठक, मोहन कुमार लोधी, विकास दीक्षित ,अर्जुन रस्तोगी, दीपक गोयल, श्रीश गुप्ता, संदीप अग्रवाल सोनी, शैलेन्द्र शर्मा, शकुंतला लोधी , सचिन सिंह, ओम प्रकाश लोधी, प्रतिभा अग्रवाल, प्रीति गुप्ता, जगपाल यादव, आदि लोग रहे।

## कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** शनिवार की शाम कोतवाली परिसर में आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई।जिसमें नगर व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने सभी से सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि सभी गणमान्य व्यक्तियों से आपस मे मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की।उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट करने से बचें।इस प्रकार की हरकतों से माहौल खराब होता है। इस अवसर पर श्री सनातन धर्म रामलीला समिति टांडा के अध्यक्ष प्रेम सिंह सैनी, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह उर्फ राजू भैया, महामंत्री संजय ठाकुर, नंदराम सैनी, लाखन सैनी, अमित सैनी और प्रशांत पाल सहित क्षेत्र के रामलीला कमेटी के पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## कोतवाली में एलईडी पर दिखाया गया मिशन शक्ति 5 का सीधा प्रसारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ में श्मिशन शक्ति फेज-5श का शुभारंभ किया। इस अभियान की थीम श्सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेशश है। कोतवाली परिसर में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एलईडी पर दिखाया गया।

मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता प्रदान करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। यह अभियान प्रदेश की बेटियों और बहनों के आत्मविश्वास को नई शक्ति प्रदान करेगा। राज्य सरकार का यह कदम मातृशक्ति को नई शक्ति प्रदान करेगा। राज्य सरकार का यह कदम मातृशक्ति को आत्मनिर्भर बनाने और समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम में सीओ कीर्तिनिधि आनंद, प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार, पालिकाध्यक्ष पति हाजी सरफराज आलम, सभासद मोहम्मद शफीक, सभासद मेराजुल इस्लाम भूरा, महमूद नायक, साकिब सैफी आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# भारत को पाक के पलटवार से सतर्क रहना होगा




● यह मुकाबला सिर्फ एक आम खेल नहीं है, यह एक उत्सव एक भव्य रंगमंच है जहां भावनाएं तंदूर से भी ज्यादा तेज होंगी

**दुबई, वार्ता।** सट्टेबाजों ने रविवार को दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप सुपर 4 मुकाबले में भारत की जीत की संभावना लगभग 80 प्रतिशत बताई है, लेकिन क्रिकेट, जिंदगी की तरह, शानदार अनिश्चितताओं से भरा है। और पाकिस्तान का चंचल स्वभाव उसे गन्ने के खेत में कोबरा जितना खतरनाक बनाता है। यह मुकाबला सिर्फ एक आम खेल नहीं है। यह एक उत्सव है, एक भव्य रंगमंच है जहां भावनाएं तंदूर से भी ज्यादा तेज होंगी। टिकट किसी पंजाबी शादी में जलेबियों से भी तेज़ी से गायब हो गए, और खचाखच भरे घर में हर रन, विकेट और मिसफील्ड का शोर मचने की उम्मीद है। दुनिया भर में लाखों लोग स्क्रीन से चिपके रहेंगे, उस जादुई पल का इंतज़ार करेंगे जो सिर्फ भारत-पाकिस्तान मुकाबले में ही मिल सकता है। भारत पूरी ताकत से, अपराजित और आत्मविश्वास से भरा हुआ है। उन्होंने ग्रुप चरण में पाकिस्तान को सात विकेट से हराया था, और उनकी बल्लेबाज़ी किसी नदी की तरह बह रही है। शुभमन गिल टीम को संभाले रखने वाले बांध की तरह हैं, सूर्यकुमार यादव आसमान को रोशन करने वाले वज्र की तरह हैं, जबकि अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा ऊपरी क्रम में आतिशबाज़ी करते हैं। संजू सैमसन स्टंप के पीछे और मध्य क्रम में विश्वसनीयता लाते हैं, जबकि हार्दिक पांड्या किसी भी विपक्षी टीम की कमर तोड़ने वाला हथौड़ा हैं। गेंद से, भारत किसी सर्जन की छुरी की तरह तेज नजर आता है। कुलदीप यादव धैर्यवान मकड़ी की तरह जाल बुनते हैं, वरुण चक्रवर्ती हवा से करतब दिखाने वाले जादूगर हैं, और अक्षर पटेल टीम को अंतिम रूप देते हैं। फिर जसप्रीत बुमराह हैं तेज गेंदबाज़ी के रोल्स रॉयस, जो यॉर्कर तीर की तरह सीधे विपक्षी टीम के दिलों में दागने के लिए तैयार हैं। इस बीच, पाकिस्तान इस मुक. ाबले में असली चॉकलेट का डिब्बा है: आपको कभी नहीं पता होता कि आपको क्या मिलने वाला है। उन्होंने यूएई को 41 रनों से हरा दिया, उनका शीर्ष क्रम पुराने ट्रैक्टर की तरह लड़खड़ाता रहा। फिर भी, फखर ज़मान के शानदार 50 रनों ने दिखाया कि उनकी क्लास कायम है, जबकि कप्तान सलमान आगा और हसन नवाज मध्यक्रम की मजबूती की कुंजी हैं। पिछले मैच में शाहीन अफरीदी का कैमियो रेगिस्तान में बारिश की तरह अप्रत्याशित था, और मोहम्मद हारिस और मोहम्मद नवाज अंत में पासा पलटने में सक्षम हैं। उनकी गें. दबाजी, हमेशा की तरह, उनका गौरव और तलवार है। नई गेंद के साथ अफरीदी और हारिस रऊफ आग उगल सकते हैं।

**भारत की संभावित एकादश**

अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती

**पाक की संभावित एकादश**

साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), फखर जमान, सलमान आगा (कप्तान), हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, अबरार अहमद

## पाकिस्तान की फिर हुई किरकिरी

# भारत-पाक मैच में फिर रेफरी होंगे एंडी पायक्राफ्टः आईसीसी



**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले एशिया कप के सुपर-4 मुक. ाबले के लिए एंडी पायक्राफ्ट को मैच रेफरी चुना है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की बार-बार उन्हें हटाने की मांग के बावजूद खेल की वैश्विक संस्था ने पायक्राफ्ट को ही यह जिम्मेदारी सौंपी है। एंडी पायक्राफ्ट भारत और पाकिस्तान के मुकाबले के लिए मैच रैफरी हैं।

बता दें कि, कल मैच के लिए मैच अधिकारियों की सूची अब भी सार्वजनिक नहीं की गई है। टूर्नामेंट में दूसरे मैच रैफरी वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान रिची रिचर्डसन हैं। इसके अलावा पाकिस्तान ने मैच से पहले होने वाली प्रेस कान्फ्रेंस भी रद्द कर दी है। टूर्नामेंट के एक सूत्र ने कहा कि पायक्राफ्ट की नियुक्ति और हाथ न मिलाने के विवाद से बचने के लिए पाकिस्तान ने एक बार फिर मैच पूर्व प्रेस कान्फ्रेंस रद्द कर दी है। उल्लेखनीय है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में खेले गए मुकाबले के बाद सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तान टीम से हाथ नहीं मिलाया था। ऐसा ही टॉस के दौरान भी हुआ था। भारतीय कप्तान ने पाकिस्तान की अगुवाई कर रहे सलमान आगा से हाथ नहीं मिलाया था। इसके बाद पाकिस्तान ने खूब ड्रामा किया और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से मैच रेफरी एंडी पायक्राफ्ट को यूएई के खिलाफ मैच से हटाने के लिए दो मेल किए। हालांकि, खेल की वैश्विक संस्था ने उनकी दोनों मांगे खारिज कर दीं। आईसीसी के जवाब से नाखुश पाकिस्तान ने फिर ड्रामा किया और यूएई से उनका मैच करीब एक घंटे की देरी से शुरू हुआ। यूएई के खिलाफ मुकाबला शुरू होने के बाद पाकिस्तान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की और बताया कि पायक्राफ्ट ने माफी मांगी है। आईसीसी ने पीसीबी के इस दावे को भी खारिज कर दिया कि पायक्राफ्ट ने खेल भावना का उल्लंघन किया है। आईसीसी ने कहा कि वह केवल एक संदेशवाहक थे जिन्होंने एशियाई क्रिकेट परिषद के नामित स्थल प्रबंधक से मिले संदेश को आगे बढ़ाया। पायक्राफ्ट केवल संदेश आगे बढ़ा सकते थे क्योंकि मैच शुरू होने में कुछ ही मिनट बचे थे। बाद में आईसीसी ने पायक्राफ्ट और पाकिस्तानी टीम प्रबंधन के बीच एक बैठक आयोजित की जहां रेफरी ने कहा कि उन्हें गलत सूचना के लिए खेद है। इसके बाद आईसीसी ने एक अन्य ईमेल में स्पष्ट किया कि पायक्राफ्ट ने कभी भी माफी नहीं मांगी थी।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ओलंपियन गुरजीत कौर ने खिलाड़ियों को प्रेरित किया

**जालंधर, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम का गौरव और ओलंपियन खिलाड़ी गुरजीत कौर ने शनिवार को सुरजीत हॉकी अकादमी, जालंधर के उभरते हुए खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए अकादमी का दौरा किया। उन्होंने युवा खिलाड़ियों के साथ अपने अनुभव साझा किए और उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अकादमी के सीईओ इकबाल सिंह संधू ने ओलंपियन खिलाड़ी का भव्य स्वागत किया और उन्हें अकादमी के खिलाड़ियों और कोचों से मिलवाया। इस दौरान गुरजीत कौर ने खिलाड़ियों से बातचीत की और उनके सवालों के जवाब दिए। टोक्यो ओलंपिक में भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन में अहम भूमिका निभाने वाली गुरजीत कौर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन की आवश्यकता होती है।

### ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने भारत को दिया 413 रनों का लक्ष्य

**नई दिल्ली, वार्ता।** बेथ मूनी (138 ) की शतकीय, जॉर्जिया वॉल (81) और एलिस पेरी (68) की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने शनिवार को तीसरे और निर्णायक वनडे मैच में भारत को जीत के लिए 413 रनों का लक्ष्य दिया। यहां ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कप्तान एलिसा और जॉर्जिया की सलामी जोड़ी ने 43 रन जोड़े। 5वें ओवर में क्रांति गौड़ ने एलिसा हीली18 गेंदों में 30 रन को आउट किया।

# पाक मैच से पहले सूर्या का पूरा ध्यान क्रिकेट पर

**दुबई, वार्ता।** दुबई में एशिया कप लीग मैच में भारत द्वारा पाकिस्तान को हराने और जानबूझकर हाथ मिलाने से बचने के कुछ ही मिनट बाद, सूर्यकुमार यादव खचाखच भरे प्रेस रूम में पहुंचे। जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने मैच की तैयारी के दौरान सोशल मीडिया पर हो रहे शोर से कैसे निपटा, तो उन्होंने कंधे उचका दिए। उन्होंने कहा कि उन्हें 'पता नहीं' था कि वहां क्या हो रहा है, और फिर उन्होंने आगे कहा कि दुबई पहुंचने पर टीम ने सोच-समझकर फैसला लिया था: ऐप्स डिलीट कर दो, बाहरी शोर को '70-80 प्रतिशत' तक कम कर दो। अब, भारत-पाकिस्तान के एक और मुकाबले की पूर्व संध्या पर, सूर्यकुमार प्रेस के सामने फिर से थे। वही सवाल फिर से आया, इस बार उन सब बातों की याद दिलाते हुए जो तब से हुई थीं। अपना कमरा बंद करो, अपना फोन बंद करो और सो जाओ उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा। मुझे लगता है यही सबसे अच्छा है।

फिर उन्होंने समझाया: ष्देखो, यह कहना आसान है, लेकिन कभी-कभी मुश्किल भी होता है क्योंकि आप बहुत सारे दोस्तों से मिलते हैं, आप डिनर पर जाते हैं और आपके आस-पास बहुत सारे खिलाड़ी भी होते हैं जो ये सब देखना पसंद करते हैं। इसलिए यह बहुत मुश्किल है, लेकिन फिर यह आप पर निर्भर करता है कि आप क्या सुनना चाहते हैं, आप अपने दिमाग में क्या रखना चाहते हैं और आगे बढ़कर अभ्यास सत्र या फिर से खेलना चाहते हैं। लेकिन मैं सभी खिलाड़ियों के साथ बहुत स्पष्ट रहा हूं, मुझे लगता है कि अगर आपको इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करना है और आगे बढ़ना है, तो यह बहुत जरूरी है, हमें बाहर से आने वाले शोर को रोकना होगा और जो आपके लिए अच्छा है उसे अपनाना होगा। मैं यह नहीं कह रहा कि शोर पूरी तरह बंद कर दो, बल्कि जो तुम्हारे लिए अच्छा है उसे अपनाओ और कोई तुम्हें अच्छी सलाह भी दे सकता है जो खेल में तुम्हारी मदद कर सकती है, जो मैदान पर तुम्हारी मदद कर सकती है। इसलिए मुझे लगता है कि यह मेरे लिए बहुत जरूरी है और बाकी मुझे लगता है कि हर कोई एक अच्छी जगह पर अच्छा है। यह बात बहुत मायने रखती थी। एक बार फिर, भारत-पाकिस्तान मैच की पूर्व संध्या पर, ध्यान क्रिकेट के अलावा हर जगह भटक गया था। सूर्यकुमार के जवाबों ने इसे वापस खींच लिया। उन्होंने कहा कि पिछली रात मैदान पर भारत ने जो अंतर दिखाया था, वही बातचीत का विषय था। भारत के खिलाफ पिछले मैच के बाद पूरे भारत में जश्न के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने सरलता से कहा कि हम जीत गए, इसलिए वे जश्न मना रहे हैं। मेरा मतलब है, जिस तरह देश हर मैच में हमारा समर्थन करता है, उसी तरह उन्हें इस मैच में भी हमारा समर्थन करना चाहिए। और आज रविवार है, इसलिए मुझे लगता है कि ज़्यादा लोग मैच देखेंगे।




● कहाः मुझे लगता है कि अगर आपको इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करना है और आगे बढ़ना है तो यह बहुत जरूरी है कि हमें बाहर से आने वाले शोर को रोकना होगा

## द. अफ्रीका की महिला टीम ने पाक को हराया

**लाहौर, वार्ता।** ताजमिन ब्रिट्स (नाबाद 171), लौरा वोल्वार्ट(100) और उसके बाद नादिन डी क्लार्क (तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने वर्षा बाधित दूसरे वनडे मैच में पाकिस्तान को डकवर्थ-लुईस-स्टर्न विधि (डीएलएस पद्धति) के तहत 25 रनों से हरा दिया। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। 313 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में मुनीबा अली(एक) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद ओमैमा सोहेल, सिदरा अमीन की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 11वें ओवर में मसाबाता क्लास ने ओमैमा सोहेल (43) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। आलिया रियाज (18) रन बनाकर आउट हुई। सिदरा अमीन और नतालिया परवेज की जोड़ी ने चौथे विकेट के लिए 146 रन जोड़े। क्लो ट्रायोन ने सिदरा अमीन (122) को बोल्ड कर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे पाकिस्तान के बल्लेबाज नियमित अंतराल पर विकेट गंवाते रहे। नतालिया परवेज ने 60 गेंदों में 73 रन बनाये। रमीन शमीम 12 रन बनाकर आउट हुई। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। पाकिस्तान की पूरी टीम 44.4 ओवर में 287 के स्कोर पर सिमट गई।

## ऑस्ट्रेलिया दौराः ज्योति सिंह की अगुवाई में जूनियर महिला टीम की घोषित

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को ज्योति सिंह की अगुवाई में आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 23 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा की। इस दौरे पर भारतीय जूनियर महिला टीम 26 सितम्बर से दो अक्टूबर तक कैनबरा के राष्ट्रीय हॉकी केंद्र में कुल पांच मैच खेलेगी। पहले तीन मैच ऑस्ट्रेलिया जूनियर महिला टीम के खिलाफ तथा बाद के दो मैच ऑस्ट्रेलिया की हॉकी वन लीग की क्लब टीम कैनबरा चिल के साथ होंगे। यह श्रृंखला दिसम्बर में चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2025 से पहले भारतीय टीम के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। टीम में देश भर के डिफेंडर, मिडफील्डर और फॉरवर्ड खिलाड़ियों का संतुलित मिश्रण है, जिनका नेतृत्व उनकी कप्तान ज्योति सिंह करेंगी, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में एफआईएच हॉकी प्रो लीग के दौरान सीनियर टीम में जगह बनाई थी। गोलकीपिंग की ज़िम्मेदारी निधि और एंगिल हर्षा रानी मिंज को सौंपी गई है। डिफेंस में, टीम मनीषा, ज्योति सिंह (कप्तान), लालथंतलुआंगी, ममिता ओरम, साक्षी शुक्ला, पूजा साहू और नंदनी पर निर्भर करेगी। मिडफील्ड में प्रियंका यादव, साक्षी राणा, खैदेम शिलेइमा चानू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धन, इशिका, सुनीता टोप्पो और अनीशा साहू जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल होंगी।

## रोमांचक फाइनल में जेसिका शिल्डर ने चेस जैक्सन को हराकर स्वर्ण पदक जीता

**टोक्यो, वार्ता।** नीदरलैंड की जेसिका शिल्डर ने शनिवार को यहां 2025 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की शॉटपुट स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। 26 वर्षीय शिल्डर ने अपने अंतिम प्रयास में 20.29 मीटर का अपना सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंककर जीत हासिल की, और गत चैंपियन संयुक्त राज्य अमेरिका की चेस जैक्सन, जिन्होंने 20-21 मीटर का थ्रो फेंककर रजत पदक जीता, को कड़ी टक्कर दी। न्यूजीलैंड की मैडिसन-ली वेशे ने दबाव में अद्भुत संयम दिखाते हुए 20-06 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। चीन की अनुभवी गोंग लिजियाओ, जो अपनी नौवीं विश्व चैंपियनशिप खेल रही थीं, 18.96 मीटर के साथ नौवें स्थान पर रहीं।

## अक्षर को लगी चोट, आज खेलना संदिग्ध




● अक्षर मिड ऑफ से दौड़ते हुए हम्माद मिर्जा का कैच लेने की कोशिश में संतुलन खोकर गिर पड़े जिससे उनके सिर में चोट लगी

**अबु धाबी, वार्ता।** अक्षर पटेल पाकिस्तान के खलिाफ रविवार को होने वाले भारत के सुपर फोर मैच में नहीं भी खेल सकते हैं। उन्हें अबु धाबी में ओमान के खलिाफ ग्रुप ए मैच में फील्डिंग करते समय सिर पर चोट लगी थी। अक्षर को 15वें ओवर में यह चोट लगी थी। वह मिड-ऑफ से दौड़ते हुए हम्माद मिर्ज़ा का कैच लेने की कोशिश में संतुलन खोकर गिर पड़े, जिससे उनका सिर जमीन से टकरा गया। इसके बाद उन्हें सिर और गर्दन को पकड़ते हुए देखा गया और फिज़ियो की मदद से मैदान से बाहर ले जाया गया। वे ओमान की पारी के बचे हुए हिस्से में फील्ड पर नहीं लौटे। अक्षर ने सिर्फ एक ओवर डाला जिसमें चार रन दिए। इस मैच में भारत ने कुल आठ गेंदबाजों का इस्तेमाल किया और 21 रन से मैच जीता। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय टीम के फील्डिंग कोच टी- दिलीप ने बताया कि अक्षर की हालत ठीक है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि मैचों के बीच काफी कम समय है। भारत को पाकिस्तान के खिलाफ दुबई में अपना अगला मुकाबला खेलने से पहले 48 घंटों से भी कम का वक्त मिलेगा। अक्षर ने बल्लेबाज़ी में अच्छा प्रदर्शन किया। पांचवे नंबर पर आकर उन्होंने 13 गेंदों पर 26 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। इस दौरान उन्होंने संजू सैमसन के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 45 रनों की पार्टनरशिप की। अगर किसी वजह से अक्षर पाकिस्तान के खिलाफ मैच से बाहर रहते हैं, तो टीम के लिए तीन स्पिनरों के साथ मैदान पर उतरना मुश्किल हो सकता है। यह तभी संभव होगा जब किसी और खिलाड़ी को बुलाया जाए। आपको बता दें कि वरुण और कुलदीप ही दो विशेषज्ञ स्पिनर हैं जो अभी टीम में हैं।

## सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप-2025

# भारत की अंडर-17 टीम भूटान को हराकर सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली/कोलंबो, वार्ता।** भारत की अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम ने अपने दूसरे ग्रुप बी मैच में भूटान को 1-0 से हराकर सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप 2025 के सेमीफाइनल में जगह बना ली। इस जीत के साथ, भारत के दो मैचों में छह अंक हो गए हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने अपने बयान में कहा कि भारत अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम ने शुक्रवार को कोलंबो के रेसकोर्स इंटरनेशनल स्टेडियम में अपने दूसरे ग्रुप बी मैच में भूटान को 1-0 से हराकर सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप 2025 के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। एआईएफएफ ने कहा है कि भारतीय टीम अब सोमवार को पाकिस्तान के साथ खेलेगी। इस मैच का विजेता ग्रुप बी में शीर्ष पर रहेगा। मैच का विजयी गोल दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी रहान अहमद के रूप में आया। महासंघ ने कहा कि दूसरे हाफ में शामिल किए गए सुपर-सब रहान अहमद ने 57वें मिनट में मैच का एकमात्र गोल दागा और भारत को 1-0 से मामूली अंतर से जीत दिलाई। उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' के खिताब से नवाजा गया। पहले हाफ में भारत ने गेंद पर कब्जा बनाए रखा, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। भूटान ने अपने खेल में संयम बरता।

## नवी मुंबई में होगी महाराष्ट्र की पहली फॉर्मूला नाइट स्ट्रीट रेस

**मुंबई, वार्ता।** महाराष्ट्र खेलों की दुनिया में एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में रेसिंग प्रमोशन्स प्रा- लि- (आरपीपीएल) और नवी मुंबई नगर निगम (एनएमएमसी) के बीच एमओयू साइन किया गया। इंडियन रेसिंग फेस्टिवल (आईआरएफ) का भव्य फिनाले दिसम्बर 2025 में आयोजित किया जाएगा। इस घोषणा के साथ मुंबई को उसका पहला एफआईए-ग्रेड स्ट्रीट रेसिंग सर्किट मिलने जा रहा है, जो शहर को वैश्विक खेल कैलेंडर पर मजबूती से स्थापित करेगा। पहली बार नवी मुंबई की सड़कें रात में जगमगाते फ्लडलाइट्स के बीच हाई-स्पीड रेसिंग ट्रैक में बदलेंगी। यह नाइट रेस भारत में मोटरस्पोर्ट्स का नया इतिहास रचने वाली होगी।

## एसए20, भारत का दौरा सीएसए के खजाने के लिए क्रांतिकारी बदलाव लेकर आया

**जोहानसबर्ग, वार्ता।** क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने शनिवार को जोहान्सबर्ग में अपनी वार्षिक बैठक में 2024-25 वित्तीय वर्ष के लिए 13,723,600 अमेरिकी डॉलर का शुद्ध लाभ घोषित किया।

यह पिछले वर्ष के लाभ से लगभग साढ़े तीन गुना कम है, लेकिन इससे पहले तीन वर्षों में उन्हें हुए नुकसान (वर्तमान विनिमय दरों के अनुसार) 6,861,800 अमेरिकी डॉलर से 12,743,342 अमेरिकी डॉलर के नुकसान की तुलना में यह उल्लेखनीय सुधार है।

खेल बदलने वाले कारक एसए20 रहे हैं, जिसका आंशिक स्वामित्व सीएसए के पास है, और पिछले दो सत्रों में भारतीय पुरुष टीम के आकर्षक दौरे रहे हैं।



# चोटिल नेमार अभ्यास से हुए बाहर

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के फुटबॉल क्लब सैंटोस ने बताया है कि फिटनेस हासिल करने का प्रयास कर रहे फॉरवर्ड नेमार जांघ की चोट के कारण अभ्यास से बाहर हो गए हैं। ब्राजील के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर 33 वर्षीय नेमार गुरुवार को दाहिनी जांघ में दर्द के कारण अभ्यास से बाहर हो गए।

बाद में हुई जांच में रेक्टस फेमोरिस मांसपेशी में चोट की पुष्टि हुई। क्लब ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा, ष्नेमार जूनियर ने सैंटोस एफसी के चिकित्सा विभाग के मार्गदर्शन में इलाज शुरू कर दिया है। हालांकि उनकी वापसी की कोई समय सीमा नहीं बताई गई। अक्टूबर 2023 में घुटने में गंभीर चोट लगने के बाद से नेमार ब्राजील के लिए नहीं खेले हैं।

## जेफरसन-वुडन का विश्व चैंपियनशिप में स्वर्णिम स्प्रिंट डबल

● मेलिसा-वुडन ने महिलाओं की 200 मी. दौड़ में शानदार जीत हासिल और 100 मी. में भी अपना खिताब जोड़ा

**टोक्यो, वार्ता।** अमेरिकी मेलिसा जेफरसन-वुडन ने शुक्रवार को विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्णिम स्प्रिंट डबल पूरा किया। उन्होंने महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में शानदार जीत हासिल की और 100 मीटर में भी अपना खिताब जोड़ा। 24 वर्षीय इस खिलाड़ी ने 21:68 सेकंड का विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए अपने करियर का चौथा विश्व खिताब जीता।

वह पिछली दो चैंपियनशिप में अमेरिका की विजेता 4ग100 मीटर रिले टीमों का भी हिस्सा थीं। ब्रिटेन की एमी हंट ने 22-14 सेकंड के समय के साथ रजत पदक जीता, जबकि जमैका की गत चैंपियन शेरिका जैक्सन ने 22-18 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। इस बीच अमे. रिकी स्प्रिंट सनसनी नोआ लाइल्स ने पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में 19:52 सेकंड का प्रभावशाली समय निकालकर लगातार चौथी जीत हासिल की। 28 वर्षीय लाइल्स ने चार विश्व चैंपियनशिप में अपना छठा स्वर्ण पदक हासिल किया, जिसमें बुडापेस्ट में 100 मीटर का खिताब और दोहा तथा बुडापेस्ट में 4ग100 मीटर रिले में स्वर्ण पदक शामिल हैं। दो बार के ओलंपिक रजत पदक विजेता केनेथ ने सत्र का सर्वश्रेष्ठ 19:58 सेकंड का समय निकालकर रजत पदक जीता और अमेरिका को पहला-दो स्थान दिलाया। जमैका के लेवेल ने 19:64 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ कांस्य पदक जीता। इस सप्ताह के शुरू में 100 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतने वाले बोत्सवाना के लेत्सिले तेबोगो, 19:65 सेकंड के समय के साथ चौथे स्थान पर रहकर पोडियम से चूक गए।

# सऊदी अरब को परमाणु हथियार देगा पाक

## रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ बोले: भारत से जंग हुई, तो सऊदी साथ देगा, 2 दिन पहले हुई डिफेंस डील





**इस्लामाबाद/लंदन।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान अपने न्यूक्लियर हथियार सऊदी अरब के साथ शेयर करेगा। दोनों देशों के बीच बुधवार को एक रक्षा समझौता हुआ था, जिसके तहत अगर किसी एक देश पर हमला होता है, तो इसे दोनों पर हमला माना जाएगा।

आसिफ ने एक साक्षात्कार में कहा कि हमारी परमाणु क्षमता पहले से अच्छी है। यह समझौता दोनों देशों को एक-दूसरे की रक्षा करने का वादा करता है। हमारे पास युद्ध के लिए ट्रेंड सेनाएं हैं। हमारे पास जो क्षमताएं हैं, वे इस समझौते के तहत निश्चित रूप से उपलब्ध होंगी। जब आसिफ से पूछा गया कि अगर भारत और पाकिस्तान में जंग होती है तो क्या सऊदी अरब इसमें पाकिस्तान की तरफ से शामिल होगा? इस पर ख्वाजा आसिफ ने कहा कि बिल्कुल, इसमें कोई शक की बात नहीं है। हालांकि, उन्होंने किसी देश का नाम नहीं लिया। आसिफ ने कहा कि इस समझौते का इस्तेमाल किसी हमले के लिए नहीं, बल्कि रक्षा के लिए किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी अरब ने पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम को आर्थिक मदद दी है। पाकिस्तान के पास करीब 170 परमाणु हथियार हैं, जो भारत के 172 हथियारों के लगभग बराबर हैं। आसिफ ने आगे कहा कि न तो सऊदी अरब ने किसी खास देश का नाम लिया और न ही हमने किसी का नाम लिया। यह बस एक अम्ब्रेला है जो दोनों को मिला है, जिसमें नियम है कि किसी एक पर भी हमला होता है तो दोनों मिलकर उसका जवाब देंगे। आसिफ ने यह भी कहा कि यह कोई 'आक्रामक समझौता नहीं', बल्कि 'रक्षा व्यवस्था' है। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा कि सऊदी अरब के साथ हुए ऐतिहासिक रक्षा समझौते के बाद कई देशों ने पाकिस्तान के साथ ऐसे ही रणनीतिक रक्षा समझौते करने में रुचि दिखाई है। लंदन में पत्रकारों से बात करते हुए डार ने कहा कि अभी जल्दी है कुछ कहना, लेकिन इस समझौते के बाद अन्य देशों ने भी इस तरह की व्यवस्था की इच्छा जताई है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे समझौते एक नियम के तहत ही तय होते हैं। सऊदी अरब के साथ समझौते को अंतिम रूप देने में ही कई महीने लगे थे। डार ने समझौते को एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया और कहा कि पाकिस्तान और सऊदी अरब दोनों इससे संतुष्ट और खुश हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सऊदी अरब ने हमेशा मुश्किल वक्त में पाकिस्तान का साथ दिया है, खासकर हालिया अंतर्राष्ट्रीय और आर्थिक संकट के दौरान। समझौते पर दोनों देशों ने एक जाइंट स्टेटमेंट में कहा कि यह समझौता दोनों देशों की सुरक्षा बढ़ाने और विश्व में शांति स्थापित करने की प्रतिबद्धता को दिखाता है। इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच डिफेंस कार्पोरेशन भी डेवलप किया जाएगा। रायटर्स के मुताबिक इस समझौते के तहत मिलिट्री सहयोग किया जाएगा। इसमें जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का इस्तेमाल भी शामिल है।

**पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा: पाक दूसरे देशों के साथ भी ऐसी डिफेंस डील करेगा**



गुजरात। भावनगर में एक रोड शो के दौरान उपस्थित जनसमूह का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## अफगान के वरिष्ठ अधिकारी ने की ट्रम्प की टिप्पणी की निंदा

**काबुल।** अफगानिस्तान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने युद्ध के बाद देश में बगराम एयरबेस पर पुन: कब्जा करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हालिया बयान की आलोचना की और कहा कि हम अफगान अपने देश में विदेशी सैन्य उपस्थिति को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। अफगानिस्तान के सरकारी रेडियो और टेलीविजन (आरटीए) ने इसकी जानकारी दी। सरकारी मीडिया आउटलेट ने विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ राजनयिक जलाली के हवाले से कहा कि अपने पूरे इतिहास में अफगानों ने कभी भी अपनी धरती पर विदेशी सैन्य की उपस्थिति को स्वीकार नहीं किया है। अफगानिस्तान और अमेरिका को द्विपक्षीय सम्मान एवं साझा हितों के मद्देनजर आर्थिक और राजनीतिक संबंधों पर सहयोग करने की जरूरत है। ट्रम्प ने गुरुवार को लंदन में अगस्त 2021 में अमेरिकी वापसी के दौरान बगराम एयरबेस को छोड़ने के लिए पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की आलोचना करते हुए संवाददाताओं से कहा कि हम इसे वापस लेना चाहते हैं।

### संक्षिप्त समाचार

### तालिबान ने ब्रिटिश दंपति को किया रिहा

**दोहा।** लगभग आठ महीने तक तालिबान द्वारा हिरासत में रखे गए एक ब्रिटिश दंपत्ति को आखिरकार रिहा कर दिया गया और कतर पहुंचने के बाद वे अपनी बेटी से भावुक होकर मिले। उन्होंने एक-दूसरे को गले लगाया। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार लगभग दो दशकों से अफगानिस्तान में रह रहे पीटर रेनॉल्ड्स (80) और उनकी पत्नी बार्बी (76) एक फरवरी को जब अपने घर लौट रहे थे, तब उन्हें रोक लिया गया। दंपति को शुक्रवार सुबह कतर की मध्यस्थता के माध्यम से रिहा कर दिया गया और बाद में वे दोहा पहुंचे जहां उनकी बेटी सारा एंटविसल ने उनसे मुलाकात की। हवाई अड्डे की इमारत की ओर साथ-साथ चलने से पहले उन्होंने एक-दूसरे को गले लगाया।

### चीन-रूस ने विधाई सहयोग को मजबूत करने का लिया संकल्प

**मास्को।** चीन और रूस ने मंगलवार से शनिवार तक चलने वाले एक चीनी प्रतिनिधिमंडल की रूस यात्रा के दौरान अपने विधाई निकायों के बीच सहयोग को मज़बूत करने का संकल्प लिया है। इस यात्रा के दौरान प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे चीन की राष्ट्रीय जन कांग्रेस की स्थाई समिति के उपाध्यक्ष पेंग किगहुआ ने रूस के स्टेट ड्यूमा के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोडिन, तातारस्तान गणराज्य के प्रमुख रुस्तम मिन्निखानोव और तातारस्तान राज्य परिषद के अध्यक्ष फ़रीद मुखमेतशिन से मुलाकात की। पेंग ने रूसी स्टेट ड्यूमा के उपाध्यक्ष अलेक्जेंडर बाबाकोव के साथ संसदीय सहयोग के लिए चीन-रूस समिति के संयुक्त कार्य समूह की चौथी बैठक की सह-अध्यक्षता भी की।

### अगले सप्ताह दो दिन की यात्रा पर मोरक्को जाएंगे राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिह, मोरक्को के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री अब्देलतीफ लौदिई के निमंत्रण पर 22 सितम्बर को मोरक्को की दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। यह किसी भारतीय रक्षा मंत्री की उत्तरी अफ्रीकी राष्ट्र की पहली यात्रा होगी जो भारत और मोरक्को के बीच बढ़ते रणनीतिक सहयोग के महत्व को दर्शाती है। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स मोरक्को के बेरेचिड में व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफॉर्म के लिए नए विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन इस यात्रा का एक प्रमुख आकर्षण होगा। यह संयंत्र अफ्रीका में पहला भारतीय रक्षा विनिर्माण संयंत्र है। यह आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत भारत के रक्षा उद्योग की बढ़ती वैश्विक उपस्थिति को दर्शाता है।

## आरएसएफ ने मस्जिद पर किया ड्रोन हमला, 70 की मौत

**■ हमले का आरोप अर्धसैनिक संगठन रैपिड सपोर्ट फोर्सेस पर लगाया**

**काहिरा।** सूडान में जारी गृहयुद्ध के बीच उत्तरी दारफुर के अल फशर शहर में एक मस्जिद को निशाना बनाया गया। यहां नमाज के दौरान मस्जिद पर हुए ड्रोन हमले में कम से कम 70 लोगों की मौत हो गई। हमले का आरोप अर्धसैनिक संगठन रैपिड सपोर्ट फोर्सेस पर लगाया गया है।

स्थानीय राहत समूह के एक कार्यकर्ता ने इस हमले के बाद का भयावह मंजर बयां किया। उसने बताया कि हमले के बाद मस्जिद पूरी तरह ढह गई है और कई शव मलबे में दबे हैं, जिससे मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। वहीं, हमले का वीडियो भी सामने आया है, हालांकि वीडियो की पुष्टि नहीं हो पाई है। वहीं, सूडानी सेना ने इस हमले को लेकर बयान जारी किया है। इसमें कहा गया है कि निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाना इस विद्रोही मिलिशिया की पहचान है, और यह पूरी दुनिया के सामने खुलेआम ऐसा कर रही है। गौरतलब है कि इससे पहले इस सप्ताह की शुरुआत में ही आरएसएफ ने अल-फाशेर में 18 लोगों की हत्या कर दी थी और 14 अन्य को अगवा कर लिया था, जिनमें तीन लड़कियां भी शामिल हैं। सूडान में गृहयुद्ध अप्रैल 2023 से जारी है, जब सेना और आरएसएफ के कमांडरों के बीच सत्ता को लेकर संघर्ष शुरू हुआ था। इस लड़ाई ने पूर्वोत्तर अफ्रीकी देश को बर्बाद कर दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार अब तक 40000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और 1.2 करोड़ विस्थापित हुए हैं।

## भारत-यूएई के बीच अहम समझौतों की नींव तैयार

### गोयल के दौरे में बनी सहमति, पाक-अरब समझौते के जवाब के रूप में देखा जा रहा है दौरा



**■ इस दौरान दोनों देशों के बीच अगले तीन वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 200 अरब डॉलर तक पहुंचाने पर सहमति बनी**

**अबू धाबी।** पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच पारस्परिक सुरक्षा समझौता के कारण बढ़ी नजदीकी के कारण भारत की निगाहें अब पश्चिम एशिया में अपनी पुरानी स्थिति मजबूत करने पर है।

इस कड़ी में भारत की निगाहें क्षेत्र की एक और ताकत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर है। भारत जल्द यूएई के साथ अंतरिक्ष और समुद्री क्षेत्र में कई अहम समझौते करने जा रहा है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के दो दिवसीय यूएई दौरे पर समझौते की जमीन तैयार कर ली गई है। इसे पाक-अरब समझौते के जवाब के रूप में देखा जा रहा है। भारत यूएई उच्चस्तरीय निवेश कार्यदल की 13वीं बैठक में शिरकत करने पहुंचे गोयल ने वहां अबूधाबी इंडिया बिजनेस फोरम में भी हिस्सा लिया। इस दौरान दोनों देशों के बीच अगले तीन वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 200 अरब डॉलर तक पहुंचाने पर सहमति बनी है। ऊर्जा, तकनीक समेत कई अन्य क्षेत्रों में अहम समझौते के बाद दोनों देशों के बीच अंतरिक्ष और समुद्री क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाने पर व्यापक बातचीत हुई है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्दी ही दोनों देश इन क्षेत्रों में कई अहम समझौते पर सहमत होंगे। यूएई में 42 लाख भारतीय हैं। यूएई पश्चिम एशिया में सऊदी अरब की तरह अहम ताकत है। दोनों देशों के बीच तेल के इतर दूसरे व्यापार में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। खासतौर पर ऊर्जा और तकनीक के क्षेत्र में दोनों देशों के रिश्ते मजबूत हुए हैं। अंतरिक्ष को लेकर सौ से अधिक परियोजनाओं पर काम कर रहे यूएई को इस क्षेत्र में भारत की मदद की जरूरत है। दूसरी ओर भारत को अरब के सबसे बड़े बंदरगाह जबल अली पोर्ट की जरूरत है। यूएई इजरायल मामले में इस्लामिक देशों से अलग रुख अपनाने के कारण चर्चा में है। इजरायल के कतर पर हमले के बाद 50 इस्लामिक देशों की बैठक में सांकेतिक उपस्थिति दर्ज करा कर यूएई ने नया रुख अपनाने का इशारा किया है। यूएई इजरायल को मान्यता देने वाले चुनिंदा इस्लामिक देशों में शमिल है, जिसने पांच वर्ष पूर्व इजरायल के साथ अब्राहम समझौता किया है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) हाई-टेक क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निवेश कर रहा है और भारत इस क्षेत्र में सहयोग की दिशा में देख रहा है। यूएई में दो दिवसीय दौरे के दौरान शीर्ष अधिकारियों, उद्योग जगत के नेताओं और भारतीय समुदाय से मुलाकातों के बाद गोयल ने मीडिया से बातचीत की।

### टिकटॉक के लिए अमेरिका-चीन में समझौता, अगले साल चीन जाएंगे ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिग के साथ फोन पर बात की जिसमें दोनों के बीच टिकटॉक को लेकर समझौता, द्विपक्षीय व्यापार तथा कई अन्य मुद्दों पर सहमति बनी। ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर इस वार्ता को 'सफल' बताते हुए कहा कि दोनों नेता इस साल अक्टूबर के अंत में दक्षिण कोरिया में होने वाले एपेक शिखर बैठक में मुलाकात करेंगे। इसके बाद अगले साल की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति चीन का दौरा करेंगे और बाद में चीनी राष्ट्रपति भी अमेरिका आएंगे। दोनों देशों के बीच पिछले जो बाइडन प्रशासन के दौरान रिश्तों में दूरी आ गई थी। यहां तक कि ट्रम्प भी अब तक चीन के आलोचक रहे थे।

## पुर्तगाल भी देगा फलस्तीन को मान्यता

### अगले हफ्ते न्यूयॉर्क में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा में चर्चा का केंद्र बन सकता है यह मुद्दा



**■ एक अन्य हमले में शावा स्क्वायर के पास पांच लोगों की मौत हुई**

**■ पश्चिमी देशों का यह रुख इजरायल पर बढ़ते दबाव का संकेत है**

**काहिरा।** गाजा पर इजरायल के ताजा हवाई हमलों में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई है। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब कई पश्चिमी देश अब खुले तौर पर फलस्तीन को स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता देने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। अगले हफ्ते न्यूयॉर्क में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा में यह मुद्दा चर्चा का केंद्र बन सकता है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि मारे गए लोगों में छह लोग एक ही परिवार से थे।

इनमें शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सलमिया के रिश्तेदार भी शामिल हैं। एक अन्य हमले में शावा स्क्वायर के पास पांच लोगों की मौत हुई। राहत एजेंसियां कह रही हैं कि गाजा में हालात अकाल जैसी स्थिति तक पहुंच गए हैं। इजरायल के हमलों के बीच पुर्तगाल ने घोषणा की है कि वह रविवार को आधिकारिक तौर पर फलस्तीन राज्य को मान्यता देगा। इसके अलावा ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया, माल्टा, बेल्जियम और लक्ज़मबर्ग जैसे देश भी आने वाले दिनों में यह कदम उठा सकते हैं। पश्चिमी देशों का यह रुख इजरायल पर बढ़ते दबाव का संकेत है। इजरायल की सेना का कहना है कि उसका लक्ष्य हमास की सैन्य संरचना को पूरी तरह नष्ट करना है। हालांकि इसके लिए कोई समयसीमा तय नहीं की गई है। माना जा रहा है कि अभियान महीनों तक चल सकता है। पिछले 23 महीनों में इजरायली बमबारी से गाजा में 65000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और करीब 90 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो चुकी है। गाजा सिटी में रहने वाले हजारों लोगों को दक्षिण की ओर जाने के लिए कहा जा रहा है। लेकिन कई लोग या तो कमजोर हैं, या फिर उनके पास संसाधन नहीं हैं कि वे बार-बार उजड़कर सुरक्षित स्थानों पर जा सकें। संयुक्त राष्ट्र और अन्य एजेंसियां कह रही हैं कि इस तरह की जबरन निकासी से मानवीय संकट और गंभीर होगा। यूनिसेफ ने खुलासा किया कि कुपोषित बच्चों के लिए भेजा गया जीवनरक्षक भोजन सशस्त्र लोगों ने लूट लिया। चार ट्रकों से यह सामान गाजा सिटी में जबरन छीना गया। इजरायल ने इसका आरोप हमास पर लगाया है, हालांकि संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि उनके पास मदद के दुरुपयोग को रोकने के लिए कड़े तंत्र मौजूद हैं। सात अक्टूबर 2023 को हमास ने दक्षिणी इजरायल में हमला किया था जिसमें 1200 लोग मारे गए और 251 को बंधक बनाया गया। इनमें से 48 अभी भी गाजा में हैं और आधे से भी कम के जिंदा होने की आशंका है। इसके बाद से अब तक 65,100 से अधिक फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है।

### तीन रूसी विमानों ने एस्टोनिया के हवाई क्षेत्र का किया उल्लंघन

**तालिन।** तीन रूसी मिग-31 लड़ाकू विमान एस्टोनिया के हवाई क्षेत्र में घुस आए और कुल 12 मिनट तक वहां रहे। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार इसके बाद एस्टोनिया के विदेश मंत्रालय ने इस घुसपैठ की 'बेशर्मी' करार देते हुए निंदा की और कहा कि तीन रूसी मिग-31 लड़ाकू विमान बिना अनुमति के एस्टोनियाई हवाई क्षेत्र में घुस आए और फिनलैंड की खाड़ी के ऊपर कुल 12 मिनट तक वहां रहे। इस घटना से नाराज़ एस्टोनिया ने रूसी युद्धक विमानों द्वारा अपने हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने के बाद अन्य नाटो सदस्यों से परामर्श का अनुरोध किया है। नाटो के एक प्रवक्ता ने कहा कि सैन्य गठबंधन ने 'तुरंत प्रतिक्रिया दी और रूसी विमान को रोक लिया', इसे 'रूस के लापरवाह व्यवहार और नाटो की प्रतिक्रिया देने की क्षमता का एक और उदाहरण' बताया।

## यूरेशिया ग्रुप के अध्यक्ष ने की मोदी की तारीफ

**■ इयान ब्रेमर बोले: अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को किया शर्मिंदा**

**■ अमेरिका-पाक रिश्तों में अनैतिक कारोबार की गंध**

**वाशिंगटन।** राजनीतिक विज्ञानी और यूरेशिया ग्रुप के अध्यक्ष इयान ब्रेमर ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद मई में भारत-पाकिस्तान तनाव बढ़ाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के मध्यस्थता के दावों को सार्वजनिक तौर से खारिज करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है।

एक साक्षात्कार के दौरान ब्रेमर ने इसे अन्य वैश्विक नेताओं की चुप्पी के उलट पीएम मोदी का साहसिक कदम करार दिया। ब्रेमर ने कहा कि ट्रम्प का रवैया था, मैं ताकतवर हूं, राष्ट्रपति हूं, मेरी बात माननी होगी, लेकिन मोदी ने, चीन और रूस की तरह उनका सामना किया। पीएम मोदी ने साफ कहा कि अमेरिका की इसमें कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने यह कहकर ट्रम्प को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर शर्मिंदा किया। ब्रेमर के मुताबिक, मोदी का यह फैसला सोचा-समझा था। इससे उन्हें घरेलू राजनीति में मजबूती मिली और उनकी अमेरिका से अलग स्वतंत्र छवि भी दिखी, जो अमेरिका के अधिकतर सहयोगी देशों में नहीं दिखती। उन्होंने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर का उदाहरण देते हुए कहा कि स्टार्मर ने ट्रम्प की नीतियों को नापसंद करने के बावजूद उन्हें खुश करने की कोशिश की ताकि बेहतर समझौते मिल सकें। वहीं अधिकतर नेता ट्रम्प की तारीफों के पुल बांधते रहे, लेकिन मोदी ने उन्हें सबके सामने चुनौती दी और घरेलू स्तर पर फायदा उठाया।

## यूरोप के तीन बड़े एयरपोर्ट्स पर साइबर अटैक

**■ चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम ठप, मैन्युअल चेकइन कराया गया, कई फ्लाइट लेट, रद्द हुई**

**लंदन।** यूरोप के तीन बड़े एयरपोर्ट्स पर साइबर अटैक हुआ है। इनमें लंदन का हीथ्रो एयरपोर्ट, जर्मनी का बर्लिन एयरपोर्ट और बेल्जियम का ब्रसेल्स एयरपोर्ट शामिल है।

साइबर अटैक के चलते शनिवार को इन एयरपोर्ट्स पर चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम ठप हो गए। इसकी वजह से कई उड़ानों में देरी हुई। साथ ही कुछ फ्लाइट्स को कैंसिल भी करना पड़ा है। चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम ठप होने से यात्रियों को मैन्युअल तरीके से चेक-इन करना पड़ रहा है। इसकी वजह से फ्लाइट शेडयूल पर असर पड़ा है। शनिवार दोपहर तक हीथ्रो एयरपोर्ट से आने-जाने वाली 140 से ज्यादा उड़ानें लेट हुईं। ब्रसेल्स में 100 से ज्यादा और बर्लिन में 60 से ज्यादा फ्लाइट्स पर इसका असर पड़ा है। ब्रसेल्स एयरपोर्ट के अधिकारियों के मुताबिक शुक्रवार रात को एयरपोर्ट के चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम से जुड़ी सर्विस प्रोवाइडर कंपनी पर साइबर अटैक हुआ। हीथ्रो यूरोप का सबसे व्यस्त एयरपोर्ट है। कई फ्लाइट्स कैंसिल भी करनी पड़ीं। हैकर्स ने कालिन्स एयरोस्पेस कंपनी के सिस्टम को निशाना बनाया है। यह कंपनी इन एयरपोर्ट पर चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम की सुविधा देती है।

### हांगकांग में द्वितीय विश्व युद्ध का बम निष्क्रिय किया

**हांगकांग सिटी।** हांगकांग पुलिस ने शनिवार सुबह पूर्वी जिले में एक निर्माण स्थल पर मिले द्वितीय विश्व युद्ध के बम को निष्क्रिय कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि निर्माण स्थल और उसके आसपास का इलाका अब सुरक्षित है और खाली कराए गए निवासी वापस लौट सकते हैं। सभी बंद सड़कों को फिर से खोल दिया गया है। उन्होंने कहा कि 1.5 मीटर लंबे और लगभग 1000 पाउंड वज़नी इस हवाई बम को निष्क्रिय करने के लिए, पुलिस ने शुक्रवार रात 11 बजे तक आसपास की इमारतों से लगभग 6000 लोगों को निकाला था। उनमें से कुछ ने देखभाल टीमों और जिला परिषद सदस्यों की सहायता से सामुदायिक केंद्रों में रात बिताई।

## जैश-हिजबुल के आतंकी अब खैबर ठिकाने बना रहे

### दावा: ऑपरेशन सिंदूर के बाद पीओके छोड़ रहे, इसमें पाकिस्तान सरकार मदद कर रही



**■ पाकिस्तान की सरकारी संस्थाएं आतंकियों को पीओके से खैबर शिफ्ट होने में मदद कर रही है**

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर हमलों से आतंकी डर गए हैं। अब जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन खैबर पख्तूनख्वा में अपने नए ठिकाने बना रहे हैं।

भारतीय डिफेंस और मिलिट्री के सूत्रों ने बताया कि आतंकी ग्रुप्स पीओके को अब भारतीय हमलों के कारण असुरक्षित मानते हैं। इसलिए, अफगानिस्तान से सटे खैबर पख्तूनख्वा की पहाड़ी इलाके उनके लिए सुरक्षित ठिकाना बन गए हैं। सूत्रों ने यह भी दावा किया कि पाकिस्तान की सरकारी संस्थाएं आतंकियों को पीओके से खैबर शिफ्ट होने में मदद कर रही है। हाल ही में पाकिस्तान में कुछ जगहों पर पुलिस सुरक्षा में जैश-ए-मोहम्मद ने सभाएं भी की थीं, जिसे जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (जेयूआई) जैसे राजनीतिक-धार्मिक संगठनों का भी समर्थन था। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इसके तहत भारत ने बहावलपुर, मुरीदके, मुजफ्फराबाद सहित पाकिस्तान के 7 शहरों में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के इन 7 शहरों में आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी। खैबर में भारत-पाकिस्तान मैच से जैश ने भर्ती अभियान चलाया सूत्रों ने बताया कि सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम 14 सितम्बर को खैबर पख्तूनख्वा के मनसेहरा जिले के गढ़ी हबीबुल्लाह कस्बे में हुआ। यहां जैश ने भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच शुरू होने से लगभग सात घंटे पहले एक धार्मिक कार्यक्रम के नाम पर भर्ती अभियान चलाया। यह कार्यक्रम खैबर और कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद के सीनियर कमांडर मोलाना मुफ्ती मसूद इलियास कश्मीरी उर्फ अबू मोहम्मद की मौजूदगी में किया गया था। कार्यक्रम का नेतृत्व जैश-ए-मोहम्मद और जमात-उद-दावा ने किया था।



## रामलीला में पूनम पांडे बनेगी मंदोदरी

**नई दिल्ली।** जानीमानी अभिनेत्री पूनम पांडे लव कुश रामलीला में महाबली रावण की पत्नी मंदोदरी का दमदार किरदार निभाएंगी। लव कुश रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने बताया, जब हमने मंदोदरी की भूमिका के लिए पूनम पांडे से संपर्क किया तो उन्होंने तुरंत हामी भर दी। पूनम पांडे ने कहा कि यह उनके जीवन का सपना है जो प्रभु श्रीराम की कृपा से पूरा हुआ है। लाइव मंचन में हजारों दर्शकों के सामने मंदोदरी को साकार करना चुनौतीपूर्ण है।

इसलिए वह अभी से गहन रिहर्सल कर रही हैं। पूनम पांडे ने कर्मा द जर्नी, जीएसटी: गलती से सिर्फ़, जैसी फिल्मों और टीवी धारावाहिक सीआईडी में अपनी पहचान बनाई है। मंच पर वह प्रसिद्ध अभिनेता आर्य बब्बर के साथ नज़र आएंगी, जो इस वर्ष रावण की भूमिका निभा रहे हैं।

## रजनीकांत के 50 सुनहरे साल: प्राइम वीडियो ने दिया यादगार नजराना



**मुंबई।** प्राइम वीडियो ने दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत के शानदार 50 साल के सिनेमाई सफर का जश्न मनाते हुए एक बेहद खास ट्रिब्यूट वीडियो जारी किया है। यह वीडियो रजनीकांत की तमिल एक्शन थ्रिलर कुली के लॉन्च के साथ आया है। इस खास वीडियो में डायरेक्टर लो. केश कनगराज और म्यूजिक कंपोजर अनिरुद्ध भी नजर आ रहे हैं, जिन्होंने रजनीकांत के इस ऐतिहासिक सफर को और यादगार बना दिया है।

वीडियो में रजनीकांत के आइकॉनिक स्टाइल, उनके बेमिसाल ऑन-स्क्रीन प्रेज़ेंस और पीढ़ियों से चले आ रहे उनके फैंस के साथ गहरे कनेक्शन को खूबसूरती से दिखाया गया है। जश्न और वीडियो को और खास बनाने के लिए, प्राइम वीडियो ने चेन्नई भर में एक हाई-इम्पैक्ट बिलबोर्ड कैंपेन भी शुरू किया है। इसमें रजनीकांत के सबसे मशहूर पंचलाइनों को नए अंदाज़ में पेश किया गया है, जो उनके फैंस की तरफ़ से इस लीजेंड को एक अनोखा ट्रिब्यूट है। चेन्नई की सड़कों पर लगे यह बिलबोर्ड पूरे शहर को एक लिविंग कैनवास में बदल देते हैं, जहां हर कोना रजनीकांत के शानदार करियर और उनकी विरासत का जश्न मनाता दिखाई देता है।

कुली अब तमिल में स्ट्रीम हो रही है, साथ ही इसका डब्ड वर्ज़न तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में भी प्राइम वीडियो पर भारत और दुनिया के 240 से ज्यादा देशों व इलाकों में उपलब्ध है। यह फिल्म एक जबरदस्त एक्शन थ्रिलर का अनुभव देती है। जिसमें न्याय, वफादारी और हाई-ऑक्टेन ड्रामा का तड़का है, जो दर्शकों को सीट से बांधे रखता है। रिलीज के बाद से ही कुली दुनिया भर में ट्रेंड कर रही है और 20 से ज्यादा देशों, जिनमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, हांगकांग, यूएई शामिल हैं, वहां टॉप 10 मूवीज़ की लिस्ट में जगह बना चुकी है।

# शाहरुख खान की किंग पर सबकी नजर

### दीपिका पादुकोण ने पौलेंड में शुरू की शूटिंग

### किंग में अक्षय ओबेरॉय की हो सकती है एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने शाहरुख खान के साथ फिल्म किंग की शूटिंग की शुरू कर दी है। दीपिका पादुकोण ने सोशल मीडिया पर एक दिल छू लेने वाला नोट लिखते हुए, शाहरुख खान के साथ अपनी अगली फिल्म किंग की शूटिंग शुरू करने की बात साझा की है। फिल्म किंग दीपिका और शाहरुख की छठी फिल्म है। इससे पहले दोनों कई फिल्मों में साथ नजर आ चुके हैं, जिसकी शुरुआत वर्ष 2007 में प्रदर्शित फिल्म ओम शांति ओम से हुई थी, जो दीपिका का डेब्यू भी था। दीपिका ने शनिवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर किया। दीपिका ने ओम शांति ओम की शूटिंग को याद करते हुए बताया कि शाहरुख ने उन्हें एक सीख सिखाई थी, जिसे वह अब तक लिए गए हर फैसले में अपनाती आ रही हैं। शाहरुख और दीपिका ने वर्ष 2013 में रोमांटिक कॉमेडी चेन्नई एक्सप्रेस, वर्ष 2014 में हैप्पी न्यू ईयर और वर्ष 2023 में रिलीज हुई फिल्म पठान में भी साथ काम किया था। उनकी जोड़ी की आखिरी फिल्म जवान (2023) थी।

उधर, अभिनेता अक्षय ओबेरॉय, शाहरुख खान की आने वाली फिल्म किंग में काम करते नजर आ सकते हैं। अक्षय ओबेरॉय ने सोशल मीडिया पर यह शेयर करके इंटरनेट पर हलचल मचा दी कि वह पोलैंड के लिए रवाना हो रहे हैं। सबका ध्यान इस बात पर गया कि शाहरुख खान की बहुचर्चित फिल्म किंग की शूटिंग भी इस समय पोलैंड में हो रही है। हालांकि अक्षय की तरफ़ से अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन समय और जगह के मेल ने फैन्स को उत्साहित और जिज्ञासु बना दिया है। फैन्स ने तुरंत कयास लगाने शुरू कर दिए कि अक्षय शायद इस बहुप्रतीक्षित एक्शन-थ्रिलर की स्टार कास्ट का हिस्सा बनने जा रहे हैं। इन अटकलों को और मज़बूती देता है अक्षय का किंग के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद के साथ पुराना रिश्ता। दोनों पहले फ़ाइटर और फ्लेश जैसी प्रोजेक्ट्स पर साथ काम कर चुके हैं और उनकी अच्छी ट्यूनिंग से ये संभावना और बढ़ जाती है कि अक्षय को किंग के लिए लिया जा सकता है। फिलहाल, फैन्स को इंतज़ार करना होगा कि क्या अक्षय ओबेरॉय सच में शाहरुख खान के इस बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा बनते हैं या नहीं।


## प्रियंका को मिला सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट अवार्ड

**यशोदा श्रीवास्तव**

पिछले दिनों अयोध्या में आयोजित पूर्वांचल ब्यूटी अवार्ड शो में सेलिब्रेटी मेकप आर्टिस्ट अवार्ड से सम्मानित प्रियंका जायसवाल ने यह साबित कर दिया कि प्रतिभाएं केवल शहरों और कुछ परंपरागत घरानों से ही नहीं निखरती। छोटे से कस्बे बृजमनगंज की बहु प्रियंका जायसवाल ने सिलेब्रिटी मेकप की दुनिया में मुकाम हासिल कर न केवल बृजमनगंज बल्कि जनपद महराजगंज (उत्तर प्रदेश) का मान बढ़ाया है। प्रियंका जायसवाल के खाते में मेकप एचीवमेंट का ढेर सारा अवार्ड है। वे इसका कभी गुमान नहीं की। वे सुर्खियों में अयोध्या के होटल कोहिनूर में आयोजित बड़े ब्यूटी अवार्ड शो में परिधि शर्मा के हाथों मिले अवार्ड के बाद आईं। परिधि शर्मा मशहूर टीवी आर्टिस्ट हैं। टीवी सीरियल जोधा अकबर में वे जोधा की भूमिका में थीं। प्रियंका जायसवाल को अपने हाथों अवार्ड देते वक्त उन्होंने कहा कि वे जानती हैं कि ब्यूटीशियन कितनी मेहनत से इस मुकाम तक पहुंचती हैं। जोधा के रूप में मेरी कामयाब रोल के पीछे प्रियंका जैसी ही मेहनती और अपनी कला में पारंगत कोई ब्यूटीशियन ही हैं जिसने अपनी मेकप आर्ट के हुनर से मुझे जोधा के रूप में प्रस्तुत किया। प्रियंका जायसवाल अब एक कामयाब सेलीब्रिटी मेकप आर्टिस्ट हैं। गोरखपुर की रहने वाली प्रियंका को यह हुनर उनकी मां से हासिल हुआ जो एक ब्यूटीशियन थीं। अब वे अपने ससुराल बृजमनगंज में रह रही हैं। उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले के इस छोटे कस्बे में उनका एक शानदार मेकप स्टूडियो है जहां वे बच्चियों को ट्रेनिंग भी देती हैं। वे अपनी कामयाबी के पीछे पति गौरव जायसवाल और अपने सास ससुर को देती हैं। कहती हैं कि मां से मिला यह हुनर फ्लॉप हो जाता यदि ससुराल में प्रोत्साहन न मिलता। उनका यह भी मानना है कि प्रतिभाओं को यदि सहारा न मिले तो वे जहां तहां धरी रह जाती हैं।



**हेयर स्टाइलिस्ट जावेद हबीब से सम्मानित होती प्रियंका।**



अपूर्व लाखिया ने सलमान के साथ बातचीत की एक तस्वीर शेयर की। उन्होंने लिखा, 45 दिन पूरे हुए। उन्होंने शूटिंग लोकेशन से भी कई तस्वीरें शेयर की। बैटल ऑफ गलवान में सलमान खान के साथ चित्रांगदा सिंह भी अहम भूमिका में हैं।



# सलमान ने पूरी की बैटल ऑफ गलवान की शूटिंग

> यह फिल्म 2020 की गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई भयानक लड़ाई के समय में फिर से लेकर जाती है। उस समय सीमा पर हुआ यह एक दुर्लभ संघर्ष था, जिसमें सैनिकों ने बिना किसी हथियार के लड़ाई लड़ते हुए जान गंवाई थी।

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने अपनी आने वाली फिल्म बैटल ऑफ गलवान की शूटिंग सिर्फ 45 दिनों में पूरी कर ली है। अपूर्व लखिया के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2020 की गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई भयानक लड़ाई के समय में फिर से लेकर जाती है।

उस समय सीमा पर हुआ यह एक दुर्लभ संघर्ष था, जिसमें सैनिकों ने बिना किसी हथियार के लड़ाई लड़ते हुए जान गंवाई थी। सैनिकों ने लाठी और पत्थरों से आमने-सामने की लड़ाई लड़ी थी, जिससे यह हाल के भारतीय इतिहास की सबसे ज्यादा भावनात्मक कहानियों में से एक बनकर सामने आई। अपनी दमदार कहानी और कमाल की स्टार कास्ट के साथ बैटल ऑफ गलवान हाल के सालों में भारतीय सेना को समर्पित सबसे असरदार सिनेमाई श्रद्धंजलि बनने जा रही है।

सलमान खान ने फिल्म बैटल ऑफ गलवान की शूटिंग 45 दिनों के शेड्यूल में अच्छी तरह से पूरी कर ली है। ऐसे में निर्देशक अपूर्व लाखिया ने सोशल मीडिया पर फिल्म के सेट के कुछ खास पर्दे के पीछे के लम्हों को साझा किया है। अपूर्व ने सलमान के साथ बातचीत की एक तस्वीर शेयर की। उन्होंने लिखा, 45 दिन पूरे हुए। उन्होंने शूटिंग लोकेशन से भी कई तस्वीरें शेयर की। बैटल ऑफ गलवान में सलमान खान के साथ चित्रांगदा सिंह भी अहम भूमिका में हैं।

# होमबाउंड ने आस्कर में बनाई जगह



**मुंबई।** युवा अभिनेता विशाल जेठवा अपनी फिल्म होमबाउंड को 98वें अकादमी अवॉर्ड्स ऑस्कर में बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री के तौर पर चुने जाने को लेकर बेहद खुश हैं। विशाल जेठवा ने कहा, यह पल मेरे लिए बिल्कुल अविश्वसनीय है। यह वही खबर है जिसका हर अभिनेता एक दिन सपना देखता है। यह जानकर कि होमबाउंड दुनिया के सबसे बड़े सिनेमा मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व कर रही है, मेरे लिए मेरी फिल्मी यात्रा की शुरुआत से परे एक अनुभव है।

मैं निर्देशक नीरज घेवन का बेहद आभारी हूं, जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया और मुझे ऐसा रोल दिया जिसने मुझे न केवल बतौर कलाकार बल्कि बतौर इंसान भी बदल दिया। ईशान खट्टर और जान्हवी कपूर के साथ काम करना भी खास रहा -वे सिर्फ सह-अभिनेता नहीं बल्कि सहयोगी साथी थे, जिन्होंने हर सीन को अपनी ऊर्जा और उदारता से बेहतर बनाया।

विशाल ने कहा, यह सम्मान सिर्फ मेरे लिए एक उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरी टीम की मेहनत, जुनून और भारतीय कहानियों की ताकत का प्रमाण है। मुझे गर्व है कि मैं ऐसी फिल्म का हिस्सा हूं जो हमारी संस्कृति और दिल को अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक ले जाती है। इतने शानदार कलाकारों के साथ खड़े होकर और अपने देश का नाम दुनिया के सामने रोशन करना बहुत विनम्र और प्रेरणादायक अनुभव है और मैं आगे के सफर के लिए उत्साह और आभार से भरा हूं। नीरज घेवन के निर्देशन में बनी होमबाउंड को पहले ही अंत. रराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल्स में अपनी संवेदनशील कहानी और शानदार अभिनय के लिए सराहना मिल चुकी है।

यह फिल्म दो बचपन के दोस्तों की कहानी है, जो एक उत्तर भारतीय गांव से पुलिस की नौकरी पाने का सपना देखते हैं, लेकिन जैसे-जैसे वे अपने लक्ष्य के करीब आते हैं, लालच और निजी टकराव उनकी दोस्ती की परीक्षा लेने लगते हैं। धर्मा प्रोडक्शन्स द्वारा निर्मित होमबाउंड अब अपने ऑस्कर अभियान की शुरुआत कर रही है, जिसका उद्देश्य भारत को एक और ऐतिहासिक जीत के करीब लाना है। ईशान खट्टर, जान्हवी कपूर और विशाल जेठवा अभिनीत यह फिल्म 26 सितम्बर को सिनेमाघरों में रिलीजज होगी।

WALK IN INTERVIEW
Required: Staff For D.El.Ed.(B.T.C.)
Principal / H.O.D - 01
Lecturer For: Hindi, English, Sanskrit, Maths, Science, Urdu, Foundation, Phy. Edu., Music & fine Arts, Social Science.
Qualification and Salary:
As per NCTE Regulation 2014/ SCERT U.P./U.P. Govt. Norms
Appear for Interview on 29/09/2025 at 10:00 AM with Resume & Original Document with Colour Photograph in the Department of D.El.Ed.(B.T.C.)
ISLAMIA DEGREE COLLEGE DEOBAND
Email: idcdeoband@gmail.com
Mob: 9045143298, 8755525452
Add: Near Indra Park, Deoband, Saharanpur (247554)

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108